धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सुप्रभात
रांची, रविवार
01.09.2024
** नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net
भादो, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 53




12 फिल्म बिन्नी एंड फैमिली का ट्रेलर रिलीज

## कांटाटोली फ्लाईओवर अब अंतिम चरण में



## रेलवे ब्रिज का सेंटरिंग गिरा दो की मौत, कई घायल

### करीब छह मजदूर सरिया के नीचे दब गये थे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** टंडवा में निमार्णाधीन शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाईन निर्माण में लगी इरिकॉन कंपनी के बुकरू गांव स्थित ब्रिज संख्या 102 का सरिया खिसकने से दो मजदूरों की मौत हो गयी। ब्रिज निर्माण कार्य में लगे डेढ़ दर्शन मजदूरों में से आधा दर्जन मजदूर सरिया के नीचे दब गये। हादसे के बाद अन्य मजदूरों ने सहारे सरिया के नीचे दबे मजदूरों को किसी तरह बाहर निकालने का प्रयास किया। कुछ मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया लेकिन सरिया के बीच में दब जाने के कारण दों मजदूरों की मौके पर मौत हो गयी।

गंभीर रूप से घायल दो मजदूरो को आनन-फानन में इलाज के लिए सिमरिया रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। मृतक मजदूर की पहचान बुकरू गांव निवासी बेचन भुइयां तथा लेम्बुआ गांव निवासी सकेंद्र साहू के रूप में की गयी। घायल मजदूर की पहचान बुकुर गांव निवासी दुर्गेश भुईयां के रूप में की गयी। घटना के बाद जहां एक और मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। (शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी रांची पहुंची, बैठक शुरू

**रांची।** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की ओर से गठित स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोड़ानकर और सदस्य प्रकाश जोशी और पूनम पासवान शनिवार को रांची पहुंचे। रांची में पार्टी नेताओं संग बैठक शुरू हो गयी। रांची पहुंचने पर केशव महतो कमलेश, मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू ,पूर्व सांसद अजय कुमार, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने बुके देकर उनका स्वागत किया।

### हजारीबाग में भी भर्ती दौड़ में एक की मौत

**हजारीबाग।** राज्य के उत्पाद विभाग की सिपाही भर्ती अब में कई लोगों की मौत हो चुकी है। हजारीबाग में एक सप्ताह के अंदर दो अभ्यर्थी की मौत दौड़ लगाने के दौरान हो गयी। पलामू में भी तीन की मौत हो चुकी है। हजारीबाग में सिपाही भर्ती की फिजिकल परीक्षा में भाग लेने आये गिरिडीह निवासी सूरज कुमार वर्मा की मौत दौड़ लगाने के दौरान हो गयी। 23 अगस्त को महेश कुमार मांडू निवासी की भी मौत दौड़ लगाने के दौरान हो गयी थी।

### चौहान ने बाबा बैद्यनाथ पर किया जलाभिषेक

**देवघर।** केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान शनिवार को देवघर पहुंचे। उन्होंने पत्नी के साथ बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और जलाभिषेक किया। श्री चौहान ने बाबा से देश और राज्य के विकास के साथ अमन-चैन और खुशहाली की कामना की। शिवराज सिंह चौहान देवघर के नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी व रणनीति को लेकर मंथन करेंगे।

### बंगाल में सख्ती से लागू हो कानून : अन्नपूर्णा

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखे एक पत्र में कहा है कि राज्य में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध रोकने के लिए केंद्रीय कानूनों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। सीएम ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को पत्र भेजा था। जवाव में केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि दुष्कर्म और महिलाओं के खिलाफ अन्य अपराधों के शीघ्र निपटान के लिए केंद्रीय कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए।

### आठ से अमेरिका की यात्रा पर जायेंगे राहुल

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आठ सितंबर से अमेरिका की यात्रा पर जा रहे हैं। उनकी यह यात्रा तीन दिन की होगी। जहां वह टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्राओं और शिक्षाविदों के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से बातचीत करेंगे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 87000 रु./प्रति किलो |




### भाजपा में आते ही बोले लोबिन, बदल रही संथाल की डेमोग्राफी

## झामुमो अब गुरुजी वाली पार्टी नहीं, तीर-धनुष में भी दम नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीता-गीता और चंपई सोरेन के बाद के बाद लोबिन हेंब्रम और मधु कोड़ा भी शनिवार को भाजपायी हो गये। बोरियो के पूर्व विधायक झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम तीर-धुनष का साथ छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में मंच से ही लोबिन ने कहा, झामुमो अब न तो शिबू सोरेन वाली पार्टी रही और न ही तीर-धनुष में पहले जैसा दम बचा है। आज पार्टी के मूल आदर्शों को विलुप्त कर दिया है। वहां वरिष्ठ और पुराने नेताओं का अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेएमएम को सजाने और संवारने का काम ईमानदारी से किया है। बोरियो के पूर्व विधायक झारखंड विधानसभा चुनाव (भाजपा) के सह प्रभारी हिमंता विश्वा सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, विधायक सीता सोरेन, पूर्व सीएम मधु कोड़ा ने साझा रूप से भाजपा की सदस्यता ग्रहण करायी।



**गुरुजी के प्रति आज भी वही सम्मान**

लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि वे बचपन से लेकर 2024 तक झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए समर्पित रहा। दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने हाथ पकड़ कर उन्हें राजनीति सिखाया। उन्होंने यह भी सिखाया कि जहां भी गलत हो रहा हो, उसका विरोध किया जाना चाहिए. मैंने इसे अपनी आदतों में बनाये रखा। झामुमो में रहते भी ऐसा किया। आज भी गुरुजी के प्रति मेरे दिल में वही सम्मान है।

**झामुमो को सिर्फ वोट बैंक की चिंता :** नयी पार्टी में आते ही घुसपैठ मामले में लोबिन ने कहा कि संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों का कब्जा है। घुसपैठिये आदिवासियों की जमीन छीन रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में लव जिहाद चल रहा है। (शेष पेज 11 पर)

### नयी परिवहन नीति ने सड़क सुरक्षा बढ़ेगी : गडकरी

## हल्के व भारी वाहनों में सीट बेल्ट अलार्म जरूरी

### कड़े नियम लागू करेगी केंद्र सरकार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक नयी ट्रांसपोर्ट पॉलिसी की घोषणा की है। इससे अगले दो वर्षों में दो महत्वपूर्ण बदलाव लागू होंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, 2025 से हल्के वाहनों और 2026 से भारी वाहनों के लिए नये नियम प्रभावी होंगे, जिनसे सड़क हादसों में कमी आने की संभावना है। नयी नीति के अनुसार हल्के वाहनों में



सीट बेल्ट और अलार्म सिस्टम अनिवार्य होंगे। भारी वाहनों के लिए भी कुछ अनिवार्य प्रावधान लागू होंगे। साथ ही सड़क इंजीनियरिंग में सुधार किया जायेगा। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि इस नयी नीति से से उम्मीद है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। सड़क सुरक्षा मानकों को और मजबूत किया जायेगा।

**हल्के वाहनों में फ्रंट-बैक सीट बेल्ट अलार्म**

31 मार्च 2025 के बाद बने हल्के निजी और सार्वजनिक वाहनों में फ्रंट और बैक सीट्स के लिए सीट बेल्ट अलार्म सिस्टम को अनिवार्य कर दिया जायेगा। हालांकि, पिछली सीटों पर बैठने वालों के लिए सीट बेल्ट लगाना पहले से ही अनिवार्य है। इसका उल्लंघन करने पर 1,000 रुपए का चालान होता है, लेकिन सभी वाहनों में अलार्म सिस्टम का होना जरूरी नहीं था। (शेष पेज 11 पर)

### महिलाओं से हिंसा, बच्चों की सुरक्षा चिंता का विषय : मोदी

## महिलाओं को शीघ्र न्याय जरूरी, तभी होगा भरोसा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कोलकाता रेप कांड का मामल इस समय देश में काफी गर्माया हुआ है। इस बीच पीएम मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा पर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों में जल्दी न्याय होना बहुत जरूरी है, ताकि महिलाओं को अपनी सुरक्षा पर अधिक भरोसा हो सके। ऐसे में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में शीघ्र न्याय जरूरी है। उन्होंने कहा, देश के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट या न्यायपालिका पर कभी कोई अविश्वास नहीं दिखाया। पीएम मोदी शनिवार को दिल्ली के भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ भी मौजूद थे।

**महिलाओं पर अत्याचार चिंता का विषय**

पीएम मोदी ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में जितनी तेजी से न्याय मिलेगा, आधी आबादी को अपनी सुरक्षा के बारे में उतना ही अधिक भरोसा होगा। महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए कई कड़े कानून हैं और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए आपराधिक न्याय प्रणाली के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

**महिलाओं की सुरक्षा सवोपरि :** पीएम मोदी ने कहा कि स्वस्थ समाज में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। देश का नया आपराधिक कानून नागरिकों और न्याय को सर्वोपरि रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

महिला सुरक्षा के मुद्दे पर कई कड़े कानून बनाये गये हैं। कोलकाता रेप-मर्डर केस के बाद देश भर में महिलाओं पर अपराध के खिलाफ और सख्त कानून बनाने की मांग उठ रही है।



### सुप्रीम कोर्ट के 75 साल पर डाक टिकट जारी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में डाक टिकट और सिक्का जारी किया। इस मौके पर सीजेआई डीवाइ चंद्रचूड़ और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल उपस्थित थे। इस मौके पर पीएम ने कहा, भारत के लोगों ने कभी भी सुप्रीम कोर्ट या न्यायपालिका पर कोई अविश्वास नहीं दिखाया है। सुप्रीम कोर्ट के 75 साल, यह सिर्फ एक संस्था की यात्रा नहीं है। यह भारत के संविधान और उसके संवैधानिक मूल्यों की यात्रा है। यह लोकतंत्र के रूप में भारत के और अधिक परिपक्व होने की यात्रा है। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि सुप्रीम कोर्ट ने हमारी संस्था में हमारे विश्वास और भरोसे को बरकरार रखा है।

### न्यायपालिका संविधान की संरक्षक

मोदी ने कहा कि न्यायपालिका को संविधान का संरक्षक माना जाता है और उच्चतम न्यायालय एवं न्यायपालिका ने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है। उन्होंने सीजेआइ डी वाई चंद्रचूड़ की उपस्थिति में कहा कि आपातकाल के काले दौर में भी न्यायपालिका ने मौलिक अधिकारों को बनाये रखने में अहम भूमिका निभायी। न्यायपालिका ने हमेशा राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए देश की अखंडता की रक्षा की है। पीएम ने डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी की भूमिका को अहम करार दिया, जिसमें डिस्ट्रिक्ट जज, डीएम और एसपी शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि कमेटी को और सक्रिय करने की जरूरत है।

## आयातित नेता बन गये झारखंड भाजपा के तारणहार

### कोड़ा का साथ मिलते ही पांच पूर्व सीएम की पार्टी बन गयी भाजपा

**सुधीर**

**रांची।** झामुमो के बागी नेता और पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम तथा राज्य के पूर्व सीएम मधु कोड़ा शनिवार को भाजपा में शामिल हो गये। इसके साथ पांच पूर्व मुख्यमंत्रियों की पार्टी बन गयी भाजपा। इनके लिए प्रदेश मुख्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में जो लोग मौजूद थे और जिन्होंने लोबिन और कोड़ा को भाजपा में जिन नेताओं ने शामिल कराया उनमें सभी सब के सब इंपोर्टेड नेता थे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, पूर्व सीएम मधु कोड़ा, पूर्व सीएम चंपई सोरेन, शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन से लेकर असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा में से एक भी खांटी भाजपाई नहीं दिखे।



**बाबूलाल मरांडी :** भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को झारखंड का पहला मुख्यमंत्री बनाया, लेकिन बाद खुद को उपेक्षित महसूस करते हुए उन्होंने 2006 में अपनी पार्टी जेवीएम बना ली। प्रदीप यादव, दीपक प्रकाश, रवींद्र राय जैसे भाजपा के कई नेताओं को भी वे भाजपा से तोड़कर अपने साथ ले गये। फिर 14 साल तक के भाजपा को डैमेज करते रहे। भाजपा की नीतियों-सिद्धांतों की बुराई करते रहे। 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद अचानक उनका का ह्दय परिवर्तन हुआ और उन्हें मोदी-शाह अच्छे लगने लगे। भाजपा में शामिल हो गये।

**हिमंता बिस्वा सरमा :** असम के सीएम हेमंता बिस्वा सरमा अभी नॉर्थ ईस्ट में थ्भाजपा के सबसे बड़े नेता हैं। पहले कांग्रेस में थे और तरुण गोगोई सरकार में मंत्री थे। (शेष पेज 11 पर)

**अपनों पर भरोसे में कमी**

ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर भाजपा संगठन में पहले जो फर्स्ट लाइन में हुआ करते थे, उन्हें सेकेंड सा साईड लाइन में कर दिया गया है। खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा जैसे वरीय आदिवासी नेता और सीपी सिंह जैसे वरिष्ठ नेताओं को संगठन में पीछे धकेल दिया गया है। शायद भाजपा को अपने नेताओं में काबिलियत नजर नहीं आती है। यही कारण है कि आयातित नेताओं पर ज्यादा भरोसा करने लगी है।

### हरियाणा विस चुनाव की तारीख बदली

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीख बदल गयी है। हरियाणा में पहले 1 अक्टूबर 2024 को वोटिंग होनी थी, जो कि 5 अक्टूबर 2024 को होगी। वोटों की गिनती अब 8 अक्टूबर को होगी, पहले 4 अक्टूबर को होनी थी।

### असना तूफान से भारी बारिश की आशंका

**नयी दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को चक्रवाती तूफान असना के आने के कारण गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक तटों पर भारी बारिश और तूफानी हवाओं की चेतावनी जारी की है। तूफान के कारण अरब सागर के ऊपर पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और एक सितंबर की सुबह तक इसकी तीव्रता बने रहने की उम्मीद है।

## खबर एक नजर में

### डीजीपी से मिले जनरल विकास भारद्वाज



रांची। झारखंड और बिहार सब एरिया के जीओसी जनरल विकास भारद्वाज ने झारखंड पुलिस के डीजीपी अनुराग गुप्ता से मुलाकात की। शनिवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में यह मुलाकात हुई। इस दौरान जनरल विकास भारद्वाज ने झारखंड के सेवारत और सेवानिवृत्त भारतीय सेना कर्मियों की प्रमुख चिंताओं और उनके समाधान के लिए उत्तरदायी तंत्र के तौर-तरीकों पर चर्चा की। इसके अलावा सुरक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया।

### लिंकेज कोयला घोटाला : इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

रांची। कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट सुनवाई पूरी हो चुकी है। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि इजहार अंसारी को ईडी ने 70 करोड़ के लिंकेज कोयला में गड़बड़ी करने के मामले में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी से पहले मार्च 2023 में ईडी ने इजहार के हजारीबाग स्थित घर पर छापेमारी भी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने उसके घर से 3.58 करोड़ नकद बरामद किये थे। आईएएस पूजा सिंघल और उनके सीए सुमन कुमार के घर से मिले दस्तावेजों की जांच के आधार पर ईडी ने इजहार अंसारी के घर पर छापा मारा था।


कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा।
आवश्यक सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निकाली गई अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-14/2024-25 जिसका पी0आर0 संख्या-333770 Building(24-25).D है। जिसे अपरिहार्य कारण वश रदद् किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा।
PR 334280 Building(24-25)D



कार्यालय,कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

शुद्धि-पत्र

पी.आर. सं०-333697 Minor Irrigation(24-25)_D के द्वारा प्रकाशित इस कार्यालय के ई. निविदा आमंत्रण सूचना सं.-MID/GUMLA/F$_2$-22/2024-25 में अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार तिथि संशोधित की जाती है:-

| | |
|---|---|
| Date of Publication of E - Tender on website | 30.08.2024 at 9.00 AM |
| Last date/Time for submission of E-Tender BID's and Last Date for online Submission of Tender fee and EMD | 05.09.2024 up to 5:00 PM |
| Date of Opining Tender | 09.09.2024 at 2:00 PM |

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला
PR 334315 Minor Irrigation(24-25).D



Govt. of Jharkhand
Energy Department
Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)
3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.
Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165,
E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

e-Procurement Notice
Tender reference no.: 13/JREDA/SPP/ES/24-25
Dated: 30.08.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Request for Proposal (RFP) for Design, Engineering, Procurement & Supply, Construction, Commissioning and Comprehensive Operation & Maintenance of Cumulative 05 MW (AC) Grid Connected Ground Mounted Solar Power Plant, for a period of 25 years on Government Land at East Singhbhum District of Jharkhand. |
| 2 | Estimated Cost | Rs. 43.93 Crores. |
| 3 | Time of completion | 12 (Twelve) Months |
| 4 | Date of publication of NIT on website: http://jharkhandtenders.gov.in | 02.09.2024 (Monday) |
| 5 | Date & time of Pre-bid meeting | 06.09.2024 (Friday) at 1.00 P.M. |
| 6 | Last date & time for receipt of online bids | 23.09.2024 (Monday) up to 05:00 PM |
| 7 | Submission of Bid fee and EMD through Online Via SBI Payment Gateway of Jharkhand Tenders. | 23.09.2024 (Monday) up to 05:00 PM |
| 8 | Technical Bid Opening Date | 25.09.2024 (Wednesday) at 3.00 P.M. |
| 9 | Name & address of office inviting tender | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency(JREDA) 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) |
| 10 | Contact no. of procurement officer | 0651-2491167/68/61/7903935514 |
| 11 | Helpline no. of e-procurement | 0651-2491167/68/61 |

Any corrigendum/addendum can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com. Further details can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com

Sd/-
Director,
JREDA, Ranchi
PR 334239 Energy (24-25)_D


## जमीन घोटाला

### इरशाद की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

रांची। बड़गाईं अंचल की 8.86 एकड़ जमीन के कथित घोटाला मामले में मो. इरशाद की जमानत याचिका पर शनिवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने ईडी को चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इससे पहले मो. इरशाद ने रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी लेकिन कोर्ट ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ज्ञात हो कि ईडी ने इसी साल 16 अप्रैल को मो. इरशाद, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और झामुमो के नेता अंतु तिर्की को गिरफ्तार किया था। इन सभी के खिलाफ अदालत में ईडी चार्जशीट भी दाखिल कर चुकी है। मामले में ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी गिरफ्तार किया था। हाईकोर्ट ने 28 जून को हेमंत सोरेन को जमानत दे दी थी लेकिन अदालत ने इस कथित घोटाले में मुख्यमंत्री की संलिप्तता पर सवाल उठाया था।

## चंपई सोरेन से उनके आवास पर मिले असम के मुख्यमंत्री

# आइए असम, कराते हैं मां कामख्या देवी के दर्शन : हिमंता बिस्वा सरमा

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात करने के लिए शनिवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा मोरहाबादी मैदान स्थित आवास पर पहुंचे। इस मुलाकात के दौरान नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी उनके साथ थे। यह मुलाकात चंपई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने के बाद पहली बार हुई है। इस दौरान असम के सीएम हिमंत ने चंपई सोरेन से कहा कि आप असम आइए, आपको मां कामख्या देवी के दर्शन कराते हैं। इस दौरान के बीच झारखंड जीतने को लेकर कई मुद्दों पर लंबी बातचीत हुई।

बताते चलें कि चंपई सोरेन ने इससे पहले शुक्रवार को अपने संबोधन में झारखंड मुक्ति मोर्चा और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अप्रत्यक्ष रूप से चुनौती दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी है और झारखंड में आदिवासियों पर अत्याचार किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सोरेन ने बीजेपी में शामिल होने के अपने फैसले को आदिवासी परंपरा को बचाने के प्रयास के रूप में बताया। सोरेन ने दिल्ली में हुई जासूसी का भी जिक्र करते हुए कहा कि उनके खिलाफ जासूसी कराई गई, जो उन्हें निराश करता है। उन्होंने कहा कि वह दिल के साफ व्यक्ति हैं और यह उम्मीद नहीं करते थे कि झारखंड के लिए आंदोलन करने वाले के साथ ऐसा व्यवहार किया जाएगा।

**चंपाई सोरेन की बीजेपी में शामिल होने के कारणों का खुलासा** : चंपई ने बीजेपी में शामिल होने के पीछे के कारणों को बताते हुए कहा कि देश में केवल दो प्रमुख पार्टियां हैं-भाजपा और कांग्रेस। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन के दौरान सबसे अधिक गोलीबारी कांग्रेस ने की थी। वर्तमान में झारखंड की स्थिति आदिवासियों की अस्मिता का सवाल है। इसलिए उन्होंने बीजेपी में शामिल होकर आदिवासियों की परंपरा और उनके अधिकारों की रक्षा करने का निर्णय लिया है। चंपाई ने दावा किया कि कांग्रेस कभी भी आदिवासियों के हित में नहीं रही। यही कारण है कि उन्होंने बीजेपी का समर्थन किया है।

## उत्पाद सिपाही नियुक्ति दौड़ में छह अभ्यर्थियों की मौत पर भाजपा की प्रतिक्रिया

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी युवाओं को नौकरी बांट रहे हैं या मौत : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उत्पाद सिपाही भर्ती की अधिसूचना 8 अगस्त को निकली, 14 अगस्त को एडमिट कार्ड दिया गया और शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए 22 अगस्त से दौड़ का आयोजन शुरू किया गया। ऐसे में महज 15 दिनों में अभ्यर्थी दौड़ की क्या तैयारी करेंगे? सरकार द्वारा आपाधापी में भादो की उमस भरी गर्मी में दौड़ आयोजित कराने के कारण ही छह बेरोजगार युवक मौत के मुंह में समा गए। सरकार ने भर्ती केंद्रों पर न तो पीने के पानी की व्यवस्था की, न शौचालय की और न ही महिलाओं द्वारा छोटे बच्चों को स्तनपान कराने की कोई व्यवस्था है। ऐसी कुव्यवस्था से तो बेरोजगार युवा मरेंगे ही! कहा कि हेमंत जी, लगता है आपने नौकरी नहीं, बल्कि मौत बांटने का इंतजाम किया है। जनता को बताइए कि आखिर इन छह बेरोजगार युवकों की मौत का जिम्मेवार कौन है? राज्य सरकार छह बेरोजगार युवकों के मौत की न्यायिक जांच कराए और मृत युवकों के आश्रितों को उचित मुआवजा तथा सरकारी नौकरी उपलब्ध कराए।

**मृतक के परिजनों को मुआवजा दे सरकार** : नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि उत्पाद विभाग की भर्ती प्रक्रिया में छात्रों को 1 घंटे में 10 किलोमीटर की दौड़ पूरी करनी होती है। इस दौड़ में कई अभ्यर्थी बीमार पड़ रहे हैं, वहीं बच्चों की मौत भी हो चुकी है। बाउरी ने उत्पाद विभाग की भर्ती पर कहा कि यह राज्य सरकार का तुगलकी फरमान ही है कि पहले तो 5 वर्ष में नौकरी का वादा पूरा नहीं कर सके और जब युवाओं का आक्रोश सड़कों पर दिखा और विपक्ष का दबाव बढ़ा तो आनन-फानन में उत्पाद सिपाही की भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी। राज्य के युवा सरकारी नौकरी को पाने के लिए अपने जान दांव पर लगाने तक को विवश हैं, जबकि राज्य सरकार की संवेदना मर चुकी है। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार से मांग किया कि इस दौड़ में जितने भी छात्रों की मौत हुई है उनके परिजनों को अविलंब मुआवजा प्रदान करें और एक मेडिकल टीम गठित कर इस दौर में सही मानकों की प्रक्रिया को पूरा करें, उनके बाद ही दौड़ करवाये।

## सुरक्षा बलों को मिली सफलता, चाईबासा के जंगल से दो आईईडी हुआ बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

चाईबासा। प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) नक्सली संगठन के शीर्ष नेताओं के खिलाफ चल रहे अभियान में सुरक्षा बलों ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से प्लांट किए गए दो आईईडी बम बरामद किए गए है। एक्सपर्ट्स की मदद से आईईडी को नष्ट कर दिया गया। 31 अगस्त को टोन्टो थानान्तर्गत चिड़ियाबेड़ा और सरजोमबुरू के बीच जंगली व पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये दो आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइसेस) बरामद किए। बरामद किए गए आईईडी में से एक का वजन 10 किलोग्राम और दूसरे का वजन 5 किलोग्राम था।

**एक साल से चल रहा अभियान**

गौरतलब हो कि मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, चमन, अजय महतो, सागेन अंगरिया और अश्विन के कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय होने की सूचना पुलिस को है। संयुक्त अभियान में चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, 205 बटालियन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ की विभिन्न बटालियनें शामिल हैं। अभियान गोईलकेरा थाना के ग्राम कुईड़ा, छोटा कुईड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा, बोयपाईससांग, कटंबा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह और टोन्टो थानांतर्गत ग्राम हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुइया के सीमावर्ती क्षेत्रों में चल रहा है।

## कोल्हान की सात सीटों पर बीजेपी का पताका लहराने की कवायद

खबर मन्त्र ब्यूरो



**यहां है कमल खिलने की उम्मीद**
- जुगसलाई विधानसभा सीट
- जगरनाथपुर विधानसभा सीट
- मनोहरपुर विधानसभा सीट
- चक्रधरपुर विधानसभा सीट
- ईचागढ़ विधानसभा सीट
- जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट
- सरायकेला विधानसभा सीट

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी चुनाव को लेकर गंभीर हो गयी है। राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ और डेमोग्राफी चेंज का मुद्दा उठाकर संथाल में बेहद मजबूत झारखंड मुक्ति मोर्चा को भाजपा कमजोर करना चाहती है तो दूसरी ओर कोल्हान फतह भाजपा ने प्राथमिकता दी है।

रिकॉर्ड के मुताबिक कोल्हान में बीजेपी 14 विधानसभा सीटें हार गई थी। अब वहां बाजी पलटने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन जब वर्ष 2019 विधानसभा चुनाव के परिणाम का नजदीकी विश्लेषण की बात की जाये तो कोल्हान की 14 में से कम से कम 07 सीटें ऐसी हैं जहां के परिणाम बहुत कुछ तत्कालीन राजनीतिक स्थिति-परिस्थिति पर निर्भर है। 2019 में आजसू, जेवीएम और तत्कालीन भाजपा सरकार के खिलाफ माहौल ने कोल्हान में भाजपा को जीरो पर आउट कर दिया था।

झारखंड की राजनीति को नजदीक से देखने और समझने वाले जानकारों का कहना है कि कोल्हान में भाजपा उतनी कमजोर भी नहीं है जितना महागठबंधन के नेता बताते हैं। यह मान्य होगा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में कोल्हान में भाजपा का खाता नहीं खुला था, लेकिन सच्चाई है कि कोल्हान के 14 में से 12 विधानसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी दूसरे नंबर पर रही थी, जबकि एक सीट पर आजसू और एक सीट पर बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा के उम्मीदवार दूसरे नम्बर पर रहे थे।

# विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस से जुड़ रहे हैं लोग : केशव महतो कमलेश

## कांग्रेस मिलन समारोह में दर्जनों लोगों ने थामा कांग्रेस को दामन

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में शनिवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पलामू से भाजपा नेता लालसूरज सिंह, रांची से चेतना सागर, डॉक्टर पी नैय्यर, एडवोकेट खुर्शीद आलम,मीरा हमीद महुआडाड़, लातेहार से शशि पन्ना ने सैकड़ो लोगों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव की उपस्थिति में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर केशव महतो कमलेश ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को माला एवं अंगपट्टिका पहनाकर सदस्यता ग्रहण करायी। इसके पश्चात सदस्यता ग्रहण करने वाले नवागंतुको का स्वागत करते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस अपने नीतियों सिद्धांत के बल पर देश में गौरवशाली इतिहास कायम किया है। देश की आजादी से लेकर देश के निर्माण में कांग्रेस का काफी योगदान रहा है। आज जिन लोगों ने भी कांग्रेस से जुड़ने का निर्णय लिया है वह किसी स्वार्थवश नहीं बल्कि कांग्रेस विचारधारा से प्रभावित होकर जुड़े है। इसका सकारात्मक परिणाम आने वाले विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस परंपराओं का पालन करने में विश्वास करती है और आज युवा वर्ग का झुकाव कांग्रेस की ओर हो रहा है। निश्चित रूप से झारखंड में आने वाले समय में एक ऐतिहासिक चुनाव परिणाम में युवा वर्ग की सहभागिता रहेगी।

**कांग्रेस ने आदिवासियों को दिया अधिकार : रामेश्वर**

विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास जनता के विकास के लिए है, उनके अधिकारों की रक्षा के लिए है। कांग्रेस ने आदिवासियों को अधिकार दिया है। संवैधानिक प्रावधानों के दायरे में उनके विकास की व्यवस्था की गई है। जब इस देश में संविधान की परिकल्पना की जा रही थी तब आदिवासी-दलित के शैक्षणिक,आर्थिक विकास के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई। कांग्रेस विकास एवं जोड़ने की बात करती है, जबकि भाजपा तोड़ने की। आने वाले चुनाव में भाजपा की इन्हीं नीतियों के कारण जनता इन्हें पूरी तरह नकारेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, विधायक भूषण बाड़ा, सतीश पॉल मुंजनी, राजीव रंजन प्रसाद, अमूल्य नीरज खलको,गीताश्री उरांव ,सोनाल शांति, कमल ठाकुर,ऋषिकेश सिंह, राकेश किरण महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


नेतरहाट प्रवेश परीक्षा 2024-25
तिथि परिवर्तन संबंधी अत्यावश्यक जनसूचना

सूचना संख्या - 252
दिनांक-31.08.2024

नेतरहाट प्रवेश परीक्षा 2024-25 से संबंधित विभिन्न तिथियों में अपरिहार्य कारणवश निम्नलिखित परिवर्तन किये जाते हैं:-

| क्रम संख्या | विवरणी | परिवर्तित तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1. | भरा हुआ आवेदन नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पहुँचने की अंतिम तिथि/ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि | 30.09.2024 |
| 2. | विद्यालय की वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com में डाउनलोड हेतु प्रवेश पत्र की उपलब्धता | 15.10.2024 से |
| 3. | नेतरहाट प्रवेश परीक्षा की तिथि | 27.10.2024 |

नोट:- यदि किसी अभ्यर्थी का आवासीय/जाति प्रमाण-पत्र आवेदन की अंतिम तिथि तक नहीं बन पाए तब भी वे आवेदन कर सकते हैं किन्तु चयनित होने पर अभ्यर्थियों का नामांकन पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या-1696, दिनांक- 19.07.2024 के आलोक में सभी प्रमाण-पत्र अनिवार्यतः प्रस्तुत करने पर ही मान्य होगा।

ह०/- प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट
PR 334262 Human Resource Developement (24-25)_D


# सूचीबद्ध प्रशिक्षकों ने चुनावी विषय पर दिया विशेषज्ञता परक प्रशिक्षण

**विधानसभा से संबंधित सभी आरओ-एआरओ के पहले चरण का 5 दिनी प्रशिक्षण सह प्रमाणन कार्यक्रम**

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सभी विधानसभा क्षेत्र के आरओ और 140 से अधिक एआरओ के पहले चरण के पांच दिवसीय प्रशिक्षण सह प्रमाणन कार्यक्रम का आयोजन 27 अगस्त से 31 अगस्त तक किया गया। इसके लिए विभिन्न बैचों में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सभागार एवं जेसीईआरटी रातु में पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गये। पांच दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के दौरान भारत निर्वाचन आयोग, ओड़िशा, हरियाणा, बिहार, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित झारखंड के राष्ट्रीय स्तर के मुख्य प्रशिक्षकों ने विभिन्न सत्रों में पदाधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित विषयों का क्रमवार प्रशिक्षण दिया।

वहीं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी प्रशिक्षुओं के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। उन्होंने निर्वाचन संबंधी अप्रत्याशित कुछ सामान्य गलतियों तथा उनके निराकरण के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण सत्र के दौरान सभी विधानसभा क्षेत्र के आरओ एवं एआरओ को निर्वाचन संबंधी विषयों यथा उम्मीदवारों की योग्यता एवं अयोग्यता, चुनाव चिन्ह आबंटन, नामांकन संबंधित निर्देश, आपराधिक पूर्ववृत्त, ई-रोल, वल्नरेबलिटी मैपिंग, ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रशिक्षण, आदर्श आचार संहिता, व्यय प्रबंधन, स्वीप, पोलिंग पार्टी का व्यवस्थापन, पोस्टल बैलट, पेड न्यूज, एमसीएमसी, मतगणना आदि विषयों पर बिंदुवार प्रशिक्षण दिए गये।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग के वरीय प्रधान सचिव एनएन बूटोलिया, सचिव विनोद कुमार, अवर सचिव राकेश कुमार सैनी, हरियाणा के एनएलएमटी पंकज सेतिया, छत्तीसगढ़ के एनएलएमटी केआरआर सिंह, सुनील शर्मा, प्रणव सिंह, ओड़िशा के एनएलएमटी देवी प्रसाद मोहंती, मध्य प्रदेश के एनएलएमटी पीएन सनेसर, बिहार के एनएलएमटी यशलोक रंजन थे। वहीं, झारखंड के एनएलएमटी राजेश वर्मा, गीता चौबे, देव दास दत्ता, एसएन जमील और सुनील कुमार ने अपने संबंधित विषयों पर पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।

खबर एक नजर में

## जमीन घोटाला मामला : हाई कोर्ट से आरोपी भरत प्रसाद की जमानत याचिका खारिज

रांची। चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन घोटाला मामले के आरोपी भरत प्रसाद की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने भरत प्रसाद की जमानत याचिका खारिज कर दी। इस मामले की जांच ईडी कर रही है। बता दें कि ईडी ने जुलाई 2023 में भरत प्रसाद को गिरफ्तार किया था। भरत प्रसाद ने पीएमएलए की विशेष अदालत में जमानत याचिका दाखिल की थी, लेकिन अदालत ने उसकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उसने हाइकोर्ट का रूख अपनाया। हाईकोर्ट ने भी शनिवार को सुनवाई के बाद उसकी जमानत याचिका को खारिज कर दी।

## जमीन घोटाले के आरोपी अफसर अली की जमानत याचिका हाई कोर्ट से खारिज

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना की 4.55 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री मामले में गिरफ्तार मो. अफसर अली की जमानत याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। अफसर अली को इडी ने 14 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। निचली अदालत से जमानत याचिका खारिज होने के बाद अफसर अली ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए जमानत याचिका दाखिल की थी। साथ ही अपनी गिरफ्तारी की प्रक्रिया को भी चुनौती दी थी। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ईडी से इस बारे में जानकारी मांगी थी। उल्लेखनीय है कि इस मामले में ईडी ने अफसर अली के खिलाफ जांच पूरी कर अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है।

## मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना पर रोक लगाने को हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पर रोक लगाने का आग्रह करते हुए झारखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। सिमडेगा निवासी विष्णु साहू ने अधिवक्ता राजीव कुमार के माध्यम से यह याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा है कि कुछ माह में झारखंड विधानसभा चुनाव होना है। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश के अनुसार राज्य सरकार किसी व्यक्ति विशेष को सीधे अकाउंट के माध्यम से पैसे नहीं दे सकती है। राज्य सरकार पब्लिक के परपस के लिए पैसा दे सकती है क्योंकि जनता के टैक्स के पैसे से ही सरकार चलती है। सरकार का काम पैसा को उस योजना में लगाना जिससे पब्लिक का फायदा हो, किसी को सीधे पैसा देना सही नहीं है। उनकी ओर से यह भी कहा गया है कि चार माह से वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन जैसी पेंशन की योजनाएं नहीं चल रही हैं। विधानसभा चुनाव में वोटरों को प्रभावित करने के लिए यह योजना शुरू की गई है। बता दें कि मंईयां सम्मान योजना से 40 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ चुकी हैं। राज्य सरकार द्वारा महिलाएं और बुजुर्ग महिला को आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिए यह योजना शुरू की गई है। जिसके तहत किसी घर में तीन महिलाएं और बुजुर्ग हैं तो सरकार सालाना 60 हजार रुपये देगी।

### रांची जिला दिशा समिति की बैठक में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सख्त

# योजनाओं को समय पर पूरा करें : सेठ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची जिला दिशा समिति की पहली बैठक, लोकसभा चुनाव के बाद, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने अधिकारियों के समय की पाबंदी और बैठक की गंभीरता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि बैठक में 11 बजे के बाद किसी भी अधिकारी की एंट्री नहीं होगी और बैठक को परिणाम देने वाला बनाना होगा, न कि सिर्फ औपचारिकता। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। बालू की अनुपलब्धता के कारण विकास कार्यों में हो रही देरी प्रमुख विषय रहा। उपायुक्त ने सुझाव दिया कि यदि रांची में बालू की कमी है तो आसपास के जिलों से संपर्क कर इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। वहीं विधायक नवीन जायसवाल ने अबुआ आवास योजना में भ्रष्टाचार और अमृत योजना में अधूरे कार्यों की शिकायत की। उन्होंने ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने भी निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण गुणवत्ता पूर्ण और समय पर पूरा हो।



### बैठक में इन मुद्दों पर भी हुई गहन चर्चा

- उपविकास आयुक्त ने पीपीटी के माध्यम से जिले में योजनाओं की स्थिति की जानकारी दी। संजय सेठ ने मनरेगा और बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इन योजनाओं के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य हो रहा है और कार्य प्रगति को देखकर मन गदगद हो जाता है। उन्होंने अमृत सरोवर योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत किए गए कार्यों की भी सराहना की।
- बैठक में अबुआ आवास योजना की समीक्षा के दौरान, समिति ने सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन्स के पालन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने लाभुकों की चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सूची को फाइनल करने और सामूहिक गृह प्रवेश की व्यवस्था की बात कही।
- दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना की समीक्षा करते हुए संजय सेठ ने संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण में एकरुपता लाने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, तालाब निर्माण में सुधार लाने और समिति के सुझावों को लागू करने की बात की गई।
- समिति ने हर तीन महीने में दिशा की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया ताकि विकास योजनाओं की समीक्षा की जा सके। सेठ ने अधिकारियों को योजनाओं को धरातल पर उतारने और बैठक का एक्शन टेकन रिपोर्ट एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।
- बैठक में जनप्रतिनिधियों ने कई मुद्दे उठाए, जिसमें योजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास और क्रियान्वयन की जानकारी सभी जनप्रतिनिधियों को देने की बात शामिल थी। उपायुक्त ने कहा कि विकास कार्यों की सूचना जनप्रतिनिधियों को दी जायेगी। शिलान्यास के बाद भी पूर्ण नहीं हुए कार्यों के ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड करने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की बात भी की गई।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान, समिति ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर दिया। संजय सेठ ने केंद्रीय खादी ग्रामोद्योग आयोग के माध्यम से रांची जिले के स्वयं सहायता समूहों को जोड़ने की योजना बनाने का निर्देश दिया ताकि स्वरोजगार के अवसर बढ़ सके।
- बैठक में बालू की अनुपलब्धता के कारण विकास कार्यों में हो रही देरी पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने आसपास के जिलों से संपर्क कर बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करने और प्रभावित योजनाओं की सूची बनाने का निर्देश दिया।

**बैठक में ये रहे मौजूद :** प्रमुख रूप से राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, श्रीमती महुआ माजी और आदित्य साहू, लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत और कालीचरण मुंडा, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल, डीसी राहुल सिन्हा, उप विकास आयुक्त दिनेश यादव, रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### सीपी सिंह ने सड़क पर गड्ढों का मुद्दा उठाया

रांची के विधायक सीपी सिंह ने जुड़को और नगर निगम द्वारा सड़कों पर गड्ढे खोदे जाने का मुद्दा उठाया और दुगार्पूजा से पहले सभी सड़कों की मरम्मत का निर्देश दिया. बैठक में खादी ग्रामोद्योग आयोग के माध्यम से रांची के स्वयं सहायता समूहों को जोड़कर रोजगार सृजन की दिशा में कदम बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने सभी अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि जल जीवन मिशन जैसी योजना में गड़बड़ी न हो और योजनाएं समय पर पूरी हों। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, अन्यथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि बैठक का एक्शन टेकन रिपोर्ट एक सप्ताह में संबंधित लोगों को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही विकास योजनाओं की गति और गुणवत्ता पर नजर रखी जाए।

### विभिन्न सैन्य हथियारों और उपकरणों की व्यापक प्रदर्शनी होगी

## सशक्त सेना समृद्ध भारत महोत्सव का आयोजन छह से आठ सितंबर तक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सशक्त सेना समृद्ध भारत महोत्सव का आयोजन रांची में 06 से 08 सितम्बर तक किया जायेगा। इस महोत्सव का उद्देश्य स्थानीय जनसमुदाय के साथ संबंधों को सुदृढ़ करना और युवाओं को राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य की ओर प्रेरित करना है। इस महोत्सव का आयोजन मोराबादी मैदान में किया जायेगा। इस आयोजन का उद्देश्य नागरिक समाज और सशस्त्र बलों के बीच संबंधों को मजबूत करना और राष्ट्र के युवाओं को प्रेरित करना है। यह आयोजन 06 सितंबर को प्रातः 9:00 बजे मोरहाबादी मैदान, रांची में प्रारंभ होगा। यह आयोजन सभी के लिए खुला होगा और नागरिकों को अपनी सेना के बारे में जानने और उनसे बातचीत करने का अवसर प्रदान करेगा। इस आयोजन में विभिन्न सैन्य हथियारों और उपकरणों की व्यापक प्रदर्शनी होगी। दर्शकों को एरियल डिस्प्ले, डेयरडेविल मोटरसाइकिल शो, डॉग शो और हॉट एयर बैलूनिंग के रोमांचक कार्यक्रमों से मनमोहित किया जायेगा। इसके अलावा, इस महोत्सव में विभिन्न आर्मी बैंड्स, कलारीपयट्टू, मलखंभ, भांगड़ा और अन्य मार्शल आर्ट्स प्रस्तुतियों के साथ संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला भी शामिल होगी, जो राष्ट्र की विविध धरोहर को प्रदर्शित करेगी। इसमें युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने की प्रक्रिया और उसके बाद के जीवन के बारे में मार्गदर्शन के लिए प्रेरक स्टॉल भी होंगे।

**मोराबादी मैदान में आयोजित होगा महोत्सव**

## बाबा बैद्यनाथ धाम में शिवराज सिंह चौहान ने लगायी हाजिरी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान शनिवार को देवघर पहुंचे। वहां उन्होंने पत्नी के साथ बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और जलाभिषेक किया। उन्होंने बाबा से देश और राज्य के विकास के साथ अमन-चैन और खुशहाली की कामना की। बताते चलें कि शिवराज सिंह चौहान देवघर के नेताओं-कार्यकताओं के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी व रणनीति को लेकर मंथन करेंगे। साथ ही वहां के जनप्रतिनिधियों से फीडबैक भी लेंगे।

## मंत्री के बयान का विरोध, 41वें दिन भी मनरेगा कर्मियों की हड़ताल जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखण्ड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ अपनी मांगों को लेकर शनिवार को 41 वे दिन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए रहे। नेताओं ने कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती है तब तक कोई भी कर्मी वापस नहीं लौटेगा। ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी ने मीडिया में जो बयान दिया है कि मनरेगा कर्मी मेरे भाई है और इनका मैं मानदेय बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर कलम पटक कर, कलम तोड़ कर प्रस्ताव पारित कर दिया है, इसका संघ पुरजोर खंडन करती हैं और इसका विरोध करती है। प्रदेश अध्यक्ष जॉन बागे ने कहा कि 41 दिन के हड़ताल के बाद भी विभागीय मंत्री ने विधिवत वार्ता के लिए प्रयास नहीं किया है और अपने मन से प्रस्ताव पारित कर बयान दे रहे हैं। उचित तो यही है कि संघ से वार्ता करे और मांगों पर सहमती बने।

बता दें कि पंचायत सचिवालय तक मनरेगा कर्मी कार्यरत हैं। इनको दो विभागों में विभाजित किया गया है। जिला से ऊपर सभी कर्मी को ग्रेड पे दिया जाता है। प्रखंड से नीचे सभी को अल्प मानदेय दिया जाता है। सभी को मनरेगा योजना के व्यय राशि के 6% प्रशासनिक मद से मानदेय भुगतान किया जाता है।

## संत जेवियर्स कॉलेज में लैंगिक समानता पर व्याख्यान आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज राँची के इतिहास विभाग में द जेंडर्ड नेचर ऑफ वायले ंस विषय पर शनिवार को व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऑस्ट्रेलियन विश्वविद्यालय, कैनबेरा की प्रो. बीना डीकोस्टा ने पूरे विश्व में लैंगिक असमानता पर प्रकाश डालते हुए अपनी प्रस्तुति दी। मौके पर दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज की प्रो. डॉ. प्रभा रानी ने प्राचीन तमिल संस्कृति का उदाहरन देते हुए व्याख्यान दिया। विषय प्रवेश डॉ. अंजू टोप्पो एवं धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने दिया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. फादर केनेडी सोरेंग, आईक्यूएसी संयोजक डॉ. शिव कुमार, प्रो. स्नेहा कच्छप, प्रो. नजमी, प्रो. निशा सिंह व अन्य प्राध्यापकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गठबंधन सरकार की नाकामियों ने झारखंड प्रदेश को काफी पीछे धकेल दिया : आजसू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी द्वारा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के अलग अलग पंचायतों में जन जागरण पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को विभिन्न पंचायतों में विधानसभा प्रभारियों और पार्टी पदाधिकारियों द्वारा पदयात्रा और जन सभाओं के माध्यम से सरकार की वादाखिलाफियों से जनता को अवगत कराया गया। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार की नाकामियों ने प्रदेश को पीछे धकेल दिया है।



हर वर्ष पांच लाख नौकरियां, स्नातक बेरोजगार को पांच हजार रुपए एवं स्नातकोत्तर बेरोजगार को सात हजार रुपये का बेरोजगारी भत्ता देने, हर परिवार को 72 हजार रुपए देने समेत ऐसे कई झूठे वादे करने वाली सरकार ने जनता को ठगा है। चुनाव के पहले अनुबंध आधारित नौकरी व्यवस्था को समाप्त करने का वादा करने वाली सरकार आज पांच साल बाद न सिर्फ अनुबंध आधारित नौकरी दे रही है बल्कि उस नौकरी का प्रचार अखबारों में पूरे पन्ने पर कर रही है। वादे से मुकरने के बाद भी सरकार जनता को भ्रामित करने में लगी है। जनता इनके छलावे में आने वाली नहीं है। सरकार अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं कर पाई है। राज्य और राज्यवासियों के भीतर सरकार के खिलाफ आक्रोश है। जनता बदलाव के लिए तैयार है।

राज्य के बेरोजगार युवाओं का डाटा एकत्र करने के उद्देश्य से युवा आजसू द्वारा 24 अगस्त को शुरू किए गए संग्रह अभियान आज भी राज्य भर में जारी रहा। यह अभियान 7 सितंबर तक चलाया जाएगा। युवा आजसू के पदाधिकारियों और स्थानीय युवाओं द्वारा क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं का बॉयोडाटा इकट्ठा किया जा रहा है।

## पहाड़ी मंदिर की दान पेटी खुली, 2.74 लाख निकले



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव राकेश सिन्हा एवं राजेश साहू, बादल सिंह के नेतृत्व में शनिवार को पहाड़ी मंदिर के मुख्य मंदिर की दान पेटियों को खोला गया। जिसकी गिनती सभी सम्मानित सदस्य, मंदिर के पुजारी एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में वीडियोग्राफी करा कर की गयी। जिसमें दो लाख चौहत्तर हजार तीन सौ तीस रुपये निकले। नगद साथ ही कुछ खराब नोट हो गए थे जिसको एक्सचेंज कर दिया जाएगा।

## विस चुनाव के लिए कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी का मंथन शुरू



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को दोपहर बाद रांची पहुंचीं। झारखंड विधानसभा चुनाव स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोड़ानकर और सदस्य प्रकाश जोशी और पूनम पासवान ने रांची स्थित सर्किट हाउस में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता और वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव सहित अन्य कांग्रेस नेताओं से साथ बंद कमरे में मंथन किया। इस दौरान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की टिकट पाने की इच्छा रखनेवाले अलग अलग जिलों से आये अभ्यर्थियों का जमावड़ा सर्किट हाउस के आसपास लगा रहा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस मीडिया सेल के चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी ने बताया कि स्क्रीनिंग कमेटी ने झारखंड से आने वाले राष्ट्रीय पदाधिकारी पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू, डॉ. अजय कुमार, सुखदेव भगत, राजेश ठाकुर, वर्तमान सांसद कालीचरण मुण्डा, पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, कांग्रेस के मंत्री एवं पूर्व मंत्रियों अग्रणी मोर्चा संगठन के अध्यक्षों से मिलकर झारखंड की भौगोलिक एवं रणनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा की। स्क्रीनिंग कमेटी ने कांग्रेस द्वारा पूर्व में लड़े गये सीटों, वर्तमान की राजनीतिक परिस्थितियों सामाजिक समीकरणों, सभी विधानसभा के संगठन की स्थितियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा भी की तथा हर एक से अलग-अलग मंतव्य विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों के संदर्भ में लिया।

इस क्रम उन्होंने आने वाले विधानसभा चुनाव चुनाव में राज्य एवं क्षेत्रवार मुद्दों पर भी विमर्श किया। उन्होंने बताया कि कमेटी रविवार को जिला अध्यक्ष, बोर्ड निगम के अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस के विभिन्न विभागों के अध्यक्ष विधानसभा लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों से भी मुलाकात करेंगी।

### कांग्रेस स्क्रीनिंग कमिटी के अध्यक्ष एवं सदस्य पहुंचे रांची, प्रदेश अध्यक्ष और नेताओं ने किया स्वागत



**रांची।** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस द्वारा गठित स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोड़ानकर और सदस्य प्रकाश जोशी और पूनम पासवान शनिवार को रांची पहुंचे। रांची स्थित सर्किट हाउस में बुके देकर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल नेता सह वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू, पूर्व सांसद अजय कुमार, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने बुके देकर स्वागत किया।

## इफको ने रांची जिला के छह गांव का चयन कर एक नैनो ग्राम समूह बनाया

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** इफको नैनो उर्वरकों को किसानों के बीच लोकप्रिय बनाने एवं कृषि में इन उर्वरकों के महत्व को किसानों के बीच ले जाने के लिए इफको ने राँची जिला के बूडमू प्रखंड में छह गाँव का चयन कर एक नैनो ग्राम समूह बनाया है। इसके अंतर्गत ठाकुरगाँव, बुढ़मू, डाडिया, बेडवारी गुरगेन और मोहनपुर गांव को किया गया है। सभी ग्रामों के किसानों को इस योजना के अंतर्गत इफको नैनो उर्वरकों के खरीद पर 25 प्रतिशत का अनुदान मिलेगा और अपने फसलों में ड्रोन के माध्यम से स्प्रे कराने पर कुल स्प्रे खर्च में 100 रुपये का अंशदान भी इफको द्वारा दिया जायेगा।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए इन ग्राम समूह के लिए एक ड्रोन आन्त्रप्रोनर भी तैयार किया है। इसी कड़ी में आज ग्राम गुरुगाँव में एक किसान सभा कर उपस्थित 100 से अधिक किसानों को इस योजना की जानकारी दी गई और नैनो उर्वरकों के बारे में विस्तार से बताया गया और उन्हें समझाया गया कि कैसे इन उर्वरकों के प्रयोग से किसान अपने खेती को और उन्नत कर अधिक लाभ कमा सकते हैं। शनिवार को आयोजित इस बैठक में इफको के प्रबंधक विपणन- चंदन कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि किसान चाहते हैं कि उनकी खेती टिकाऊ और लाभकारी बना रहे तो बिना किसी भी झिझक और संदेह के नैनो उर्वरकों का खेती में प्रयोग करना प्रारंभ कर दें, इससे आपकी भूमि भी स्वस्थ्य और उर्वर बनेगा और आपको खेती से अधिक लाभ भी प्राप्त होगा।

# कारोबारी मेहुल साह अपहरण मामले में रांची पुलिस की जमशेदपुर में छापेमारी, दो गिरफ्तार

## पहले भी पुलिस साजिशकर्ता श्वेतापति, उसके प्रेमी और चाईबासा से दो युवकों को कर चुकी है गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुंबई के कारोबारी मेहुल साह का हाल ही में अपहरण कर 50 लाख की फिरौती वसूली की गयी थी। इस मामले में रांची पुलिस ने जमशेदपुर में छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। रांची पुलिस ने जमशेदपुर पुलिस के सहयोग से बिरसानगर के त्रिवेणी अपार्टमेंट में छापेमारी कर इस घटना में शामिल बाबू पिल्लै को गिरफ्तार किया। वहीं बाबू पिल्लै की निशानदेही पर पुलिस ने टेल्को में छापा मारा और अभिषेक सिंह नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया। अभिषेक सिंह के पास से पुलिस ने अपहरण में प्रयुक्त पिस्तौल व कारतूस भी बरामद किये हैं। इस मामले में पुलिस एक अन्य आरोपी परसुडीह निवासी इरशाद की तलाश कर रही है।

### अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की दी थी धमकी

आरोपियों से पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि किडनैपरों ने व्यवसायी का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले को लेकर पुलिस पहले ही कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में पुलिस ने साजिशकर्ता श्वेतापति और उसके प्रेमी (जयपुर निवासी) के अलावा चाईबासा से दो युवकों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार युवकों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि रांची एयरपोर्ट के पास से मेहुल साह का अपहरण करने के बाद उसे बिरसानगर के अपार्टमेंट में लेकर पहुंचे थे। बाबू पिल्लै अपार्टमेंट के एक फ्लैट में किराये में रहता था। इसी फ्लैट में पिस्तौल का भय दिखाकर अभिषेक सिंह, बाबू पिल्लै व श्वेतापति के प्रेमी ने जबरन युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए उसे मजबूर किया और मोबाइल से वीडियो भी बनाया। इसके बाद मेहुल साह से 50 लाख की फिरौती की मांग की। फिरौती की रकम नहीं देने पर वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी भी दी।

## खबर एक नजर में

### नामकुम इलाके के जंगल से मिला युवक का शव

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम थाना इलाके के जंगल से युवक का शव बरामद किया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद नामकुम थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर युवक के शव को बरामद किया। पुलिस शव की शिनाख्त करने में जुटी है।

### ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करते तीन गिरफ्तार

**रांची।** पुलिस ने ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते तीन युवक को गिरफ्तार किया किया है। एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए शिवा कुमार, मुकेश तिर्की और कुंदन वर्मा को गिरफ्तार किया। इन तीनों की गिरफ्तारी सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मुक्तिधाम पुल के पास से हुई है। इनके पास से करीब दो ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया।

### मदर्स इंटरनेशनल स्कूल में मुफ्त नेत्र जांच शिविर और योग प्रशिक्षण




**रांची।** मदर्स इंटरनेशनल स्कूल जाहेर ब्रांबे में मुफ्त नेत्र जांच शिविर और योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का अयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामकृष्ण मिशन के स्वामी सुखमयानंद के द्वारा योग का महत्व एवं उससे होने वाले लाभ की जानकारी छात्रों को दी गई। मौके पर डॉ गोविंद ने बच्चों का नेत्र जांच किया एवं आवश्यकता अनुसार उन्हें चश्मा भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों अरविंद कुमार पांडे, नोएल टॉमिलसन, ज्योत्स्ना झा आदि का सहयोग सराहनीय रहा। मौके पर प्राचार्या डॉ रोमी झा के सभी को धन्यवाद दिया।

### श्री श्याम भंडारा का आयोजन



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक शनिवार को होने वाला 126 वा श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में सम्पन्न हुआ। पूरा मंदिर परिसर हारे के सहारे की जय खाटूनरेश की जय लखदातार की जय जयकारों से गूंज रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवम उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में मुन्ना सिंह पिंकी सिंह ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। 125 वे श्री श्याम भंडारा का समय होते-होते मंदिर परिसर भक्तों से अट गया एवं हरमू रोड में लंबी-लंबी कतारे लग गई। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री ,विश्वनाथ नारसरिया ,श्रवण ढानढनिया ,पूर्व सांसद अजय मारू, राजीव मित्तल , मनोहर केड़िया ,अमित सरावगी ,अनुज मोदी ,रमा सरावगी ,कविता मित्तल ,कमलेश सावा ,आशीष डालमिया, मनोज खेतावत सहित 50 से ज्यादा स्वयं सेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## मिराई फर्टिलिटी सेंटर में बेबी शावर शो का आयोजन



**रांची।** मिराई फर्टिलिटी सेंटर ने अपने पहले वर्षगांठ के मौके पर शनिवार को बेबी शावर शो का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में 30 बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर संस्थान की डायरेक्टर डॉ सर्वजाया ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि मिराई फर्टिलिटी एवं आईवीएफ सेंटर गर्भावस्था संबंधित सेवाओं में अपनी श्रेष्ठता के लिए जाना जाता है। हमारे विशेषज्ञ टीम ने अनेक जोड़ों को उत्तम प्रजनन सेवाएं प्रदान की हैं और उन्हें उनकी परिवार निर्मिति की यात्रा में सफलता प्राप्त करने में मदद की है। इस मौके पर मिराई फर्टिलिटी में आये हुए लोगों ने अपना अनुभव साझा किया।

## 25वां राज्य-स्तरीय कराटे प्रतियोगिता शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को 25 वां इस्मा दो दिवसीय राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता का शुभारंभ स्थानीय हरिवंश टाना भगत स्टेडियम खेलगांव में हुआ। प्रतियोगिता की शुरूआत मुख्य अतिथि विनय सिन्हा दीपू के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में झारखंड के 8 जिलो के कराटे खिलाड़ियों भाग ले रहें है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विनय सिन्हा दीपू ने कहा मार्शल आर्ट्स एक ऐसा कला है, जिसमें व्यक्ति के शरीर और मानसिकता को नियंत्रित किया जा सकता है।

कराटे में आत्मरक्षा के गुण सिखाये जाते हैं और आज कि परिस्थिति में यह कला लडको से ज्यादा लड़कियों को सिखने कि आवश्यकता है। जिससे लड़कियां आत्मनिर्भर बनें।



खेले गये प्रतियोगिता में रांची प्रथम, हजारीबाग दुसरा और बोकारो तिसरे स्थान पर रहा।

## सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल में अगस्त, 2024 में 75 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। रिटायर कर्मियों को मुख्यालय सहित क्षेत्रों में समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। मुख्यालय के विभिन्न विभागों से महाप्रबंधक (सीपी) श्यामल घोष, सीएमएस (गांधीनगर अस्पताल) डॉ. सुशील कुमार, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन) संजय कुमार, कार्यालय अधीक्षक एवं स्वीटी भेंगरा, अकांउटेंट-ए राजेश कुमार सिंह रिटायर हुए। सभी को मुख्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।




सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों के कायार्नुभवों पर बनी एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित किया गया। सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे कंपनी के उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हैं।

इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने सेवानिवृत्त कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया। कहा कि आप सभी का योगदान अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय रहा है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों के सपरिवार सुखी,एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना की।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित थे। मंच संचालन और धन्यवाद मुख्य प्रबंधक (कल्याण) श्रीमती केया मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों एवं अन्य विभागों का योगदान रहा।

## लायंस क्लब ने किया सदर अस्पताल में भोजन वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** फूड फॉर हंगर कार्यक्रम के तहत लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल के द्वारा सेवा भाव से लगातार भोजन का वितरण किया जा रहा है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को भी क्लब के पदाधिकारियों द्वारा अस्पताल परिसर में लोगों के बीच भोजन का वितरण किया गया। क्लब के प्रेसिडेंट अमित शर्मा ने कहा कि क्लब के इस प्रोजेक्ट के चौथे चरण में लगभग 800 से 1000 लोगों के बीच भोजन का वितरण किया गया है। समाजसेवियों के प्रोत्साहन से इस कार्यक्रम को सफलता मिल रही है। प्रत्येक सप्ताह लोगों की संख्या बढ़ रही है। हमारा यह कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार को सदर अस्पताल परिसर में संचालित होगा। उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में और सहयोग करने के लिए अस्पताल प्रबंधन और क्लब के सदस्यों और समाजसेवियों के प्रति आभार जताया। क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट शैलेश अग्रवाल प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के उपाध्यक्ष खुशबु अग्रवाल कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, रीजनल चेयरपर्सन रतन अग्रवाल,जोनल चेयरपर्सन प्रेम शंकर मिश्रा का भरपूर योगदान रहा।

## चुटिया में गांजा का कारोबार करते तीन को पुलिस ने रंगेहाथ किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चुटिया इलाके में गांजा की खरीद-बिक्री के खिलाफ पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में राज सिंह, मुन्ना भोक्ता और सोनू लोहरा शामिल हैं। इनके पास से कुल 550 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। इससे पहले पुलिस को सूचना मिली थी कि चुटिया इलाके में गांजा का अवैध कारोबार नियमित रूप से चल रहा था।



इस पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया और छापेमारी की योजना बनाई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है और पुलिस ने इस मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। सोनू लोहरा का आपराधिक इतिहास है।

## डीएवी राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स, हॉकी, तैराकी प्रतियोगिता का समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल कडरू द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स हॉकी, कुश्ती और तैराकी प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हो गया। इस प्रतियोगिता स्वर्ण और रजत पदक विजेता अब राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेगें। उल्लेखनीय है कि यह खेलकूद प्रतियोगिता तीन स्तरों पर आयोजित की जाती है। प्रथम स्तर पर क्लस्टर दूसरे स्तर पर राज्य और तीसरे स्तर पर राष्ट्रीय डीएवी खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को डीएवी नेशनल खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलता है। यह प्रतियोगिता तीन आयु वर्ग के बालक और



बालिकाओं के अंडर 14 ,अंडर 17 और अंडर 19 के लिए आयोजित की गई। इसमें डीएवी झारखंड में सभी 10 जोनों के क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय आने वाले प्रतिभागियों ने भाग लिया। क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में झारखंड के सभी डीएवी स्कूलों ने भाग लिया था। समापन समारोह में आयोजक विद्यालय झारखंड जोन बी के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी व डीएवी कपिल देव के प्राचार्य एम के सिन्हा के अलावा डीएवी हेहल के प्राचार्य सह जोन जे के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी एस के मिश्रा, झारखंड साइकोग्राफिक सोसायटी के विकास कुमार , डीएवी पुनदाग के प्राचार्य एस के मिश्रा , डीएवी तेनुघाट की प्रिंसिपल स्तुति सिन्हा , डीएवी आनंद स्वामी की प्राचार्या रौशी वाधवानी , डीएवी बचरा की प्राचार्या रिशू चौधरी तथा डीएवी नीरजा सहाय की प्राचार्या किरण यादव ने संयुक्त रूप से विजेताओं को मेडल और ट्रॉफी प्रदान किये। इस अवसर पर डीएवी झारखंड जोन के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी एम के सिन्हा ने विजेताओं को बधाई दी और निरंतर मेहनत करने की सलाह दी ।

उन्होंने कहा कि अब ये झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनका प्रयास होगा कि इन खिलाड़ियों को 8 दिनों का विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए। मौके पर विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ी और शिक्षक मौजूद थे।

# मां के भक्त कर सकेंगे अयोध्या धाम के श्री रामलला मंदिर के प्रारूप के दर्शन

## भूमि पूजन के साथ शुभारंभ हुआ श्री राम लला मंदिर प्रारूप का निर्माण विराजेगी मां भवानी

### पुराना विधानसभा मैदान में दुर्गा पूजा के लिए भूमि पूजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री राम लला पूजा समिति, रांची के सानिध्य में पुराना विधानसभा मैदान में अयोध्या के नवनिर्मित श्री राम मंदिर का प्रारूप बनाया जा रहा है। पंडाल का निर्माण करीबन दो माह से कोलकाता के कारीगरों के द्वारा कलकत्ता में ही निरंतर चल रहा था। 200 से ज्यादा पंडाल कारीगर निर्माण कार्य में लगे थे। मंदिर के प्रारूप के स्तम्भ, शिखर एवम अन्य डिजाइनों का निर्माण कार्य बंगाल में ही किया जा रहा था। जिसे कल रांची






लाया गया है। यह पंडाल पूरे रूप से अयोध्या धाम के श्री राम लला के श्री राम मंदिर जैसा दिखेगा।

**26 फीट ऊंची श्री बजरंगबली की विशाल 4 प्रारूप आकर्षण का केंद्र होगा :** मैदान में 26 फीट ऊंची श्री बजरंगबली की विशाल 4 प्रारूप आकर्षण का केंद्र होगा। आगामी नवरात्र में पंडाल के गर्भ गृह में मां भवानी का दर्शन भी श्रद्धालु कर सकेंगे। दशहरे में 2 अक्टूबर से लेकर 12 अक्टूबर विजयादशमी तक लोग यहां दर्शन कर सकेंगे।

**मेला और फूड स्टॉल भी लगेगा :** मैदान परिसर में मेला और फूड स्टॉल भी लगाया जाएगा । जिसमे शुद्ध व्यंजन का स्वाद और आनंद लोग उठा सकेंगे।

**अध्यक्ष ने कहा :** अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि पंडाल की लंबाई 170 फीट और चौड़ाई 120 फीट होगी जबकि पंडाल 100 फीट ऊंचा उठेगा। भव्य मां का दरबार भी बनेगा अभूतपूर्व लाइटिंग भी देश अन्य स्थानो से मंगाई जा रही है जो पंडाल के अंदर रंग बिरंगी साज सज्जा को ओर भी सुंदर दिखाएगी।

मां की मूर्ति विशाल , अद्भुत, अलौकिक होगी प्रभु श्री राम की प्रतिमा सिलिकॉन की बनी होगी जो प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष रूप से अयोध्या में स्थापित भगवान श्री राम की प्रतिमा जैसी रहेगी जिसका भक्तजन दर्शन करेंगे। मां दुर्गा की प्रतिमा 32 फीट चौड़ी ओर 19 फीट ऊंची होगी

### समिति के महासचिव ने कहा

समिति के महासचिव कुणाल अजमानी ने कहा कि इस बार का पूजा पंडाल पूरे झारखंड में अब तक का सबसे बड़ा पंडाल होगा और श्रद्धालु भक्तों के लिए एक आकर्षण का केंद्र भी रहेगा। ज्यादा से ज्यादा लोग पंडाल में आकर श्री अयोध्या धाम के श्री राम जन्म भूमि के श्री राम मंदिर के प्रारूप का दर्शन प्रतिपदा से पूरे नवरात्र में लगातार कर सकेंगे। श्री राम लला की प्रतिमा 8 फीट ऊंची होगी , मां दुर्गा की प्रतिमा 32 फीट चौड़ी और 19 फीट ऊंची होगी साथ ही उन्होंने कहा की लगभग 98 लाख रुपए की लागत से पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है।

इस अवसर पर पूजा पंडाल के निर्माण हेतु खूंटी पूजन (भूमि पूजन)समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी, महासचिव कुणाल अजवानी ,समिति के सेकड़ो सदस्यों सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्तिथि में आचार्य अनूप दाधीच के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस मौके पर प्रकाश धेलिया ,राजू पोद्दार, रोहित अग्रवाल, निर्मल जालान , प्रवक्त प्रमोद सारस्वत ,दीपक चौधरी, उमेश यादव, अमर प्रसाद,नवजोत अलंग,पूर्व पार्षद कृष्णा महतो, राजू टांटिया, सुजीत वर्मा,विनोद जैन, शम्भू प्रसाद, अनिल अग्रवाल, पवन पोद्दार, ललित पोद्दार,पवन शर्मा, रोहित अग्रवाल,मनोज बजाज, विकाश रंजन, मनीष लोधा, धीरज तनेजा,बंटी भाटिया,अनिल जालान, अशोक धानुका,संजीत यादव, विकास चौधरी, सागर,रोहित सारदा, दिलीप स्वर्णकार,बादल कुमार, सहित काफी संख्या में शहर के गणमान्य लोग उपस्तिथ थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत ने दी।

## समय संवाद

**सिय रघुबीर बिबाहु,जो सप्रेम गावहिं सुनहिं।**
**तिन्ह कहुँ सदा उछाहु मंगलायतन राम जसु।।**

तुलसीदास जी कहते हैं कि जो कोई विजय,विवेक और विभूति (ऐश्वर्य) चाहते हो तो राम के समर (युद्ध) संबंधी कथा को सुनो। उस कथा के श्रवण से राम प्रसन्न होते हैं और मनुष्य को सहज ही विजय,विवेक और विभूति प्रदान करते हैं-

**समर बिजय रघुबीर के चरित जे सुनहिं सुजान।**
**बिजय बिबेक बिभूति नित तिन्हहि देहिं भगवान।।**

राजराजेश्वर भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के चरित्र को सुनने से तीनों प्रकार के ताप नष्ट हो जाते हैं। साथ ही ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। भक्त शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं-

**सुनु खगपति यह कथा पावनी।**
**त्रिबिध ताप भव भय दावनी।।**
**महाराज कर सुभ अभिषेका।**
**सुनत लहहिं नर बिरति बिबेका।।**

# रामचरितमानस की उदात्तता और उसका प्रभाव



**डॉ. हाराधन कोईरी**



भारतीय साहित्य के सर्वाधिक लोकप्रिय व पठनीय ग्रंथों में से एक है- रामचरितमानस। यह एक उदात्त पूर्ण रचना है, जिसकी महिमा अनन्त है। इसका प्रभाव विश्वव्यापी है। इस ग्रंथ का मूल ध्येय है- मानवता की रक्षा और वसुधा की सुरक्षा। यह मंगल को देने वाला और अमंगल का नाश करने वाला ग्रंथ है । रामचरितमानस का माहात्म्य को रेखांकित करते हुए गोपाल दास जी कहते हैं कि जो तुलसी रचित रामायण (रामचरितमानस) पर प्रेम करते हैं।अर्थात रामचरितमानस का पठन-पाठन और मनन करते हैं,उनके समान कोई भाग्यवान नहीं हैं-

**प्रीति करै रामायण माहीं ।**
**तेहि सम भाग्यवंत कोउ नाहीं।।**

इतना ही नहीं तुलसी रामायण के सम्पादक पंडित ज्वाला प्रसाद मिश्र कहते हैं कि जो प्रतिदिन रामचरितमानस के किसी एक दोहे या चौपाई को मन लगाकर पढ़ता है। उनका जीवन सफल हो जाता है-

**एक श्लोक जो नित्य प्रति,पढ़े प्रेम मन लाय।**
**मिश्र सदा सुख पावहीं,जन्म सुफल हो जाय।।**

यद्यपि गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस की रचना स्वांत सुखाय के लिए किया था परन्तु उनके स्वांत सुखाय में ही जगत हिताय के भाव संलिप्त हैं। इसलिए गोस्वामी जी कहते हैं कि यदि आप भक्ति मार्ग के पथिक बनना चाहते हैं और मन अनेक प्रकार की शंकाएं हो रही हैं, तो रामचरितमानस में वर्णित राम कथा को पढ़ें। जिसके पठन मात्र से मन का संदेह दूर हो जायेगा-

**रामकथा सुंदर कर तारी।**
**संसय बिहग उड़ावनि हारी।। आज हरेक व्यक्ति सफल होना जाता है।**

लेकिन मन में उत्साह की कमी है, जिसके कारण वे असफल हो रहे हैं। जबकि शास्त्र कहता है कि उत्साह (आनंद)से सिद्धि की प्राप्ति होती है। उस उत्साह को पाने के लिए

तुलसीदास जी कहते हैं कि राम-सीता के विवाह प्रसंग को मन लगाकर पढ़िए,सुनिए और कथा को गाइये। ऐसा करने से मन में उत्साह का संचार होगा-

**सिय रघुबीर बिबाहु,जो सप्रेम गावहिं सुनहिं।**
**तिन्ह कहुँ सदा उछाहु मंगलायतन राम जसु।।**

तुलसीदास जी कहते हैं कि जो कोई विजय,विवेक और विभूति (ऐश्वर्य) चाहते हो तो राम के समर (युद्ध) संबंधी कथा को सुनो। उस कथा के श्रवण से राम प्रसन्न होते हैं और मनुष्य को सहज ही विजय,विवेक और विभूति प्रदान करते हैं-

**समर बिजय रघुबीर के चरित जे सुनहिं सुजान।**
**बिजय बिबेक बिभूति नित तिन्हहि देहिं भगवान।।**

राजराजेश्वर भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के चरित्र को सुनने से तीनों प्रकार के ताप नष्ट हो जाते हैं। साथ ही ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। भक्त शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं-

**सुनु खगपति यह कथा पावनी।**
**त्रिबिध ताप भव भय दावनी।।**
**महाराज कर सुभ अभिषेका।**
**सुनत लहहिं नर बिरति बिबेका।।**

कलिकाल के पाप से अपने मन के मल को बिना किसी अन्य साधन के कोई भी मनुष्य धोना चाहते हो और अंत समय में राम का धाम अर्थात मोक्ष पाना चाहते हो तो प्रभु श्रीराम के निर्मल चरित्र को सुनिए,कहिए और गाइए। तुलसीदास जी कहते हैं-

**रघुबंस भूषन चरित यह नर कहहिं सुनहिं जे गावहिं।**
**कलि मल मनोमल धोइ बिनु श्रम राम धाम सिधावहीं।।** पुण्य रूप यह रामचरितमानस मनुष्यों के लिए नित्य कल्याणकारी है। विज्ञान और भक्ति को देने वाला है। साहित्य के सभी रसों, गुणों व लक्षणों का आस्वादन कराने वाला है जिसका प्रभाव धरती पर तब-तक रहेगा, जब-तक धरा पर सूर्य-चन्द्र रहेगा।

**(लेखक सहायक प्राध्यापक, गोस्सनर महाविद्यालय,राँची सह निदेशक – तुलसी अध्ययन केन्द्र,चोगा,सोनाहातू,रांची)**

# धर्म का हर पहलू तार्किक, व्यवहारिक है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**धर्म प्रवाह**

**भगवान,** कृपा करके यह बताया जाए क्या हमारे हिंदू धर्म में मंदिर और मूर्ति पूजा का प्रावधान क्यों किया गया और इसका रहस्य क्या है? हिंदू धर्म में जो भी कर्मकांड का प्रावधान किया गया है वह वैज्ञानिक है और हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा बहुत ही सोच समझ कर बनाया गया है। जरा सोचिए यदि यह मंदिर और उसके अंदर देवी देवता का प्रावधान नहीं होता तो क्या हम समझ पाते कि भगवान भी कोई है उनकी पूजा भी होती है और पूजा का पूजा का तरीका इस प्रकार है। मंदिर नहीं होता तो हमारे अंदर भगवान की कल्पना भी नहीं होती यह प्रथम पाठशाला है बिना इस पाठशाला से गुजरे कोई भी अध्यात्म की अगले सीढ़ी पर नहीं चढ़ सकता। यह मंदिर ही है जो हमारे अंदर श्रद्धा और भगवान के प्रति विश्वास का बीज डालता है। कितना बड़ा विद्वान हो या डॉक्टर इंजीनियर हो या उच्च अधिकारी हो सबको प्राथमिक स्कूल से होकर ही गुजारना पड़ता है।

मगर प्राइमरी में पड़े बिना कोई भी आगे नहीं पढ़ सकता। हमारे मंदिर मस्जिद अध्यात्म का प्राइमरी पाठशाला है इसके खिलाफ बोलने वाला व्यक्ति न धार्मिक हो सकता है और ना अध्यात्मिक हो सकता है। आप कहेंगे कि बहुत से संतो ने मूर्ति पूजा का विरोध किया है इसकी आलोचना की है। लेकिन बात ऐसी नहीं है। हमारे धर्मो को संकेतों के माध्यम से समझने की की जरुरत होती है। उन संतो का इशारा उन लोगों के तरफ होता है जो सुर दुर्लभ मनुष्य शरीर पाकर अपने जीवन को अध्यात्म की अगली शिर्डी पर नहीं ले जाते अपनी पूरी आयु को प्राइमरी स्कूल में ही मिटा देते हैं। कोई भी समझदार आदमी कभी या नहीं कहेगा उसका बच्चा प्राइमरी स्कूल में नामांकन नामांकन कर वही पाठ जिंदगी भर पढ़ता रहे। हमारे धर्म ग्रंथों में बार-बार यह जिक्र किया गया है कि आगे का खोजो यदि तुम्हारी खोज होगी तो वह राह दिखाने वाले महापुरुष जरूर मिल जाएंगे।

इसीलिए हिंदू धर्म में गुरु करने का प्रावधान किया गया है। गू का अर्थ होता है अंधकार और रू का अर्थ होता है प्रकाश यानी जो अंधकार से प्रकाश के तरफ ले जाए यानि जो भाव बंधन से मुक्ति के तरफ ले जाए। यह भी कहा गया है कि किसी ब्राह्मण से ही गुरु मंत्र लेना चाहिए। ब्रह्म को जानने वाले को अध्यात्म में ब्राह्मण कहा गया है। अध्यात्मिक की दूसरी श्रेणी वहीं से शुरू होती है महापुरुषों का इशारा इसी तरफ था। **(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर शाखा कुटी रांची)**

# चांदी के गुण

**संध्या सिंह**

प्राचीन समय से चांदी के आभूषणों का प्रचलन रहा है जो आज भी महिलाओं-युवतियों को प्रिय है। इसकी वजह एक तो कम कीमत है, ऊपर से चांदी में मौजूद औषधीय गुण भी हैं। इस धातु के गहने रक्त संचार बेहतर करने के साथ ही मानसिक सेहत को संवारने वाले माने जाते हैं।

इन दिनों फैशन के बाजार में सोने, प्लेटिनियम और हीरे से ज्यादा चांदी के आभूषणों की मांग है। नई पीढ़ी दूसरों से अलग और ज्यादा एथनिक दिखने के लिए इन दिनों चांदी के आभूषणों को खूब पहन रही है। लेकिन बाजार में गहनों की मांग के पीछे दो वजहें और भी हैं। एक तो ये हीरे और सोने के मुकाबले काफी सस्ते हैं, वहीं दूसरी वजह तन और मन की सेहत है। शायद चांदी के स्वास्थ्य के साथ इस रिश्ते की ही वजह है कि करीब-करीब सभी आरंभिक सभ्यताओं में लोग चांदी के गहनों को पहनते थे।

**चांदी में औषधीय गुण**

चांदी को प्राचीनकाल से ही उपचारात्मक गुणों से भरपूर माना जाता रहा है। यही वजह है कि मोहनजोदड़ो जैसी प्राचीन सभ्यता में भी चांदी के आभूषणों के निशान पाये गये हैं। दरअसल, चांदी के आभूषण हमें कई तरह की तन और मन की कमजोरियों व परेशानियों से बचाते हैं। इस विषय पर हुए कई अध्ययन बताते हैं कि चांदी के गहने पहनने से तन और मन दोनों को बहुत फायदे होते हैं। शायद यही वजह है कि इन दिनों चांदी के गहनों की बाजार में खूब मांग है। चांदी एक शक्तिशाली और रोगाणुरोधी एजेंट है। यह संक्रमण से लड़ने में मदद करती है, साथ ही सर्दी और फ्लू की रोकथाम, घाव भरने और बहुत सी दूसरी समस्याओं में भी मददगार है। शोधकताओं ने पाया है कि चांदी के गहने पहनने से हमारा मूड संतुलित रहता है और शरीर में ऊर्जा का स्तर बेहतर रहता है।

**ब्लड सकुर्लेशन में सहायक**

चांदी के गहने पहनने से हमारे रक्त संचार में सुधार होता है। शरीर का तापमान संतुलित रहता है और चांदी अपने गुणों के कारण स्वच्छता और प्रतिरक्षा को बनाये रखने में मददगार होती है। यही वजह है कि चांदी का हजारों औषधियों में इस्तेमाल होता है। चांदी के विभिन्न चिकित्सा उपकरण भी शरीर के लिए उपयोगी होते हैं। चांदी हमारी रक्तवाहिकाओं को लचीला बनाती है। साथ ही यह हड्डियों के निर्माण और उपचार के साथ त्वचा के रख-रखाव में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**विषैले पदार्थो की पहचान**

चांदी के गहने कुछ समय तक पहनने के बाद ही हम देखते हैं कि वे नीले पड़ जाते हैं। दरअसल, इनका नीला,पीला या मटमैला पड़ना हमारे शरीर की विभिन्न रासायनिक प्रतिक्रियाओं का नतीजा होता है। एक तरह से चांदी के गहने हमें यह बताते हैं कि हमारे शरीर में किस तरह से विषैले पदार्थों की मौजूदगी बढ़ गई है और डिटॉक्सीफिकेशन जरूरी है। अगर पहने हुए चांदी के गहने नीले पड़ जाते हैं तो पता चलता है कि शरीर में सोडियम बढ़ गया है। चांदी के गहनों का यह रंग देखकर हमें याद आ जाता है कि हमें नमक और नमकीन स्नैक्स कम खाने हैं।

# नेता जी जो कहें उनकी मर्जी...




**जीवीएस शास्त्री**

सामान्य व्यवहार में भी सामान्य जन इस बात का ध्यान रखता है कि ह्यचार लोग क्या कहेंगे? पर हमारे राजनेताओं को कुछ भी कहने-करने में संकोच नहीं होता। किसी ने भाजपा की उस नेत्री से यह नहीं पूछा कि उसने हत्याओं और बलात्कारों वाली बात किस आधार पर कही थी? और अब भी उसने अपनी उस आपराधिक गलतबयानी पर क्षमा क्यों नहीं मांगी? वस्तुतः जुमलेबाजी हमारी राजनीति का एक जरूरी हिस्सा बन गयी है। राजनेता और राजनीतिक दल इस जुमलेबाजी को अपना अचूक हथियार मानर चलते हैं। राजनीतिक स्वार्थ का साधना ही एकमात्र कसौटी है जिस पर वे अपने कहे-किये को नापते हैं! कौन भूल सकता है कि सत्तारूढ़ पार्टी के सर्वोच्च नेताओं में से एक ने बड़ी आसानी से प्रधानमंत्री की 15 लाख रुपये वाली बात को चुनावी जुमला कहकर पीछा छुड़ा लिया था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को महान घोषित करने वाले को कभी मन से न माफ कर पाने की बात भी हमारे प्रधानमंत्री ने ही कही थी– फिर उसी व्यक्ति को पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया गया! क्या यह नहीं पूछा जाना चाहिए कि क्या उस नेता को मन से माफ कर दिया गया है? कुछ भी कह कर भूल जाने का यह अधिकार राजनेताओं को किसने दिया है? और सवाल यह भी है कि क्या मतदाता को अपने नेता द्वारा कही गयी बात को याद नहीं रखना चाहिए?

नेताओं की ईमानदारी और मतदाता की सतत?् जागरूकता, दोनों, जनतंत्र की सार्थकता की शर्ते हैं। जरूरी है कि ये दोनों शर्तें हमें लगातार याद रहें और हम अपनी कथनी-करनी को इन कसौटियों पर लगातार कसते रहें। न तो हम किसी भी नेता को कुछ भी कहने की आजादी दे सकते हैं और न ही नेताओं को यह मानने का अधिकार कि वह कुछ भी कह कर बच निकल सकते हैं। यही नहीं, यह मतदाता का कर्तव्य और अधिकार है कि वह अपने नेताओं से उनके कहे-किये का हिसाब मांग सके।

बहरहाल, बात कहने वाली अभिनेत्री-नेता ने अब तक अपने कहे पर पश्चाताप व्यक्त नहीं किया है। हमारे नेता यह मानकर चलते हैं कि जनता की याददाश्त बहुत कमजोर होती है। आवश्यकता उनकी इस धारणा को गलत सिद्ध करने की है। नेताओं द्वारा कही गयी हर बात और किया गया हर काम जनता की अदालत में रखा जाना चाहिए। फैसला करने का अधिकार देश की जनता का है, इसलिए जनता का दायित्व बनता है कि वह नेतृत्व के आचरण पर कड़ी नजर रखे। पांच साल में एक बार वोट देना ही पर्याप्त नहीं है, इस बात का भी ध्यान रखना जरूरी है कि हमारे वोट से नेता बना व्यक्ति अपने वादों और दावों पर खरा उतर रहा है कि नहीं।

न हम उसे कुछ भी कहने-करने का अधिकार दे सकते हैं और न ही ऐसा अवसर उसे मिलना चाहिए कि वह हमें अपनी मुट्ठी में समझे। राजनेता और राजनीतिक दल, दोनों को यह बात समझनी होगी, और यदि वे नहीं समझते, तो उन्हें समझाना होगा दांव पर हमारा भविष्य लगा है!

# पितरों के श्राद्ध के नियम



**बासुकीनाथ पाण्डेय**

पितृ पक्ष 18 सितंबर से आंरभ होने वाला है। पितृ पक्ष अपने पूर्वजों को याद करने का, उन्हें नमन करने का समय होता है। साथ ही यह वर्तमान पीढ़ी को यह संदेश देने का वक्त होता है कि अपने से बड़ों का सम्मान करें। जहां निधन के बाद भी इतनी श्रद्धा से अपने बड़ों को याद किया जाता है, वहां बड़ों के प्रति स्नेह की सीख होनी तो स्वाभाविक है। यह श्रद्धा ही है कि हम अपने पूर्वजों की तस्वीरों को अपने घर में बहुत श्रद्धा से रखते हैं और उन पर पुष्प आदि अर्पण करते हैं। कुछ लोग पूर्वजों के चित्रों को आल्मारी या बॉक्स में बंद कर के रख देते हैं और इन्हें श्राद्ध या पितृ पक्ष के अवसर पर बाहर निकालते हैं। कहीं-कहीं व्यापारिक स्थलों पर पूर्वजों की बड़ी-बड़ी तस्वीरें या उनकी मूर्तियां भी दिख जाती हैं। अनेक नेता तो अपने जीते जी ही अपनी मूर्तियां सार्वजनिक स्थानों पर लगवा देते हैं। असल में यह वास्तु नियमों के विपरीत है। घरों में भी पूर्वजों के चित्र वास्तु नियमों के अनुसार रखे जाएं तो उनका आशीर्वाद बना रहता है और सुख-समृद्धि आती है।

वास्तु नियमों के अनुसार पितरों के प्रति श्रद्धा तो अगाध हो, लेकिन उनकी एक से अधिक तस्वीर न लगाई जाएं। इससे नकारात्मकता आती है। इसके साथ ही घर के प्रवेश द्वार के सामने पितरों की तस्वीर नहीं लगाई जानी चाहिए। इसके अलावा शयन कक्ष में भी पितरों की तस्वीर नहीं लगानी चाहिए। यह भी ध्यान रखें कि रसोई घर में पितरों की तस्वीर नहीं लगाई जाए। घर में पितरों की तस्वीर उत्तर दिशा में लगाई जानी चाहिए। माना जाता है कि पितरों की तस्वीर का मुख हमेशा दक्षिण दिशा की ओर होना चाहिए। दक्षिण दिशा को यम की दिशा माना जाता है। सभी पितर दक्षिण दिशा में निवास करते हैं। इसलिए दक्षिण दिशा में भी पितरों की तस्वीर लगाई जा सकती है।

शौचालय और स्नानघर के पास गलती से भी पितरों की तस्वीर ना लगाएं। भगवान की मूर्तियों के साथ भी पितरों की तस्वीर नहीं लगानी चाहिए। घर में पूर्वजों का फोटो मध्य स्थान में कभी नहीं लगाना चाहिए। कहा जाता है कि ऐसा करने से मान-सम्मान की हानि होती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, पितरों की फोटो को कभी भी घर के जीवित लोगों की तस्वीरों के साथ नहीं लगाना चाहिए। घर में अपने पुरखों की तस्वीर को कभी भी लटका कर नहीं रखना चाहिए। तस्वीरों को हमेशा लकड़ी के स्टैंड पर ही रखना चाहिए। पितरों के प्रति अगाध श्रद्धा रखें और वर्तमान पीढ़ी को भी बड़ों के सम्मान का संस्कार दें।

# वैश्विक स्तर पर वजूद खो रही है भाषाएं..



**कुसुम पी**

किसी भी समाज की संस्कृति और सभ्यता की जान उसकी भाषा में ही बसी होती है। किसी भाषा का खत्म होना, उस समाज का वजूद मिट जाना है, उस समाज की संस्कृति और सभ्यता का इतिहास के पन्नों में सिमट जाना है। इंसान के आधुनिक होने में उसकी भाषा का सबसे बड़ा योगदान रहा होगा, क्योंकि इसके जरिये ही उसने अपनी बात दूसरों तक पहुंचाई होगी। लेखन के आविष्कार का श्रेय 4000 ईस्वी पूर्व में मेसापोटामिया के सूमेरियनों को जाता है। आज हम जिस समय की गणना करते हैं, उसकी शुरूआत सुमेरियनों-बेबलीलोनियनों के काल में हुई थी। एक घंटे को 60 मिनट और एक मिनट को 60 सेकेंड में इन्हीं लोगों ने बांटा था। लेकिन अफ सोस की बात है कि आधुनिकता की अंधी दौड़ में इंसान अपनी मातृभाषा को ही भूलता चला गया. नतीजतन, आज दुनिया भर में हजारों भाषाएं अपना अस्तित्व खोने के कगार पर पहुंच गईं।

संयुक्त राष्ट्र संघ के सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को की रिपोर्ट एटलस ऑफ वल्ड्र्स लार्जेस्ट लैंग्वेज इन डेंजर-2009 में कहा गया है कि मौजूदा सभी भाषाओं में से तकरीबन 90 फीसद भाषाएं अगले 100 बरसों में अपना वजूद खो सकती हैं। दुनिया की तकरीबन 97 फीसद आबादी इनमें से सिर्फ चार फीसद भाषाएं बोलती है। एक अंदाज के मुताबिक, दुनिया भर में 6900 भाषाएं बोली जाती हैं। इनमें से 2500 भाषाओं की हालत बेहद चिंताजनक है। ये वह भाषाएं हैं, जो पूरी तरह से खत्म हो जाएंगी। दुनिया भर में 178 भाषाएं ऐसी हैं जिन्हें बोलने वाले लोगों की संख्या 150 से कम है। जिन देशों में भाषाएं खतरे में हैं, उनमें भारत शीर्ष पर है। यहां तकरीबन 196 भाषाएं दम तोड़ रही हैं। भारत के बाद अमेरिका दूसरे स्थान पर है, जहां भाषाओं की हालत चिंताजनक है। अमेरिका में 192 भाषाएं लुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। तीसरे स्थान पर इंडोनेशिया है, जहां 147 भाषाएं अपना वजूद खो रही हैं. दुनियाभर में 199 भाषाएं ऐसी हैं, जिन्हें एक दर्जन से भी कम लोग बोलते हैं। इनमें कैरेम भी एक ऐसी ही भाषा है, जिसे उक्रेन के सिर्फ छह लोग ही बोलते हैं। **ओकलाहामा में विचिता भाषा को महज दस लोग ही बोलते हैं।** इसी तरह लेंगिलू बोलने वाले भी सिर्फ चार लोग ही बचे हैं। पिछले एक दशक में भाषाओं की हालत बेहद गंभीर होती चली गई है। एक दशक पहले खत्म होने वाली भाषाओं की संख्या 900 थी, जो अब बढ़कर 2500 हो गई है. गौरतलब है कि अकेले इंडोनेशिया में 365 भाषाएं हैं। अफ्रीका में एक हजार से भी ज्यादा भाषाएं बोली जाती हैं. दुनिया में अंग्रेजी के बाद मेंडारिन भाषा बोलने वाली आबादी सबसे ज्यादा है। क्षेत्रीय भाषाओं में स्पेनिश दूसरे स्थान पर है। नई भाषाओं में अफ्रीकन ज्यादा बोली जाती है। सत्रहवीं और अट्ठारहवीं शताब्दी में अफ्रीका के दक्षिण हिस्से में डच कॉलोनी की स्थापना के लिए रोमन कैथोलिक और जर्मन भाषाओं को शामिल किया गया। बीसवीं शताब्दी में अफ्रीकन को डच और जर्मन से मिलाकर नई भाषा विकसित की गई। लंदन में 700 भाषाएं बोली जाती हैं।

भारत में खत्म होने वाली भाषाओं में से ज्यादातर क्षेत्रीय और कबीलाई बोलियां हैं। फरवरी 2010 में अंडमान निकोबार द्वीप समूह की तकरीबन 70 हजार साल से बोली जाने वाली एक आदिवासी भाषा का अस्तित्व खत्म हो गया। संस्था सर्वाइवल इंटरनेशनल के मुताबिक, अंडमान में रहने वाले बो कबीले की आखिरी सदस्य 85 वर्षीय बोआ सीनियर की मौत के साथ ही इस आदिवासी समुदाय की भाषा बो ने भी दम तोड़ दिया। इसी के साथ इस समाज की संस्कृति और सभ्यता भी खत्म हो गई। ग्रेट अंडमान में कुल 10 मूल आदिवासी समुदायों में से एक बो समुदाय की इस आखिरी सदस्य ने 2004 की सुनामी में अपना घरबार खो दिया था. वह स्ट्रैट द्वीप पर सरकार द्वारा बनाए गए शिविर में ज़िंदगी के आखिरी दिन गुजार रही थीं। भाषाई विशेषज्ञों का मानना है कि बो भाषा अंडमान में प्री-नियोलोथिक के वक़्त से इस समुदाय द्वारा बोली जा रही थी। अंडमान पर रहने वाले आदिवासियों को चार वर्गों में बांटा जा सकता है-द ग्रेट अंडमानी, जारवा, ओंग और सेंटिनीलीस. तकरीबन 10 भाषाई समूहों में विभाजित ग्रेट अंडमान के मूल निवासियों की आबादी साल 1858 में यहां ब्रिटिश कॉलोनी बनने तक 5500 से ज्यादा थी. फिलहाल ग्रेटर अंडमान में 52 मूल निवासी बचे हैं।

यूनेस्को की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में ठेठ आदिवासी भाषाओं पर विलुप्ति का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। भारत के हिमालयी राज्यों हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड आदि में तकरीबन 44 भाषाएं-बोलियां ऐसी हैं, जो जनजीवन से गायब हो रही हैं, जबकि ओडिसा, झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में ऐसी तकरीबन 42 भाषाएं खत्म हो रही हैं। 1961 की जनगणना के मुताबिक, भारत में 1652 भाषाएं थीं, जो 2001 में घटकर महज 234 ही रह गईं. पिछले चार दशक में भारत में 1418 भाषाएं लुप्त हो चुकी हैं। हो सकता है कि यह संख्या कुछ कम हो, क्योंकि इसमें उन भाषाओं को बाहर रखा गया है, जिन्हें बोलने वाले लोगों की तादाद दस हजार से कम है. मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री डी पुरंदेश्वरी के मुताबिक, भारत की 196 भाषाओं में से 84 भाषाएं असुरक्षित श्रेणी में हैं, जबकि 62 भाषाएं निश्चित तौर पर लुप्त होने के कगार पर हैं. इसी तरह छह भाषाओं को गंभीर रूप से लुप्त होने वाली भाषाओं की श्रेणी में रखा गया है, जबकि 35 भाषाएं अत्यंत गंभीर रूप से लुप्त होने वाली भाषाओं की श्रेणी में शामिल हैं। 1991 की जनगना में भारत में 1956 भाषाओं के वजूद को स्वीकार किया गया, जबकि 1796 भाषाओं को मातृभाषा के तौर पर स्वीकारा गया।

2001 की जनगणना के मुताबिक, भारत में तकरीबन 450 ऐसी भाषाएं हैं, जिनके बोलने वालों की तादाद दस हजार से भी कम है. बदलते वक़्त के साथ ये भाषाएं अपना अस्तित्व खो रही हैं।

दुनिया भर में सिर्फ 65 भाषाएं ही ऐसी हैं, जिन्हें एक करोड़ से ज्यादा लोग बोलचाल में इस्तेमाल करते हैं. इनमें 11 भारतीय भाषाएं भी शामिल हैं. इनमें से एक भाषा हिंदी भी है. मगर भारत में हिंदी का स्थान अंग्रेजी भाषा लेती जा रही है. संविधान के अनुचछेद-17 में इस बात का ज़िक्र है कि आधिकारिक भाषा को राष्ट्रीय भाषा नहीं माना जा सकता है. भारत के संविधान के मुताबिक, देश की कोई भी अधिकृत राष्ट्रीय भाषा नहीं है. यहां 23 भाषाओं को आधिकारिक भाषा के तौर पर मंजूरी दी गई है. संविधान के अनुच्छेद-344 (1) और 351 के मुताबिक, भारत में अंग्रेजी सहित 23 भाषाएं बोली जाती हैं, जिनमें आसामी, बंगाली, बोडो, डोगरी, गुजराती, कन्नड, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, तमिल, तेलुगु और उर्दू शामिल हैं. खास बात यह भी है कि राष्ट्रीय भाषा तो आधिकारिक भाषा बन जाती है।

**कॉर्टून वर्ल्ड**



## स्पीड न्यूज

### नशीले इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार



**रामगढ़।** 29 अगस्त को एसपी अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ़ थाना अंतर्गत कैथा शिव मंदिर के पास तालाब के निकट कुछ युवकों द्वारा नशीला पदार्थ (इंजेक्शन) की खरीद-बिक्री की जा रही है। एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में गुमटी के पास छापामारी की गई, इस दौरान एक व्यक्ति भवानी सिंह को पकड़ा गया तथा अन्य व्यक्ति भाग निकले। पकड़े गए व्यक्ति के पास से 26 पीस पेंटा जोसिन इंजेक्शन नशीला (इंजेक्शन) बरामद किया। बरामद नशीला (इंजेक्शन) के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि उक्त नशीला इंजेक्शन को भागे अन्य व्यक्ति द्वारा गुमटी मालिक को दिया जाता है।

### श्री अग्रसेन स्कूल में उद्योग प्रदर्शनी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लघु उद्योग दिवस के अवसर पर श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में चल रहे दो दिवसीय उद्योग एवं व्यापार पर आधारित प्रदर्शनी न्यू एरा बिजनेस कांसेप्ट का शनिवार को समापन हुआ। अंतिम दिन प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि वेंकटेश आयरन एंड अलॉय के मैनेजर ऑपरेशन्स हर्ष केडिया ने किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अलग-अलग उद्योग, सेवा और व्यापार पर आधारित तीन दर्जन से अधिक स्टॉल लगाया। अतिथियों और अभिभावकों ने इनके बनाये मॉडल और आईडिया की काफी सराहना की। इस अवसर पर निदेशक एकाडमिक ने एसके चौधरी, नरेश मंडल समेत कई अथिति मौजूद थे।

### कुजू में खेल प्रतियोगिता संपन्न



**कुजू।** सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता संपन्न हुआ। विद्यालय में एथलेटिक्स, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, भाला फेंक, कबड्डी, खो-खो, आदि खेलों के अंतर्सदनीय प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विजई प्रतिभागियों को प्राचार्य ने सम्मानित किया।

### तीन बच्चों का नेशनल प्रतियोगिता में चयन



भुरकुंडा (रामगढ़)। जेएसपी फाउंडेशन द्वारा संचालित जिंदल आशा की तीन बच्चे स्पेशल ओलंपिक द्वारा आयोजित नेशनल प्रतियोगिता के लिए राज्य स्तरीय टीम में भाग लेकर नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ग्वालियर मध्य प्रदेश के लिए रवाना हुए। 1 से 5 सितंबर 2024 तक चलने वाले इस प्रतियोगिता का गीता कुमारी, प्रीति कुमारी एवं अभिषेक कुमार स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का हिस्सा होंगे। साथ ही जेएसपी फाउंडेशन द्वारा संचालित महिला फुटबॉल टीम से दो आलिका लक्ष्मी कुमारी एवं अनामिका कुमारी का अंडर-14 आयु वर्ग में राज्य स्तरीय टीम के लिए चयन हुआ।

### कांग्रेस की सचिव बनी अंबा प्रसाद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विधायक अंबा प्रसाद को पार्टी का सचिव नियुक्त किया। इनके मनोनयन पर कांग्रेसियों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत कुमार तुरी, वरिष्ट कांग्रेसी चमन लाल, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय, विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार, पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हैं।

### बाबा गणीनाथ गोविंद की पूजा संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मध्य देशीय विकास समिति के तत्वावधान में शनिवार को गुरुदेव आश्रम धर्मशाला पटेलनगर भुरकुंडा में परम पूज्य श्रीश्री 1008 श्री बाबा गणिनाथ गोविन्द जी का वार्षिक महोत्सव धूमधाम मनाया गया। इसकी शुरूआत पुरोहित डॉ. आएन प्रसाद द्वारा बाबा गणीनाथ गोविंद जी की पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना, आरती, पुष्पांजलि एवं हवन के साथ की गई। तत्पश्चात झंडोत्तेलन, अभ्युदय गीत एवं श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। समारोह का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद गुप्ता ने किया। महोत्सव में रामचन्द्र प्रसाद, पप्पू गुप्ता, सहेंद्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, अनित गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, सुमित गुप्ता, मुन्ना गुप्ता, मिंटू गुप्ता रांची, चतरा, बोकारो, हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला से सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

### उप मुखिया ने किया पौधरोपण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत के उप मुखिया प्रशांत कुमार ने पिता स्व. प्रेम कुमार प्रसाद के पुण्यतिथि पर शनिवार को शिव नगर कॉलोनी स्थित शिव मंदिर तथा चित्रगुप्त मंदिर में फलदार पौधा लगाया और इसके संरक्षण का संकल्प लिया। कुमार ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन सुरक्षित रहेगा।

### सीएमडी ने वर्कशॉप का किया उद्घाटन



**कुजू।** सीसीएल सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह शनिवार को करोड़ों रुपए की लागत से बने नए वर्कशॉप का उद्घाटन किया। इसके बाद वह व्यू पॉइंट पर जाकर खान का निरीक्षण किया। मौके पर महाप्रबंधक राजीव सिन्हा, पवन कुमार, एसके सिंह, राजकुमार सिंह, समेत जीएम यूनिट एवं परियोजना के कई विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# उत्पाद विभाग की दौड़ में एक और युवक की मौत

## परिजनों ने जिला प्रशासन पर लगाया गंभीर आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग/पदमा।** पदमा प्रशिक्षण केंद्र में उत्पाद विभाग की बहाली में शुक्रवार को दौड़ के दौरान एक युवक चक्कर खा के गिर गया था। युवक को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृत्यु का कारण हार्ट अटैक होने की बात कही गयी है। मृतक की पहचान सूरज वर्मा ग्राम पोस्ट माणिकाबाद प्रखंड देवरी जिला गिरिडीह बताया जा रहा है। मृतक के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। परिजनों ने बताया कि मृतक सूरज वर्मा होनहार



युवक था। उसने जेपीएससी की पीटी पास किया था। अन्य प्रतियोगिता परीक्षा भी पास किय था। वह गुरूवार को हजारीबाग उत्पाद विभाग की बहाली में सिपाही दौड़ के लिए आया हुआ था। वह फिजिकली फिट था। उसे किसी तरह की कोई बिमारी नहीं थी। बताया जा रहा है कि दौड़ के दौरान

### उत्पाद विभाग के कमांडेंट को बर्खास्त करे सरकार : भाजपा

उसे चक्कर आया और उसकी स्थिति नाजुक हो गयी। हॉस्पिटल ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने कहा कि कहा कि प्रशासन की लापरवाही से इसकी मौत हो गयी। पदमा में इतना बड़ा दौड़ का आयोजन हो रहा है लेकिन ना वहा एम्बुलेंस की कोई सुविधा है और न मेडिकल की कोई सुविधा। अगर वहा मेडिकल की सुविधा होती तो सूरज की जान बच सकती थी। प्रशासन इसकी जवाबदेही तय करे और हमलोगों को मुआवजा दे। भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने कहा की उत्पाद विभाग के कमांडेंट को सरकार बर्खास्त करे। दौड़ में गरीब युवाओं की जान जा रही है। एक होनहार बिरवान किसी के घर का चिराग चिराग बुझ गया। बिना मेडिकल सुविधा के इतने बाद दौड़ का आयोजन हो क्यों किया गया। अगर झारखण्ड सरकार इस मामले पर कुछ नहीं करती है तो झारखंड हाई कोर्ट को स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए।

22 अगस्त को भी दौड़ के दौरान बलसागरा, मांडू निवासी महेश कुमार महतो की मौत हो गयी थी। परिजनों ने भी जिला प्रशासन व उत्पाद विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए थे। कहा था कि प्रशासन की लापरवाही से उसकी मौत हुई थी। अगर डॉक्टर की व्यवस्था होती तो महेश की जान बच सकती थी।

# रामगढ़ उपायुक्त ने नाजिर गुलाम को दिया वीआरएस

- **मनरेगा घोटाला में बीडीओ किस्टो बेसरा पर भी शिकंजा**
- **2014-15 में गोला प्रखंड में 74.62 लाख हुआ था घोटाला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार ने घोटाले और रिश्वत जैसे कारनामों में शामिल लोगों पर एक बार फिर कार्रवाई की है। गोला प्रखंड में पदस्थापित तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा पर प्रपत्र क गठित करने की तैयारी शुरू हो गई है। वहीं दूसरी तरफ घोटालेबाज नाजिर सह उर्दू अनुवादक मो गुलाम रसूल को वीआरएस दे दिया गया है। डीसी की इस कार्रवाई के बाद रामगढ़ जिले के घूसखोर, घोटालेबाज अधिकारियों और कर्मचारी के दम



फूलने लगे हैं। वर्ष 2014 - 2015 में गोला प्रखंड कार्यालय में मनरेगा अंतर्गत एफटीओ के प्रथम हस्ताक्षरी के पद पर पदस्थापित व तत्कालीन गोला प्रखंड नाजिर सह उर्दु अनुवादक मोहम्मद गुलाम रसूल पर मनरेगा की 124 योजनाओं में कुल 59 योजनाओं को डुप्लीकेट योजना बनाने का आरोप है। ऐसे डुप्लीकेट योजनाओं में कुल 74 लाख 62 हजार 632 रुपए की सुनियोजित तरीके से अवैध निकासी की गई थी। नाजिर ने अपने कार्यकाल के दौरान निर्गत किए गए 44 चेक का वितरण लाभुकों को नहीं किया था।

**डीडीसी के प्रतिवेदन में घोटाले की पुष्टि :** संबंधित मामले में विभागीय कार्रवाई के लिए संचालन पदाधिकारी के रूप में नियुक्त उप विकास आयुक्त के प्रतिवेदन के आधार पर डीसी चंदन कुमार द्वारा झारखंड सरकारी सेवक नियमावली 2016 के भाग V 14(ix) के अनुरूप मोहम्मद गुलाम रसूल के विरुद्ध अनिवार्य सेवानिवृत्ति का दंड अधिरोपित किया गया है। संबंधित मामला माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण संबंधित वाद में पारित आदेश के अनुरूप अनिवार्य सेवानिवृत्ति का आदेश प्रभावित होगा।

## कुजू में 20 टन अवैध स्टीम कोयला बरामद



**कुजू।** एसपी अजय कुमार के निर्देश पर कुजू पुलिस ने लकड़ी गेट में 20 टन अवैध स्टीम कोयला जब्त किया। जब्त कोयले को पुलिस ने सीसीएल को सौंपा। छापामारी के दौरान कोयला तस्कर भागने में सफल रहे। छापामारी की खबर पहले ही मिलने के बाद तस्कर काफी मात्रा में डंप स्थान से कोयला हटाने में कामयाब रहा। तस्करों ने लकड़ी गेट स्थित एक आवास के चारदिवारी के अंदर भारी मात्रा में स्टीम कोयला बोरा में भर कर रखा था। रात में यह कोयला ट्रक के माध्यम से डेहरी, बनारस के कोयला मंडी में बिक्री के लिए भेजा जाता है। सूचना के बाद गुरुवार देर शाम कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे को कोयला जब्त करने का निर्देश दिया। प्रभारी ने सुबह बजे सीसीएल के सुरक्षा विभाग को मौके पर बुलाया। इसके बाद अवैध कोयले जब्त किया।

## बरही के सभी गांवों में नये पोल व तार लगेंगे : उमाशंकर अकेला

**बरही।** विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि सभी गांवों में पुराने बांस-बल्ली के पोल हटाए जाएंगे और नए पोल और तार लगाए जाएंगे। ट्रांसफार्मर की कमी भी जल्द दूर की जाएगी। 30 अगस्त को रांची में झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के के वर्मा से मुलाकात के दौरान अकेला ने बरही विधानसभा के लिए 200 केवीए, 100 केवीए, और 63 केवीए के ट्रांसफार्मरों की मांग की। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में ट्रांसफार्मरों के खराब होने की अधिक शिकायतें आ रही हैं और हजारीबाग में ट्रांसफार्मरों की अनुपलब्धता के कारण क्षेत्रवासियों को समय पर ट्रांसफार्मर नहीं मिल पाते। अकेला ने भगहर और भंडार के गांवों के कनेक्शन को कोडरमा से हटाकर चौपारण सब स्टेशन से जोड़ने की भी मांग की। इसके साथ ही, प्रबंध निदेशक ने जानकारी दी कि झारखंड ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत बरही विधानसभा के 114 टोलों में बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में यदुनंदन यादव और अज्जू सिंह भी उपस्थित थे।

# सैकड़ों लोग कांग्रेस छोड़ आजसू में शामिल

## विस्थापितों को हक दिलायेंगे : रोशनलाल चौधरी

**केरेडारी।** ग्राम जोरदाग के हरिजन मुहल्ला में चोहन राम तथा ब्रजेश राम के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस पार्टी को छोड़कर आजसू पार्टी तथा बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के नीति सिद्धांत एवं कार्यों से प्रभावित होकर आजसू पार्टी का दामन थामा। रोशनलाल चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया। चौधरी ने कहा कि विगत कई वर्षों से आपलोगों ने जो कंपनियों से विस्थापन का दंश और पिछले 15 वर्षों से यहां के विधायक से झूठ का दंश झेल रहे हैं उसका निजात करने का वो वक्त अब आ गया है जब हम सभी मिलकर अपने हक अधिकार के लिए गोलबंद होकर लड़कर हक अधिकार लेंगे।



**ये हुये शामिल :** चोहन राम,बृजेश राम,जितेंद्र राम,विनोद राम,छक्कन राम,कोलेश्वर राम,विराज राम, सुरेश राम,विराट राम,आकाश कुमार, भोला राम, नागेश्वर भुइंया, दिनेश ठाकुर, निर्मला ठाकुर,महेंद्र भुइंया, सूरज कुमार,आशीष कुमार, प्रदीप राम, राजू राम, राजू भुइंया, पुरण राम, जुगेश्वर राम,विकास कुमार,किटन राम,अनुज राम,ठेगू भुइंया, मनोज राम, संदीप राम, शंकर राम,किशन राम, पुरुषोत्तम कुमार, रोशन कुमार,सचिन कुमार, रुपलाल राम,प्रकाश राम,कुंजल राम,प्रकाश कुमार महतो, कार्तिक महतो, कैलाश महतो, पंकज महतो, दिलीप राम, सुदामा महतो, दीपक महतो,निर्मल महतो, खेमलाल महतो सहित सैकड़ो लोगों ने पार्टी का दामन थामा।

## लायंस क्लब ने शीतला देवी मंदिर में किया भंडारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा पिछले सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित रामकुमार पाठक द्वारा शीतला माता की पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद मां को




भोग लगाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जोन चेयरपर्सन एमजीएफ डॉ. राजेंद्र महतो व विजयंत कुमार ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 350 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया।लायंस क्लब के लोगों ने सभी को खिचड़ी प्रसाद खिलाया।

## पीवीयूनएल में पहले यूनिट एक का बॉयलर लाइट अप



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूनएल पतरातू ने पहले यूनिट एक बॉयलर के लाइट अप के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। यह उपलब्धि प्लांट की उत्पादन यात्रा में एक अहम भूमिका निभाएगी। इस उपलब्धि पर पीवीयूनएल के अधिकारियों व कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। इस ऐतिहासिक अवसर पर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आरके सिंह, महाप्रबंधक (संचालन एवं रख-रखाव) देवदीप बोस और विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

# सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया : सुदेश महतो

- **दो महीने ईमानदारी से काम करे कार्यकर्ता : चंद्रप्रकाश चौधरी**
- **मांडू विधानसभा की जनता ही मेरा सबकुछ : तिवारी महतो**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** राज्य की जनता ने जिस विश्वास के साथ हेमंत सरकार को सत्ता में लाया, वही सरकार लोगों को ठग रही है। उक्त बातें आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कही। श्री महतो शनिवार को कुजू मुरपा तरवाटांड़ में आयोजित आजसू द्वारा मांडू विधानसभा स्तरीय चुल्हा प्रमुख सम्मेलन में हजारों कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने चुनाव में जीतने भी वायदा किया आज तक एक भी वायदा को पूरा नहीं कर पायी। उन्होंने राज्य में इतने भ्रष्टाचार किया कि उनको जेल तक जाना पड़ा। ऐसे मुख्यमंत्री पर जनता कैसे विश्वास करेगी। उन्होंने कहा कि समय आ गया है अब राज्य में एनडीए की सरकार बनाने की। एनडीए की सरकार सभी



जनता का मान-सम्मान करने के साथ उनका हर हाल में विकास करेगी। उन्होंने कहा कि आजसू का एक ही प्राथमिकता है जनता का विकास। उन्होंने हेमंत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार के विफलता तो देखिए पंचायतों में चौथी बार सरकार आपके द्वार की टेंट लग रही है। जो विकास एक बार में नहीं हुआ वो अब कहां से होगा। उन्होंने कार्यक्रम में आये सभी चुल्हा प्रमुखों से आग्रह किया कि 2019 से सबक लेते हुए पूरी निष्ठा के साथ इस बार के विधानसभा चुनाव में मांडू से तिवारी महतो को जीताकर विधानसभा भेजने का काम करे। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत एजेकेएसएस के कुजू क्षेत्रीय सचिव रामभजनलाल महतो के नेतृत्व में 101 किलो का माला पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी व संचालन जिला सचिव लालचंद महतो तथा उमेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि चुल्हा प्रमुख आप सभी लोग दो माह लगातार कार्य करे, निश्चित तौर पर मांडू विधानसभा से आजसू प्रत्याशी की जीत होगी। उन्होंने कहा कि पिछले बार जो हमने गलती की उसको न दोहराते हुए पूरे उत्साह के साथ इस बार तिवारी महतो को जीताना है। रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने भी संबोधित किया।

## एक नजर में

### बीएसएफ कैंप में युवा संसद प्रतियोगिता संपन्न



**दारू।** प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय बीएसएफ मेरू कैंप स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, हजारीबाग द्वारा आयोजित 35 वीं 2 दिवसीय संभागीय युवा संसद प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हुआ। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय संगठन, रांची संभाग के विभिन्न 7 विद्यालयों के प्रतिनिधि छात्रो ने भाग लिया। छात्रों ने सत्ता पक्ष और विपक्ष की भूमिका निभाते हुए विभिन्न विषयों पर बहस की। छात्रों ने सांसद और मंत्री की भूमिका निभाई व विभिन्न सम-सामयिक मुद्दों पर सवाल जवाब किए। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे के एस बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हर स्कूल के 06 छात्रों को पुरस्कृत किया एवं निर्णायक मंडल द्वारा विजेता घोषित किए गए। प्रथम पुरस्कार- केन्द्रीय विद्यालय, सीआरपीएफ, रांची। द्वितीय पुरुस्कार- केन्द्रीय विद्यालय बोकारों नंबर-1, तृतीय पुरुसकार- केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातु बुरू।

### बकसपुरा पंचायत में संघर्ष समिति का गठन

**विष्णुगढ़।** बकसपुरा पंचायत में शुक्रवार को जेबीके एसएस पंचायत कमिटी की गठन को लेकर बैठक हुई, इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो एवं संचालन युवा संसद सह प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश कुमार ने की। सर्वसम्मति से संरक्षक भागीरथ महतो, कमल सिंह, बिनोद साव, लाखो महतो, पंचायत अध्यक्ष मुकेश कुमार, वरीय उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो, उपाध्यक्ष बसंत सिंह, किशोर राम, नवरत्न कुमार, उदय महतो, सचिव गांगो कुमार, सह सचिव महेश महतो, राजेश महतो,संगठन मंत्री महेंद्र महतो हेमंत महतो,प्रमोद कुमार, मीडिया प्रभारी कैलाश महतो, वार्ड सदस्य वीना देवी, तेजिया देवी , उषा देवी, हेमंत महतो, धानेश्वर महतो, कुंजलाल महतो, विनय कुमार, जितेंद्र महतो, मथुरा सिंह, अनिल सिंह, प्रकाश महतो, प्रेमचंद महतो, नरेश कुमार, कौलेश्वर महतो, नरेंद्र महतो,समेत अन्य को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।

### किसानों को दी गयी कृषि की जानकारी

**विष्णुगढ़।** ग्राम नरकी कला पंचायत नरकी में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन वीसी अभिकरण(आत्मा) हजारीबाग की ओर से आत्मा समेति सहायय अनुदान योजना अंतर्गत कृषक गोष्ठी सह प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। आत्मा के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राणा ने उपस्थित किसानों को कृषि से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी। उन्होंने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मिट्टी नमूना संग्रह विधि , मिट्टी जांच के फायदे ,बीजोपचार ,टपक सिंचाई सिस्टम ,खरीफ एवं रब्बी में लगने वाले कीट ब्यधि एवं उनके निदान, किसान समृद्धि योजना के तहत 2 एच पी 5 एच पी सोलर पंप सेट से खेत की सिंचाई ,झारखंड मिनट मिशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड , के सी सी ऋण माफी योजना ,राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित कई जानकारियां दी। इस मौके पर मनीष कुमार ,अभय कुमार किसान मित्र ललन गंजू सहित काफी संख्या में महिला एवंपुरुष किसान उपस्थित थे।

### कटकमसांडी में दो शिक्षक हुये सेवानिवृत्त



**हजारीबाग।** कटकमसांडी प्रखंड के दो शिक्षक राजेन्द्र कुमार सिन्हा व महेंद्र कुमार शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। राजेन्द्र कुमार सिन्हा उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुलमी व महेंद्र कुमार प्राथमिक विद्यालय मायापुर में पदस्थापित थे। राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। विद्यालय में भले ही सेवाकाल पूरा हो जाए, मगर एक अध्यापक आजीवन अपने चारों ओर ज्ञान का प्रकाश फैलाया करते हैं। वहीं महेंद्र कुमार ने सेवाकाल के दौरान अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा में नवाचार के विशेष मायने हैं।

### विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस मना



**कटकमसांडी।** विश्व हिंदू परिषद के 60वें स्थापना दिवस पर शनिवार को छड़वा काली मंदिर में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में संघ के जिला संघ चालक श्रद्धानंद सिंह शामिल हुए। मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक प्रशांत सिंह,जिला मंत्री मन संचालन अरविंद मेहता,पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, आदि अतिथि मंचासीन रहे। संघ चालक श्रद्धानंद सिंह ने कहा कि 60 वर्षों में विश्व हिंदू परिषद ने हिंदू समाज को एकत्रित करने पर हिंदू समाज में समरसता का भाव उत्पन्न करने का कार्य कर रहा है। विश्व हिंदू परिषद द्वारा बहन बेटियों की रक्षा के लिए दुर्गा वाहिनी कार्य कर रही है। गौ माता को हमे आदर सम्मान से पालन करना होगा। जैविक खेती को लेकर युवाओं को अग्रसर करना होगा, हिंदू धर्म से जुड़े कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की। जिला संघ के संयोजक प्रसांत सिंह ने कहा कि हमलोग के बहन बेटियों पे जिस तरह अत्याचार हो रहा है उस में हम सभी हिंदू भाई को एक जुट हो कर बहन बेटियों को सुरक्षा मुहैया करना हम सभी हिंदू भाई का कर्तव्य है।

### खैरा पंचायत में आज लगेगा शिविर

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज ने प्रखंड कर्मियों संग आठों पंचायत के जनप्रतिनिधियों को 1 से 10 सितंबर तक शिविर लगाए जाने वाले पंचायत अनुसार कार्यक्रम तिथि को निर्धारित कर सूचना पत्र निकालकर सभी को शिविर स्थल में मौजूद रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने की आग्रह किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर में टाटीझरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी विभाग आपके पंचायतों में लगने वाले शिविर में जायेंगे। जिसमें योग्य लाभुक योजनाओं को चयन कर आवेदन ऑनलाइन फॉर्म भरकर सबंधित विभाग में दे।

### थाना प्रभारी से मिले शिबू प्रसाद सोनी

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी से झरपो पंचायत मुखिया सह 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी ने शनिवार को पेन डायरी उपहार भेंट कर मुलाकात की। श्री सोनी ने थाना प्रभारी से टाटीझरिया थाना और संपूर्ण प्रखंड क्षेत्र के झरपो, भराजो, खैरा,डूमर, धरमपुर, बेड़म, डहरभंगा, टाटीझरिया आठों पंचायत के विभिन्न गांवों से थाना परिसर में आए हुए आम जनता की समस्याओं को समाधान करने को लेकर आग्रह किया। थाना प्रभारी ने हुए कहा कि हर संभव क्षेत्र की जनता को प्रशासनिक नियमावली के अनुसार न्याय मिलेगा।

### बरही में अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त

**बरही।** बरही पुलिस और सीओ रामनारायण खलखो ने शनिवार को छापेमारी कर अवैध रूप से बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया। छापेमारी गया रोड पर हुई, अवैध बालू खनन की गतिविधियों की सूचना मिली थी। गुप्त सूचना पर पुलिस और सीओ ने ट्रैक्टर को पकड़ा। ट्रैक्टर पर बिना किसी वैध कागजात के बालू लदा हुआ था।

### सेवानिवृत्त शिक्षक बैजू राम को दी गयी विदाई

**दारू।** मेदकुरी पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय के शिक्षक बैजू राम शनिवार को सेवानिवृत हो गये। विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षक को विदाई दी। विदाई के मौके पर प्रखंड के सभी शिक्षक, अभिभावक व विद्यालय के 650 बच्चों की आँखे नम हो गयी। सेवानिवृत शिक्षक भी इस माहौल मे अपने आंसुओ को नही रोक पाए। प्रखंड के सभी विद्यालय के शिक्षकों ने उपहार व प्रशास्ती पत्र देकर दी विदाई।

# प्रशिक्षु डॉक्टर की हत्या और गर्तगामी समाज

कुलभूषण उपमन्यु



कोलकाता डॉक्टर बलात्कार-हत्या | पिता ने इंटरव्यू में बताई दिल दहला देने वाली बातें: 'एक रात में सपने टूट गए'

**कोलकाता** में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की जघन्य हत्या की गुत्थी उलझती जा रही है। पूरा देश हतप्रभ है कि ये हो क्या रहा है जिस तरह की संभावना सीबीआई जांच में उभर कर आ रही है, वे सोच से परे की गिरावट का परिदृश्य पैदा करने वाली है। एक चिकित्सा संस्थान कैसे यौन अपराध का रैकेट चालक, ड्रग तस्करी में लिप्त और अवैध अंग तस्करी जैसी जघन्य गतिविधियों का ठिकाना हो सकता है। उस अपराध की शिकार महिला से बलात्कार के पीछे के कारणों में यदि अंग तस्करी और ड्रग तस्करी जैसी अपराधिक गतिविधियां भी जुड़ी हों तो यह मामला अति गंभीर श्रेणी का हो जाता है, जिस पर से पर्दा उठना अत्यावश्यक हो जाता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि जिन के ऊपर न्यायिक प्रक्रिया में मददगार होने की प्रशासनिक जिम्मेदारी है, वही प्रशासन अपराधियों का संरक्षण करता दीखता है।

स्वयं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का व्यवहार कितना ओछा और हैरान करने वाला है। जब वे प्रशासनिक कर्तव्यों का निर्वहन करने के बजाये स्वयं यात्रा निकाल कर घटना का विरोध करने निकल पड़ती हैं। यह समझ नहीं आता कि वे किसका विरोध कर रही हैं और किससे सजा दिलाने की मांग कर रही हैं। यह तो राज्य सरकार का ही कार्य है और वही राज्य की मुखिया हैं। शक के दायरे में कॉलेज के प्रिंसिपल का व्यवहार भी है। उसे बचाने के प्रयास क्यों किये जा रहे हैं। जिसे हत्या की सूचना पुलिस को समय पर न देने का जिम्मेदार ठहरा कर निलंबित किया जाना चाहिए था, उसे दूसरे कॉलेज का प्राचार्य बना कर पुरस्कृत करने या संरक्षित करने का कार्य हैरान करने वाला है। सवाल यह है कि हत्या के प्रकट मामले को आत्महत्या क्यों दिखाने के प्रयास हुए हैं।

इसमें पुलिस प्रशासन की भूमिका क्यों संदिग्ध बनी हुई है। प्रथम दृष्टया हत्या दिखने वाले मामले को पुलिस आत्महत्या दिखाने का प्रयास करे तो यह बहुत गंभीर मामला बनता है। पूरे केस की जांच करके सच्चाई को न्यायालय के सामने अपराधी को दंडित करने के लिए पेश करना, असल जिम्मेदारी पुलिस की ही है। आरंभिक जांच में ऐसी कोताही बरतना अक्षम्य है जांच के लिए घटनास्थल पर सबूतों को एकत्र करना, सबूतों को संरक्षित करना पुलिस की ही जिम्मेदारी है। इसमें पुलिस सोई हुई क्यों लगती है। क्यों घटनास्थल को खुला छोड़ कर साक्ष्यों को नष्ट करने का मौका अपराधी तत्वों को दिया गया। जांच कार्य के बीच में ही घटनास्थल के साथ तोड़फोड़ करने के पीछे क्या मंशा है। ऐसे कई संदेह पैदा करने वाले तथ्य खबरों से निकल कर आ रहे हैं। वैसे ममता के कार्यकाल में अराजकता के अनेक मामले पहले भी उभरते रहे हैं। संदेशखाली की घटना तो अभी ताजा ही है। चुनाव के बाद की हिंसा में विरोधियों को प्रताड़ित करने की छूट और उस पर राजनेताओं और प्रशासन की चुप्पी, पंचायत चुनावों के बाद हुई खुली हिंसा पश्चिम बंगाल में प्रशासन की निष्पक्षता को संदिग्ध बनाते हैं, जहां विरोधी दलों के समर्थकों के साथ हिंसक प्रतिकार की छूट प्रशासन द्वारा दी जाती है।

यहां तक की गवर्नर और राज्य की उच्च न्यायालय भी इस पर टिप्पणियां करते रहे हैं। कानून व्यवस्था के मामलों में इस तरह का भेदभाव व्यवस्था को कमजोर करता है और आपराधिक भूमिका वाले लोगों के हौसले बढाता है। किसी भी प्रजातांत्रिक व्यवस्था को इससे बचना चाहिए। प्रजातंत्र का मूल तो कानून का शासन है, जिसमें भेदभाव की कोई गुंजाइश नहीं हो सकती। शायद बंगाल, वामपंथी शासन के समय की इलाका दखल संस्कृति से अभी उबर नहीं पाया है, या ममता बनर्जी ने भी उसी कार्यप्रणाली को अपना लिया है ताकि विरोध के स्वरों को उठने ही न दिया जाए। यह एकदलीय शासन की स्थापना की इच्छा का द्योतक है। विरोधी पक्ष भी ऐसी स्थितियों में राजनीतिक लाभ के चच्कर में पड़ने लग जाता है। एक ऐसी अस्वस्थ बहस होने लग जाती है कि आपके शासित राज्य में भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। सच में ऐसा हो भी रहा है अभी देहरादून में एक मानसिक रूप से कमजोर लड़की के साथ दुराचार का मामला सामने आया है। अपराधी पकड़े गए हैं किन्तु मेरी गलती और तेरी गलती करके गलती माफ नहीं की जा सकती।

असल बात यह है कि जहां भी ऐसी घटना हो वहां अपनी प्रशासनिक और राजनीतिक जिम्मेदारी दलगत ओछी राजनीति से ऊपर उठ कर पूरी की जानी चाहिए। निर्भया मामले के बाद लगा था कि हालात सुधरेंगे किन्तु नहीं। केवल कानून सख्त बना देने से काम होना वाला नहीं, कानून को लागू करने वाली मशीन भी गंभीर होनी चाहिए। और अंत में यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हमारे बच्चों को नैतिक तरबियत जो घर से ही दी जा सकती है। उसका ध्यान रखा जाना चाहिए।

कानून तो उल्लंघन करने वालों के लिए ही है। यदि आपराधिक सोच ही कम होती जाए तो ऐसी घटनाएं होना ही कम हो जाएंगी। यह काम तो घरों से ही शुरू होना चाहिए। आशा की जानी चाहिए कि पीड़ित महिला डॉक्टर को न्याय मिलेगा और आगे के लिए भी सुधार का मार्ग सुनिश्चित हो सकेगा। तब तक जागते रहें।

# जनाब ! सिर्फ क्रिकेट को खेल मत समझिये

डॉ सत्यवान सौरभ

**समावेशी** खेल संस्कृति सभी एथलीटों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करती है, चाहे वे किसी भी खेल में भाग लें। भारत में, क्रिकेट का वर्चस्व अन्य खेलों पर हावी है, जिससे विभिन्न खेलों में सीमित विकास होता है। युवा मामले और खेल मंत्रालय के अनुसार, जहां क्रिकेट के बहुत से प्रशंसक हैं, वहीं एथलेटिक्स, हॉकी और बैडमिंटन जैसे खेल अपर्याप्त बुनियादी ढांचे और धन की कमी से जूझ रहे हैं। क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों के सीमित विकास के पीछे अपर्याप्त धन और बुनियादी ढांचा है। क्रिकेट की लोकप्रियता कॉरपोरेट घरानों की देन है। क्रिकेट कॉरपोरेट और सत्ता का खेल है और इन्हें ही लाभ पहुंचाने के लिए खेला जाता है। इसलिए इस खेल से परहेज किया जाए और इसकी लोकप्रियता को नशा न बनने दिया जाए, अन्यथा कॉरपोरेट और सत्ताधारियों की चांदी कटती रहेगी। क्रिकेट के अलावा ज्यादातर खेल अपर्याप्त वित्तीय सहायता और निम्नस्तरीय बुनियादी ढांचे से जूझ रहे हैं।

हॉकी, भारत का राष्ट्रीय खेल होने और एक गौरवशाली इतिहास होने के बावजूद, हॉकी खिलाड़ियों को अकसर पुराने प्रशिक्षण मैदान, अपर्याप्त उपकरण और सीमित वित्तीय सहायता का सामना करना पड़ता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका प्रदर्शन प्रभावित होता है। मीडिया और जनता का ध्यान अन्य खेलों में न के बराबर है। क्रिकेट पर मीडिया का अत्यधिक ध्यान अन्य खेलों को दरकिनार कर देता है, जिससे उनकी दृश्यता और प्रशंसक आधार कम हो जाता है।

बैडमिंटन में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों के बावजूद , इस खेल को शायद ही कभी मीडिया का उतना ध्यान मिलता है जितना क्रिकेट को मिलता है, जिससे जनता के बीच इसका आकर्षण सीमित हो जाता है। अन्य खेलों के लिए जमीनी स्तर पर विकास कार्यक्रमों का अभाव है।

क्रिकेट के विपरीत, जिसमें जमीनी स्तर पर विकास की मजबूत व्यवस्था है, कई अन्य खेलों में युवा प्रतिभाओं को निखारने के लिए संरचित कार्यक्रमों का अभाव है। भारत के एथलेटिक्स परिदृश्य में समर्पित कार्यक्रमों की अनुपस्थिति के कारण कम उम्र में प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें निखारने में संघर्ष करना पड़ता है।सीमित कॉरपोरेट प्रायोजन मुख्य रूप से क्रिकेट में प्रवाहित होता है, जिससे अन्य खेलों को न्यूनतम वित्तीय सहायता मिलती है । इससे कम टूनार्मेंट, अपर्याप्त प्रशिक्षण सुविधाएं और एथलीटों के लिए कम वेतन मिलता है।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं का नरसंहार

डॉ. सत्या चौधरी




**लोकतंत्र**-जनता की, जनता द्वारा, जनता के लिए सरकार है। किंतु पांच अगस्त 2024 को जिस प्रकार से बांग्लादेश में बांग्लादेशियों द्वारा चुनी हुई शेख हसीना की सरकार का तख्ताापलट हुआ वो वैश्विक परिदृश्य में एक निंदनीय कृत्य है। बांग्लादेश के पहले प्रधानमंत्री व राष्ट्रपिता की उपाधि से विभूषित बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की प्रतिमा के साथ हुई बदसलूकी इन इस्लामिक जेहादियों की जाहिलियत और कट्टरता को दशार्ती है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा पूरे घटनाक्रम में अमेरिका और पाकिस्तान के षड्यंत्रों की आशंका के बावजूद भारत के तथाकथित स्वघोषित बुद्धिजीवियों अथवा आन्दोलनजीवियों द्वारा इसे राजनीतिक अपरिपक्वता, छात्र आंदोलन, तानाशाही व निरंकुश शाशन का परिणाम बताना आम भारतीयों के लिए चौंका देने वाला है।

बांग्लादेशी सरकार के तख्तापलट से पहले और बाद में होने वाली घटनाओं का बारीकी से अध्ययन करने पर पता चलता है कि इनका पैटर्न 16 अगस्त 1946 को मुस्लिम लीग और मुहम्मद अली जिन्ना द्वारा कारित ' डायरेक्ट एक्शन ' से मिलता जुलता है जिसका एकमात्र उद्देश्य हिंदुओं का नरसंहार, हिंदू महिलाओं का बलात्कार, अपहरण, हिंदुओं की सम्पत्ति का अपहरण, लूटपाट व जाति विशेष का समूल नाश है। इस बीच भारत के बंटवारे से पहले 1941 में मौलाना अबूल आला मौदूदी द्वारा लाहौर में स्थापित जमात-ए-इस्लामिक जो कि एक इस्लामिक राजनीतिक दल है, जिसका मकसद खुदा की सल्तनत स्थापित करना है और जिसकी एक शाखा जमात-ए-इस्लामिक (जेईएल) बांग्लादेश में भी सक्रिय है कि भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है।

पहले जेईएल बांग्लादेश अथवा जेल बांग्लादेश ने अवामी लीग की सरकार से करीबियों का फायदा उठाकर अपने जेहादी कट्टरपंथियों को ऊंचें पदों पर बैठाकर भविष्य में होने वाली हिंसा की तैयारियों को सुनिश्चित किया जिसमें हिंदू आबादी वाले क्षेत्रों में जेहादियों की भर्ती, हिंदुओं के मंदिरों व प्रतिष्ठानों की मार्किंग की गई जिससे दंगों के दौरान उग्र भीड़ की आड़ में हिन्दू नरसंहार व महिलाओं के बलात्कार को वीभत्स तरीके से अंजाम दिया जा सके। जेल बांग्लादेश ने छात्र आंदोलन को देशव्यापी बनाकर अवसर मिलते ही शेख हसीना को देश से निष्काषित कर अपने मंसूबों को अंजाम दिया और बर्बरतापूर्ण वीभत्स तरीके से खुलेआम नरसंहार और बलात्कर की घटनाओं को अंजाम दिया जिसमें अबतक लगभग दस हजार लोगों के हताहत होने का अनुमान है।

ढाका विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अब्दुल बरकत की 2016 में प्रकाशित पुस्तक के अनुसार 1964 से 2013 के मध्य बांग्लादेश में लगभग एक करोड़ हिन्दू आबादी हत्या, अपहरण, धर्म परिवर्तन अथवा विस्थापन के कारण विलुप्त हो गई, ध्यान देने योग्य तथ्य है कि 1950 में बांग्लादेश में हिन्दू आबादी 22 प्रतिशत थी जो आज घटकर लगभग आठ प्रतिशत बची हुई है। वर्तमान में बंगलादेश के अन्तरिम सरकार के मुखिया प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस का ढाकेश्वरी मंदिर जाना अथवा हिन्दू अल्पसंख्यकों के संरक्षण व संवर्धन की बातें करना 1950 के नेहरू - लियाकत समझौते की तरह कोरी कल्पना लगती है जिसका पालन भारत ने तो किया किंतु पाकिस्तान में हिन्दू अल्पसंख्यक आज भी अपने अधिकारों व संरक्षण की बाट जोह रहे हैं। आज जरूरत है कि ' वसुधैव कुटुम्बकं ' और ' सर्वे भवन्तु सुखिनः ' के साथ -साथ भारत की सरकार व हिन्दू समाज ' वीर भोग्या वसुन्धराः ' के मंत्र की अनुपालना में इजराइल की सरकार व यहूदियों से सीख लेते हुए बांग्लादेशी हिंदुओं के सुरक्षा हेतु सभी मोर्चों पर मजबूती से अपनी भावाभिव्यक्ति को रखें, क्योंकि कट्टरपंथी जेहादियों के दमन का मात्र यही एक रास्ता शेष है जिसे धर्मनिरपेक्षता के दृष्टिकोण से देखना असम्भव है।

(लेखक, सामाजिक चिंतक हैं।)

# सोशल मीडिया पर सावधान

रानी राज



**बहन बेटियां , सावधान (अपवाद अछूते रहें इस पोस्ट से, सारे एक से न होते)**

**जब** कोई रिश्तेदार मामा, चाचा, ताऊ, फूफा, मौसा पड़ोसी, कजिन भैया आदि प्रकार का रिश्ता किनारे रख कर तुमसे कहने लगे रिश्ते अपनी जगह ,पर मैं तो तुम्हें अपनी फ्रेंड मानता हूँ।

तुम एक मॉर्डन गर्ल हो आज के जमाने की तो पुराने टाइप के रिश्ते मत मानो।

तो अपने माता पिता भाई को बता दो क्योंकि उनकी नीयत में खोट है।

फेसबुक के फ्रेंड किसी फ्रेंडशिप के प्रतीक नहीं हैं । फेसबुक फ्रेंड मतलब फालतू के फ्रेंड, सिर्फ ऑनलाइन हैं ये,

इनसे जिंदगी पर तब तक कोई फर्क नही जबतक असल जिंदगी में न मिलो।।।

अतः फेसबुक पर उनकी फ्रेंड रिक्वेस्ट को संदेह से न देखो....

पर इनबॉक्स और व्हाट्सअप में वीडियो कोटेशन शेयर करने लगें तो सावधान।

पुरुषों के हथकंडे -

वे तुमसे ऐसे बातें करेंगे कि दर्द आंखों से छलक पड़े

स्वयं को अपनी पत्नी के पिछड़ेपन से त्रस्त दिखाएंगे

खुद हैंडसम बने रह कर जताएंगे कि बहुत पुराने विचारों की पत्नी मिली है,दर्द किससे कहे...

तुम अगर कह बैठी कि मुझसे कहिये, मै हूँ न तो बस तुम्हारा जीवन उनके हवाले हो गया।

पत्नी को बीमार बता सकते हैं

पत्नी के अवैध संबंधों की झूठी बात बता कर सहानुभूति लूटेंगे..

तुम्हें सुंदर और इंटेलीजेंट बता कर काबू करेंगे,

तुम में उन्हें अचानक ऐश्वर्या, सानिया, कल्पना चावला दिखने लगेगी।

तुम्हारी मम्मी - पापा की ज्यादा केअर शुरू करेंगे,

तुम्हें वो गिफ्ट करना शुरू करेंगे जो पापा नहीं दे सकते

कोई कुछ कहेगा भी नहीं

उनसे रिश्ता ही ऐसा है अचानक गिफ्ट बढ़ जाएं

कपड़े ज्यादा प्राप्त होने लगें घर आना जाना बढ़ जाये

तुम्हें एग्जाम दिलाने वे स्वयं जाने लगे।

सावधान

कोई पुरुष रिश्ते की आड़ में तुम्हें लूटने की तैयारी में है।


अच्छी नियत वाले भी अलग दिख जाते हैं, सबसे सुरक्षित रहें।।।

माँ - बाप, सगे भाई- बहन के अलावा कोई हितैषी नही!!....

(फेसबुक वॉल से)

# अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के निर्विवाद सुपर स्टार हैं

अन्नू अंबालिका



तमाम विशेषणों से नवाजे जाने वाले अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के ऐसे निर्विवाद सुपर स्टार हैं, जिन्होंने कई पीढ़ियों के दिलो-दिमाग में अपनी जबरदस्त उपस्थिति दर्ज की है। फिल्मों, टीवी व कमर्शियल विज्ञापनों में उनकी निरंतर उपस्थिति हर किसी को चौंकाती है। हर तरह से साधन-संपन्न अमिताभ बच्चन के उम्र के नवें दशक में लगातार काम करने पर उनके सहयोगी और मीडिया के लोग उनसे अक्सर सवाल करते हैं कि इस उम्र में भी उन्हें लगातार काम करने की क्या आवश्यकता है? जिसका जवाब भी उन्होंने बेहद सहजता-सरलता से दिया कि यह उनके लिये काम करने का एक और अवसर है। हाल में ही में बॉक्स आफिस पर एक सफल फिल्म देने के बाद बिग-बी जल्दी ही रजनीकांत की एक अन्य फिल्म में नजर आएंगे। वहीं अमिताभ बच्चन कौन बनेगा करोड़पति के 16वें संस्करण की मेजबानी करते नजर आ रहे हैं। वे अपनी सक्रियता की तार्किक व्याख्या करते हैं। वे कहते हैं कि लोग उनके पेशेवर जीवन को लेकर तरह-तरह के निष्कर्ष निकालने के लिये स्वतंत्र हैं, वैसे ही उन्हें भी काम करते रहने की आजादी है। वे कहते हैं कि उनके काम करते रहने की वजह है कि उन्हें मनमाफिक काम करने के मौके मिल रहे हैं। उनका तर्क होता है कि ऐसे सवाल करने वाले लोग मेरी जगह खुद को रखकर देखें और उनको जवाब मिल जाएगा। निस्संदेह, हर व्यक्ति को यदि काम करने के अवसर मिलते हैं तो काम करने की उसे भी आजादी है। इसके जरिये हम खुद को व्यस्त रख सकते हैं। निश्चित रूप से बिग-बी अपनी सक्रियता के जरिये उम्रदराज लोगों को संदेश भी दे रहे हैं कि हमारी सक्रियता का एक पक्ष आर्थिक तो है, वहीं सामाजिक सक्रियता के चलते हमारा स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। हमारी सामाजिक गतिशीलता से जहां हमारा एकाकीपन दूर होता है, वहीं कार्य परिस्थितियों में बदलाव से जीवन की एकरसता टूटती है। इससे हम जीवन में नई ऊर्जा व उल्लास का अनुभव करने लगते हैं।

यह विडंबना ही है कि बड़ी आबादी वाले देश भारत में व्यक्ति को एक समय व्यवस्था के चलते रिटायर मान लिया जाता है, जबकि उसमें जीवन के व्यापक अनुभव से भरपूर ऊर्जा विद्यमान होती है। निश्चित रूप से उम्र का पैमाना महज एक नंबर है। व्यक्ति को इसलिये रिटायर मान लिया जाता है कि उसकी जगह किसी दूसरे को रोजगार का अवसर मिल सके। दुनिया के तमाम विकसित देशों में प्रोफेसर, न्यायाधीश व अन्य क्षेत्रों में लोग तब तक नौकरी कर सकते हैं जब तक कि वे काम करने के लिये खुद को फिट पाते हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में नये अनुसंधान और जीवन स्तर में सुधार के चलते भारत समेत दुनिया के तमाम देशों में जीवन प्रत्याशा में अप्रत्याशित उछाल आया है। लोग सरकारी व अन्य क्षेत्रों से रिटायरमेंट की औपचारिकताओं से इतर कई दशकों तक बेहतर ढंग से काम करते रहते हैं। निजी और कला के क्षेत्रों में लोगों की सक्रियता इसका प्रमाण है। भारतीय लोकमानस में यह कहावत सदियों से प्रचलित रही है कि ह्लसाठा सो पाठाह्व यानी साठ के बाद भी व्यक्ति व्यापक अनुभवों के साथ चुस्त-दुरस्त होता है। वास्तव में हमारी सक्रियता व स्वास्थ्य के मूल में हमारी मनोग्रंथि की भी भूमिका होती है। यदि हम जीवन के प्रति सकारात्मक रहते हैं तो हम स्वस्थ व सक्रिय रहते हैं। जीवन के सातवें व आठवें दशक में संयमित जीवन, अनुशासित खानपान और सकारात्मक सोच से हम लगातार ऊजार्वान बने रह सकते हैं। हमारे देश में बिग-बी जैसे लोग उसकी मिसाल हैं। ऐसा नहीं कि वे सिर्फ कमाने के लिये काम कर रहे हैं। उन्हीं के शब्दों में उन्हें काम करने का अवसर मिलना उनकी काम करने की वजह है। देश के उम्रदराज ही नहीं, हर वर्ग के लोगों के लिये अमिताभ बच्चन प्रेरणा की मिसाल हैं। यह संदेश भी कि कर्मशील व्यक्ति के लिये उम्र कोई मायने नहीं रखती। जीवन के व्यापक अनुभव उनकी कार्य की गुणवत्ता को निखार देते हैं।

# पर्यटन उद्योग के लिए कौव्वों पर कहर

प्रशांत झा

**केन्या** के वन्यजीव प्राधिकरण ने देश के तटीय शहरों मोम्बासा, मालिंदी, वाटमू और किलिफी में साल 2024 के अंत तक दस लाख घरेलू कौव्वों को खत्म करने की घोषणा की है। यह घोषणा एक बैठक में की गई, जिसमें होटल उद्योग के प्रतिनिधि, कौव्वा नियंत्रण विशेषज्ञ चिकित्सक और दूसरे हितधारकों की मौजूदगी थी। एक साथ इतने कौव्वों को मारे जाने की यह घोषणा वन्यजीव प्रेमियों व आम लोगों को भी ग्लानिबोध कराने वाली है। स्थानीय वन्यजीव कार्यकताओं समेत पूरी दुनिया के पक्षी प्रेमी भी इसका विरोध कर रहे हैं।

**पर्यटन और पर्यावरण के पहलू**

केन्या के वन्यजीव प्राधिकरण का कहना है कि विदेशी मूल का पक्षी कौव्वा देश के तटीय शहरों के होटल उद्योग के लिए संकट है। केन्या में इन कौव्वों की वजह से पर्यटक खुले मैं बैठकर भोजन का आनंद नहीं ले पाते। केन्या वन्यजीव सेवा (केडब्ल्यूएस) के मुताबिक कौव्वे को खत्म करने का कार्यक्रम सार्वजनिक हित को देखते हुए बनाया गया है। केन्या के वन्यजीव विभाग का कहना है कि कौव्वा उनके प्राथमिक पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा नहीं है व स्थानीय पक्षियों की आबादी को काफी प्रभावित कर रहे हैं। गौरतलब है कि केन्या में कौव्वे 18वीं शताब्दी में भारतीय उपमहाद्वीप से ले जाए गये थे।

भारत में भी घट रही संख्या

कौव्वों पर अकेले केन्या में ही कहर नहीं टूट रहा, ये भारत में भी ये संख्या में कम हो रहे हैं। यहां वे पारिस्थितिकी के साथ माइथोलॉजी का भी हिस्सा हैं, यहां तक कि कौव्वों के दर्शन पितृपक्ष में जरूरी हैं। देश में कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां अब कौव्वे आसानी से नहीं दिखते। जानकारों के मुताबिक, पहले भारत में घरों के आसपास बड़े आकार के पेड़ होते थे, जहां कौव्वे घोंसला बनाकर रहते थे। लेकिन शहरों में पेड़ कम हुए हैं व कौव्वों के प्राकृतिक आवास का संकट हो गया है। कुछ लोगों का मानना है कि गौरैय्या की तरह कौव्वों पर भी मोबाइल टावर का नकारात्मक असर पड़ता है। कौव्वे कुछ ही फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं, लेकिन खेतों में कीटों और मेढ़क आदि का भी ये सफाया कर पैदावार बढ़ाने में भूमिका निभाते हैं। लेकिन कौव्वों से लोग सहानुभूति बहुत कम रखते हैं। कई धारणाएं बना रखी है। मसलन, कौव्वा कंधे पर बैठ जाए तो अपशकुन है।

**अलग-अलग प्रजातियां**

कौव्वे दक्षिण अमेरिका और अंटार्टिका को छोड़कर दुनियाभर में पाये जाते हैं और हालांकि इनकी अलग-अलग प्रजातियां हैं। चाहे गुलाबी चोंच और पाउडर ग्रे वाले कौव्वे हों या बेहद काले कलूटे, सभी में कई गुण एक जैसे होते हैं। ये घरेलू और सांसारिक होते हैं व इंसान के साथ रहना पसंद करते हैं। न्यू गिनी के इस ग्रे कौव्वे की मोटी गुलाबी चोंच और पाउडर ग्रे रंग के पंख होते हैं। इंडोनेशिया में बैंगनी व भारतीय महाद्वीप में काले और काले-ग्रे होते हैं।

स्पीड न्यूज



## राजेंद्र विद्यालय में वार्षिक प्रदर्शनी संपन्न

**जमशेदपुर।** वार्षिक प्रदर्शनी 31 जुलाई को राजेंद्र विद्यालय, साकची ने अपनी वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विविध प्रकार की प्रदर्शनी लगायी। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा प्रमुख डॉ एसके सिंह ने किया तथा बिहार एसोसिएशन के महासचिव सीपीएन सिंह ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनके साथ प्रभारी प्राचार्य श्रीमती पियाली मुखर्जी, वरिष्ठ प्रभारी किरण सिन्हा तथा कनिष्ठ प्रभारी भी मौजूद थे।

## कमांडिंग ऑफिसर ने जमशेदपुर आर्मी कैंप का किया दौरा



**जमशेदपुर।** बिहार एंड झारखंड सब एरिया दानापुर से आये जी ओ सी मेजर जनरल विकास ने आर्मी कैम्प सोनारी का दौरा किया। स्थानीय यूनिट के सीनियर ऑफिसर्स के साथ साथ स्टेशन हेडक्वाटर, ई सी एच एस एवं कोल्हान के सैनिक कल्याण पदाधिकारी कर्नल किशोर सिंह से मुलाकात की। कर्नल किशोर सिंह ने उनका स्वागत करते हुवे कोल्हान के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों का ख्याल करते हुए जमशेदपुर में सैनिक आराम घर बनवाने, चाईबासा में सिविल अस्पताल और जमशेदपुर में टी एम एच को ई सी एच एस के साथ इंपैनल कराने एवं जमशेदपुर में स्पर्श नोडल कार्यालय खोलवाने की मांग की।

**PUBLIC NOTICE**

Our client Ecotech Industries intend to mortgage its property situated at Mouza-Sewta, Plot No.907, 920,912,946,925,948 ,949,924, under Khata No.20,69,69,58,58,62 ,62,69, SRO and Dist. Ramgarh.Any person claim against the said property should send their claims in writing to the undersigned along with the documentary evidence within 15 days of publication, failing which claims if any shall be deemed to have been waived.Empanelled advocate: HDFC Bank Ltd. Mr. K. Rakesh Contact no.9431343381 Mail id.- rakesh_m_mishra@rediffmail.com

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# चाणक्य चौधरी ने किया पटेल नगर और जय प्रभा कॉम्प्लेक्स में सीवेज पंपिंग स्टेशनों का उद्घाटन

■ टाटा स्टील यूआईएसएल का सीवरेज सेवा क्षेत्र बढ़ाने की दिशा में एक और कदम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



स्टेशन का उद्घाटन करते कंपनी के चेयरमैन चाणक्य चौधरी।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने आज पटेल नगर, भुइयांडीह और जय प्रभा कॉम्प्लेक्स, कदमा में दो अत्याधुनिक सीवेज पंपिंग स्टेशनों का उद्घाटन किया, जिससे शहर के अपशिष्ट जल प्रबंधन बुनियादी ढांचे और सेवा सीमा क्षेत्र को और मजबूती मिलेगी।

पटेल नगर में 500 केएलडी (किलोलीटर प्रति दिन) और जय प्रभा कॉम्प्लेक्स में 300 केएलडी की क्षमता वाली ये सुविधाएं समुदाय के लिए स्वच्छता सेवाओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। पटेल नगर एसपीएस 350 आवासीय और गैर आवासीय संपत्तियों की सेवा प्रदान करेगा, जबकि जय प्रभा कॉम्प्लेक्स एसपीएस 160 संपत्तियों की सेवा प्रदान करेगा।

ये दो सीवेज पंपिंग सिस्टम सेवा सीमा क्षेत्र को लगभग 60% तक बढ़ा देंगे। साथ ही यह भी योजना है कि या तो असेवित क्षेत्रों को केंद्रीकृत सीवेज उपचार प्रणाली से जोड़ा जाए या फिर सेवा क्षेत्र के लगभग 70% भाग के लिए स्थानीय उपचार सुविधा (पैकेज सीवेज उपचार प्रणाली) उपलब्ध कराई जाये। शेष क्षेत्रों के लिए, आने वाले महीनों में मशीनीकृत सीवेज सफाई सेवाएं उपलब्ध करायी जायेंगी।

उद्घाटन समारोह का नेतृत्व टाटा स्टील यूआईएसएल के अध्यक्ष श्री चाणक्य चौधरी ने किया, जिसमें टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक श्री रितु राज सिन्हा और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष श्री रघुनाथ पांडे भी मौजूद थे। इस अवसर पर कॉरपोरेट सेवाओं के प्रमुख श्री प्रणय सिन्हा और टाटा स्टील यूआईएसएल के जल एवं अपशिष्ट जल सेवाओं के महाप्रबंधक श्री संजीव कुमार झा के साथ-साथ टाटा स्टील यूआईएसएल की वरिष्ठ नेतृत्व टीम भी मौजूद थी।

यह कार्यक्रम शहरी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के टाटा स्टील यूआईएसएल के मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और जमशेदपुर में सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए इसके समर्पण को रेखांकित करता है।

# मनचलों की अब खैर नहीं, छात्राओं का सुरक्षा कवच बनेंगी शक्ति कमांडो

■ रोज सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक शैक्षिक संस्थानों के इलाकों में होगी गश्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



शक्ति कमांडो गश्ती टीम को रवाना करते जोनल आइजी अखिलेश झा, डीआइजी मनोज, एसएसपी किशोर कौशल और सिटी एसपी ऋषभ गर्ग।

**जमशेदपुर।** अपने इनोवेटिव आइडिया को लागू करने के लिए प्रदेश भर में विशिष्ट पहचान रखने वाली जमशेदपुर पुलिस ने आज स्कूल-कॉलेज की छात्राओं की सुरक्षा के लिए शक्ति कमांडो गश्ती टीम का शुभारंभ किया। शक्ति कमांडो टीम स्कूटी से स्कूल-कॉलेजों के आस-पास गश्त करेंगे, और उनका एक ही काम होगा अड्डोबाजों, शोहदों और मनचलों पर कड़ी नजर रखना। अगर कोई स्कूली बच्चियों अथवा कॉलेजिएट गर्ल्स से छेड़खानी करते पाया गया अथवा संस्थानों के आस-पास अड्डेबाजी करते मनचले पाये गए तो शक्ति कमांडो न सिर्फ उनकी धुनाई करेंगी बल्कि हवालात की हवा भी खिलायेंगी। शक्ति कमांडो विशेष रुप से प्रशिक्षित महिला कांस्टेबल हैं जो बिना हथियार के भी मनचलों से दो-दो हाथ करने में दक्षता रखती हैं।

शनिवार को सीसीआर,साकची परिसर से जोनल आईजी अखिश कुमार झा और कोल्हान के डीआइजी मनोज रतन चौथे ने सीनियर एसपी किशोर कौशल और सिटी एसपी ऋषभ गर्ग के साथ झंडी दिखा कर शक्ति कमांडो गश्ती टीम को रवाना किया। शनिवार का दिन यानी शक्ति कमांडो मनचलों के लिए शनि साबित होंगी।


शक्ति कमांडो गश्त के बारे में खबर मन्त्र द्वारा पूछे जाने पर सिटी एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया, जमशेदपुर पुलिस छात्राओं और स्कूली बच्चियों की सुरक्षा को लेकर बेहद संवेदनशील है। हाल की कुछ शर्मनाक घटनाओं को देखते हुए सीनियर एसपी किशोर कौशल सर के निर्देशन में विशेष प्रशिक्षित शक्ति कमांडो गश्ती दल का गठन किया गया है। हमें पूरा विश्वास है कि जमशेदपुर पुलिस की इस पहल से शहर की छात्राओं का मनोबल न सिर्फ ऊंचा होगा बल्कि वे अपने ज्यादा सुरक्षित महसूस करेंगी। जमशेदपुर पुलिस द्वारा छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु शहर के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेजों को छह अलग अलग सर्किट में बांट कर इस अभियान की शुरुआत की गयी है। ये सर्किट हैं : मानगो-उलीडीह, सीतारामडेरा-सिदगोड़ा, गोलमुरी-बर्मामाइंस, साकची-बिष्टुपुर, कदमा-सोनारी आदि।

**स्कूल-कॉलेज की छात्राओं के बीच चलेगा जागरुकता अभियान :** छात्राओं की सुरक्षा को लेकर विशेष रुप से प्रशिक्षित शक्ति कमांडो स्कूल और कॉलेजों में जा-जाकर प्रिंसिपल से भेंट करेंगी और उनके सहयोग से छात्राओं से संवाद करेंगे। वे स्कूल के बोर्ड पर अपना स्पेशनल डेडिकेटेड मोबाइन नंबर डिस्प्ले करेंगे बल्कि छात्राओं को अपना नंबर भी देंगी। वे छात्राओं को मोटिवेट करेंगी कि किन परिस्थितियों में उन्हें मदद के लिए शक्ति कमांडो को फोन करना है। भविष्य में मनचलों और असामाजिक तत्वों से बचाव के लिए स्कूलों और कॉलेजों में विशेष जागरुकता अभियान भी चलाने की योजना है।

**टाइगर मोबाइल जवानों और सीसीआर टीम से जुड़ी रहेगी शक्ति कमांडो :** अब सवाल है कि दो महिला कमांडो क्या मनचलों की टीम से अकेले निपट पायेंगी? इसका जवाब सिटी एसपी ऋषभ गर्ग ने यूं दिया,-शक्ति कमांडो अपने सर्किट के आस-पास गश्त करने वाले टाइगर मोबाइल जवानों से जुड़ी रहेंगे जो मिनटों में उनकी मदद को पहुंच सकते हैं। इसके अलावा एडिशनल रिंग फोर्स मंगाने के लिए वे सीसीआर चीफ और संबंधित थाना क्षेत्र के प्रभारी से भी मिनटों में संपर्क कर सकती हैं।

## सावधान... होशियार... वॉक पर निकले हैं गजराज

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



**चांडिल।** अपनी मांगों को लेकर वन रक्षी 16 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में मौजूद दर्जनों गजराज घर एवं खेत में लगी धान की फसल तथा सब्जी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इधर, गजराजों का झुंड नीमडीह के झिमड़ी, रामनगर एवं गुंडा गांव में दिनदहाड़े विचरण कर रहा है। जिससे गांव के लोगों में भय बना हुआ है। शनिवार की सुबह गजराज गुंडा-जामडीह सड़क मार्ग पर वॉकिंग करते देखा गया। वर्तमान में चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में करीब 40 गजराज अलग-अलग समूहों में मौजूद है। रेंजर मैनेजर मिर्धा ने बताया कि वनरक्षियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण कई कार्य प्रभावित हो रहे

## 51 वां गणिनाथ जयंती समारोह में निकली भव्य शोभा यात्रा, मेधावी बच्चे हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



शोभा यात्रा में शामिल अध्यक्ष सुंदर गुप्ता व समाज के लोग।

**जमशेदपुर।** शनिवार को गोलमुरी स्थित गणिनाथ सेवा संस्थान में कुलशिरोमणि श्री श्री बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज की जयंती सह 51वां वार्षिक उत्सव मनाया गया। समारोह में समाज के हजारों की संख्या में सदस्य शामिल हुए। सर्वप्रथम बाबा की पूजा अर्चना की गयी। पूजा यजमान बाबूलाल प्रसाद एवं उनकी धर्मपत्नी प्रभादेवी के द्वारा संपन्न हुआ एवं अपने प्रतीक अभ्युदय झंडे का झंडोत्तोलन किया गया। सुबह में एक भाव सोया यात्रा जंबो अखाड़ा के पास से गोलमुरी मंदिर प्रांगण तक निकल गयी।

पूजा अर्चना एवं झंडोतोलन के पश्चात भोग का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता माननीय सांसद बिद्युतबरण महतो उपस्थित हुए। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभा बहन बच्चों को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया एवं संस्था के वरिष्ठ सदस्य एवं संरक्षक सदस्यों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक सदस्य एवं कार्यसमिति के सदस्य महिला सदस्य एवं युवा सदस्य का बहुत बड़ा योगदान रहा।

## भाजपा जमशेदपुर महानगर की संगठनात्मक बैठक आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**




महानगर कार्यालय में छत्तीसगढ़ की विधायक भावना बोहरा का स्वागत करते महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा।

**जमशेदपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को गति देने और चुनावी रणनीति तय करने के उद्देश्य से भाजपा जमशेदपुर महानगर की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक रविवार को बर्मामाइंस स्थित देवस्थान में आयोजित की जायेगी। इस बैठक में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक की व्यापक सफलता सुनिश्चित करने हेतु शनिवार को जमशेदपुर महानगर की महत्वपूर्ण बैठक साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में हुई। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा जिलाध्यक्षों की बैठक में कार्यक्रम की सफलता और रणनीति तय करने के उद्देश्य से विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। बैठक पूर्ण रूप से संगठनात्मक होगी। जिसमें क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व केंद्रीय मंत्री बिश्वेश्वर टुडू, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, छत्तीसगढ़ की विधायक और जिला प्रवासी भावना बोहरा आदि मौजूद रहेंगे।

## गम्हरिया : मुडकुम में दूसरे की जमीन पर जबरन बनवा रहा है श्मशान घाट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गम्हरिया।** मुड़कुम गांव में निजी जमीन पर अवैध कब्जा कर वहां श्मशान घाट बनवाया जा रहा है। इस बाबत कई जमीन क्रेताओं ने शनिवार को गम्हरिया सीओ को ज्ञापन सौंप उक्त जमीन पर बन रहे श्मशान घाट पर रोक लगाने की मांग की गयी है। विकास पांडेय के नेतृत्व में सौंपे गये ज्ञापन में बताया गया कि उन्होंने वर्ष 2021 में मुड़कुम में 4.59 डिसमिल जमीन खरीदी थी। उनके साथ कई और लोगों ने भी वहां जमीन खरीदी है। कुछ दिन पूर्व जमीन देखने गया तो पाया कि उक्त भूमि के आगे श्मशान घाट बनवाया जा रहा है। इस कार्य को जब रोकने की कोशिश की गई तो वहां मौजूद राजेश महतो नामक एक दबंग व्यक्ति द्वारा उनके साथ गाली गलौज किया गया एवं हाथापाई भी की गयी।

# ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन आज

■ 400 से अधिक प्रतिनिधि पहुंचे,जस्टिस अनुभा रावत चौधरी करेंगी उद्घाटन
■ तुलसी भवन में वाणिज्यिक कर बार एसोसिएशन, जमशेदपुर कर रहा मेजबानी
■ जीएसटी और कैपिटल गेन टैक्स के नये प्रावधानों पर होगा गहन विचार-विमर्श

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कार्यक्रम की जानकारी देते केएल मित्तल व सहयोगी पदाधिकारी।

**जमशेदपुर।** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (एआइएफटीपी) यह घोषणा करते हुए हर्ष हो रहा है कि 1 सितंबर (रविवार) 2024 को तुलसी भवन, बिष्टुपुर, जमशेदपुर में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों पर पूर्वी क्षेत्रीय एक दिवसीय कर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसकी मेजबानी वाणिज्यिक कर बार एसोसिएशन, जमशेदपुर कर रहा है। इस प्रतिष्ठित आयोजन में 400 प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिनमें कर पेशेवर, कर वकील और चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) शामिल हैं, जो उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, बिहार, असम, ओडिशा और झारखंड के राज्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त जानकारी आयोजन समिति के चेयरमैन केएल मित्तल ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन का उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय की माननीय न्यायाधीश, न्यायमूर्ति श्रीमती अनुभा रावत चौधरी द्वारा किया जाएगा। हमें गर्व है कि इस आयोजन में इतनी प्रतिष्ठित विधि विशेषज्ञ की उपस्थिति होगी। इस एक दिवसीय कर सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि केंद्रीय जीएसटी और सीएक्स, जमशेदपुर के आयुक्त श्री बी.के. गुप्ता, आईआरएस और राज्य जीएसटी, जमशेदपुर के अतिरिक्त आयुक्त श्री अवधेश कुमार मेहरा होंगे।

पहला तकनीकी सत्र सुबह 11:15 बजे शुरू होगा और इसका विषय जीएसटी के तहत निर्णय और वर्तमान संशोधन होगा। पहले तकनीकी सत्र की वक्ता चंडीगढ़ से सीए आंचल कपूर होंगी, और पहले तकनीकी सत्र के अध्यक्ष टाटा स्टील लिमिटेड के प्रमुख कानूनी सलाहकार श्री विकास मित्तल होंगे।

दूसरा तकनीकी सत्र दोपहर 2:15 बजे शुरू होगा।

एक नजर में

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने 744 लाभुकों के बीच बांटा पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट



**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को मानगो बावन गोड़ा चौक में मानगो के रहने वाले बुजुर्गों,विधवाओं और दिव्यांगों को झारखंड सरकार की सर्वजन पेंशन योजना के तहत 744 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट का वितरण किया। पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट पाकर सभी जरूरतमंद काफी खुश थे। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि बुजुर्गों एवं विधवा माताओं के चेहरे पर मुस्कान लाना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वे क्षेत्र में घूम घूम कर ऐसे व्यक्तियों को चिह्नित कर उन्हें झारखंड सरकार की सर्वजन पेंशन योजना से लाभांवित करें। मौके पर बिलाल गुफरानी, मो आलम, रहमत सईद, शाहनवाज अहमद, जी एम राजा, मोती, नुरुल हक झुना, जावेद अख्तर, शाहिद, शमी, बबलू नौशाद, इरशाद, नवाज बबलू व कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शिविरों के माध्यम से आपके द्वार तक पहुंच रही है हेमंत सरकार : मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा के नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत नसीम मैरिज हॉल, जमशेदपुर प्रखंड के लुआबासा पंचायत के बीणापानी हाई स्कूल धानचटानी मैदान में और खाकड़ीपाड़ा पंचायत मंडप में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने किया। इस दौरान विधायक ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियां भी बांटी। विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लोगों के द्वार तक पहुंचाने के उद्देश्य से और जनहित से जुड़ी योजनाओं से कोई वंचित न रहे, इसीलिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम फिर से चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से गांव-गांव और पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर आपकी समस्याओं का निष्पादन और योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदनों का मौके पर ही निपटारा करना है। मौके पर डीडीसी, बीडीओ, स्थानीय कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## नारायणा क्लिनिक साकची में 500 लोगों ने कराया नि:शुल्क ईसीजी



**जमशेदपुर।** हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और हृदय रोगों का शीघ्र पता लगाने हेतु जागरूकता फैलाने के लिए शनिवार को ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, जमशेदपुर द्वारा साकची धालभूम रोड़ स्थित नारायणा क्लिनिक में मेगा नि:शुल्क ईसीजी शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार की सुबह 8 से शाम 8 बजे तक चले इस शिविर में 500 से अधिक ने नि:शुल्क इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ईसीजी) परीक्षण करवाया, जो हृदय स्वास्थ्य का आकलन करने के लिए एक महत्वपूर्ण नैदानिक उपकरण है। शिविर के दौरान वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अजय अग्रवाल, डॉ अभय कृष्ण, और डॉ अखलाक अहमद ने ईसीजी परिणामों की व्याख्या की और हृदय स्वास्थ्य प्रबंधन पर सलाह दी। उन्होंने हृदय जांच के महत्व, जीवनशैली में सुधार और हृदय रोगों का शीघ्र पता लगाने पर जानकारी दी। डॉ अजय अग्रवाल ने बताया कि हृदय रोग मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है, और ईसीजी के माध्यम से शीघ्र पता लगाकर जीवन बचाया जा सकता है। वहीं, डॉ अभय कृष्ण ने इस कार्यक्रम को हृदय रोग के लक्षणों से जूझ रहे लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने कहा कि शुरुआती पता लगने से जान बचती है। हम इस शिविर से हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने में सफल रहे। इस पहल को स्थानीय लोगों से भी सराहना मिली और इसे स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया।

## वीर कुंवर सिंह स्टेडियम, गोविंदपुर में भक्ति जागरण संध्या कार्यक्रम का आयोजन



**जमशेदपुर।** कृष्ण जन्माष्टमी पर वीर कुंअर सिंह स्टेडियम, छोटागोविंदपुर में कृष्ण बॉयज कमेटी अपने 17वें वर्ष के आयोजन के चौथे दिन भक्ति संध्या जागरण किया। शुरुआत गणेश वंदना से हुई। मौके पर हनुमान जी की झांकियां बच्चों को बहुत पसंद आयी। रविवार को मटकी फोड़ का आयोजन होगा पुरुषों के लिए इसमें शहर की कुल 12, टीम की हिस्सा ले रही है। जीतने वाले को 11000 की राशि दी जायेगी। मेले का समापन भी 1 सितंबर को होगा। आयोजन में मुख्य सदस्य संरक्षक बंटी सिंह संस्थापक सानू सिंह, चंदन सिंह, राकेश सिंह, आलोक, विजय, गणेश, नाइक का अहम योगदान रहा।


## जेएफसी आज डेक्कन एफसी के खिलाफ करेगी अपने प्री-सीजन की शुरुआत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी श्रीनिदी डेक्कन एफसी के खिलाफ प्री-सीजन फ्रेंडली मैच के लिए तैयार है। जमशेदपुर एफसी कल फ्लैटलेट्स ट्रेनिंग ग्राउंड पर श्रीनिदी डेक्कन एफसी के खिलाफ फ्रेंडली मैच के साथ अपनी प्री-सीजन तैयारियों की शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सुबह 9 बजे शुरू होने वाला यह मैच फ्रेंडली मैचों की एक सीरीज की शुरुआत है, जिसे मेन ऑफ स्टील आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीजन 2024-25 से पहले अपने कौशल और रणनीति को बेहतर बनाने के लिए खेलेंगे। श्रीनिदी डेक्कन एफसी के खिलाफ मैच जमशेदपुर एफसी के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा होगी।

# रुबीना फ्रांसिस ने दिलाया भारत को पांचवां पदक

एजेंसी

**पेरिस।** रुबीना फ्रांसिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 फाइनल में कांस्य पदक जीतकर पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारत को पांचवां पदक दिलाया। रुबीना क्वालिफिकेशन में सातवें स्थान पर रही थीं, लेकिन फाइनल में उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया। भारत का इस पैरालंपिक में निशानेबाजी में यह चौथा पदक है। रुबीना से पहले अवनि लेखरा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया था, जबकि मोना ने कांस्य अपने नाम किया था। वहीं, पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में मनीष नरवाल ने रजत पदक जीता था। रुबीना ने क्वालिफिकेशन में 556 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में उन्होंने 211.1 का स्कोर किया। रुबीना एक समय दूसरे स्थान पर चल रही थीं, लेकिन छठी सीरीज में वह पीछे हो गईं, लेकिन शीर्ष तीन पर रहने में सफल रहीं।



### क्वालिफिकेशन में पिछड़कर की थी वापसी

25 वर्षीय रुबीना क्वालिफिकेशन दौर में शीर्ष आठ निशानेबाजों से पिछड़ रही थीं लेकिन उन्होंने अंत में तेजी दिखाई और पदक दौड़ में पहुंचीं। मध्य प्रदेश की यह निशानेबाज तीन साल पहले टोक्यो पैरालंपिक के क्वालिफाइंग दौर में भी सातवें स्थान पर रही थीं और फिर फाइनल में भी सातवें स्थान पर रही थीं, लेकिन रुबीना ने टोक्यो की निराशा को पेरिस में पीछे छोड़ा और कांस्य लाने में सफल रहीं। मालूम हो कि एसएच1 वर्ग में वो पैरा निशानेबाज हिस्सा लेते हैं जो बिना किसी परेशानी के पिस्टल संभालते हुए व्हीलचेयर या चेयर पर बैठकर या खड़े होकर निशाना लगा सकते हैं।

## सुकांत कदम, सुहास यतिराज सेमीफाइनल में, एक पदक पक्का

**पेरिस।** भारतीय पैरा शटलर सुकांत कदम और सुहास यतिराज ने मिलकर पेरिस पैरालंपिक गेम्स 2024 के पुरुष एकल एसएल4 वर्ग में देश के लिए पदक पक्का कर लिया है। सुकांत ने शनिवार (31 अगस्त) को सेमीफाइनल में जगह पक्की की। चूंकि दोनों बैडमिंटन खिलाड़ी एक ही स्पर्धा में भाग ले रहे हैं, इसलिए देश के लिए कम से कम एक पदक पक्का है, क्योंकि अंतिम-चार चरण में दोनों खिलाड़ी हारे तो कांस्य पदक मुकाबले में आमने-सामने होंगे और जीते तो पदक का रंग बदल जाएगा। सुकांत ने अपने दूसरे ग्रुप बी मैच में थाईलैंड के टीमारोम सिरीपोंग पर 21-12, 21-12 से जीत दर्ज की, जिससे उन्हें ग्रुप में शीर्ष स्थान सुनिश्चित हो गया। टोक्यो पैरालिंपिक के रजत पदक विजेता और शीर्ष वरीयता प्राप्त सुहास ने ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल करके पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी। सेमीफाइनल 1 सितंबर (रविवार) को खेला जाएगा, तभी पदकों का रंग और संख्या (एक या दो) निर्धारित की जाएगी।

### मनदीप ने क्वार्टर फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

पेरिस पैरालंपिक 2024 में शनिवार को तीसरे दिन महिला पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनप्रीत कौर ने ग्रुप स्टेज मुकाबले में आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी सेलिन ऑरेली विनोट को शिकस्त देकर अंतिम 8 में जगह बना ली है। मनदीप ने ये मैच 21-23, 21-10, 21-17 से अपने नाम किया। यह मैच 43 मिनट तक चला। मनदीप कौर ने महिला एकल एसएल 3 ग्रुप बी मैच में आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी सेलिन के खिलाफ पहला गेम 23-21 से हार गईं। भारतीय पैरा एथलीट ने अच्छी शुरूआत की थी, लेकिन आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने वापसी करते हुए पहला गेम अपने नाम किया और बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद मनदीप कौर ने अगले दोनों गेम में अच्छी वापसी की और मुकाबला अपने नाम किया। मनदीप ने दूसरा गेम 21-10 से और तीसरा गेम 21-17 से अपने नाम किया। इस तरह मनदीप ने यह मैच 21-23, 21-10, 21-17 से अपने नाम कर लिया।

### भारतीय नौकाचालक रेपेचेज में तीसरे स्थान पर, फाइनल बी में प्रवेश किया



भारतीय नौकाचालक अनिता और नारायण कोंगनापल्ले शनिवार को यहां पेरिस पैरालंपिक की मिश्रित पीआर-3 डबल स्कल्स स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहे। शुक्रवार को हीट के दौरान भारतीय जोड़ी 8:06.84 सेकंड के समय से पांचवें स्थान पर रही थी। अनीता ने 18 साल की उम्र में एक सड़क दुर्घटना में अपना पैर खो दिया था। उन्होंने इस साल की शुरूआत में वर्ल्ड रोइंग एशियाई और ओसनियाई पैरालंपिक क्वालिफायर में स्वर्ण पदक जीता था।

**शीतल देवी हारीं :** महिला व्यक्तिगत तीरंदाजी कंपाउंड का प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भारत की शीतल देवी को तगड़ा झटका लगा। वह चिली की मारियाना जुनिगा से हार गईं। मारियान ने 138 का स्कोर किया जबकि शीतल ने 137 का स्कोर किया।

**सरिता हारीं :** सरिता को तुर्किये की ओजनूर ने पांचवें सेट में 29–28 के स्कोर से हरा दिया। ओजनूर ने क्वार्टरफाइनल में 145–140 के स्कोर से भारतीय तीरंदाज को हरा दिया।

### मोदी, मांडविया ने रुबीना को बधाई दी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शनिवार को निशानेबाज रुबीना फ्रांसिस को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की पी2 महिलाओं की 10 मीटर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा "भारत के लिए एक और गौरवपूर्ण क्षण, जब रुबीना ने पैरालंपिक 2024 में पी2-महिलाओं की 10मीटर एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उनके असाधारण ध्यान, दृढ़ संकल्प और दृढ़ता ने बेहतरीन परिणाम दिए हैं। रुबीना फ्रांसिस आपने शूटिंग रेंज को गौरव के मंच में बदल दिया है।"

### दूसरे टेस्ट से बाहर हुए शोरिफुल इस्लाम

**रावलपिंडी।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम कमर की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए। टॉस जीतने के बाद, जो दूसरे दिन ही हुआ, बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने कहा कि शोरफुल की जगह तस्कीन अहमद को अंतिम 11 में शामिल किया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शनिवार को एक बयान में कहा, बांग्लादेश के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम की कमर में खिंचाव है और पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में चयन के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया जा सका। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने पहले मैच के बाद कमर के क्षेत्र में तकलीफ की शिकायत की थी और बाद में किए गए परीक्षणों में चोट की पुष्टि हुई।

### लॉर्ड्स के बॉस बने जो रूट, 34वां शतक जड़ा



**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने आखिरकार लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान ही सुनील गावस्कर के 34 शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। रूट ने पहली पारी में भी 143 रन बनाए थे और टीम का स्कोर 427 तक पहुंचाया था। जवाब में श्रीलंका की टीम जब 196 पर ऑलआऊट हो गई तो इंग्लैंड ने दूसरी पारी में भी मजबूत शुरूआत की। रूट ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों के साथ छोटी छोटी साझेदारियां की और 53वें ओवर में अपने शतक तक पहुंच गए। अब वह इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले प्लेयर भी बन गए हैं।

**लॉर्ड्स के किंग बने :** क्रिकेट जगत के ऐतिहासिक मैदान लॉर्ड्स में रूट सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले प्लेयर भी बन गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ दूसरी पारी में लगाया गया शतक उनका लॉर्ड्स में सातवां शतक रहा। इससे पहले ग्राहम गूम और माइनल वॉन भी यहां 6–6 शतक लगा चुके हैं।

**इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक टेस्ट शतक :** जो रूट अब इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक टेस्ट शतक लगाने वाले प्लेयर बन गए हैं। उनके नाम अब 34 शतक दर्ज हो गए हैं। उनके बाद अब एलेस्टेयर कुक (33), केविन पीटरसन (23), वैली हैमंड (22), कॉलिन काउड्रे (22), जेफ्री बॉयकॉट (22), इयान बेल (22) के नाम हैं। इंग्लैड ने पहली पारी में जो रूट के 143 और गस एटकिंसन के 118 रन की बदौलत 427 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी श्रीलंकाई टीम 196 रन ही बना सकी। कामिंदु मेंडिस ने सर्वाधिक 74 रन बनाए। दूसरी पारी में इंग्लैंड की ओर से एक बार फिर से जो रूट का बल्ला चला। रूट ने शतक लगाया और स्कोर 251 तक पहुंचा दिया। इंग्लैंड के पास अब 482 रन की लीड है।

### बाबर आजम दूसरे टेस्ट में भी फेल, पाकिस्तान 274 पर लुढ़की, मिराज को मिले 5 विकेट

**रावलपिंडी।** रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान के प्रमुख बल्लेबाज बाबर आजम का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें शाकिब अल हसन ने कम स्कोर पर आउट कर दिया। चौथे नंबर पर आते हुए बाबर केवल 31 रन ही बना सके। बाबर पाकिस्तान की पहली पारी के 54वें ओवर के दौरान आऊट हुए। जब वह सऊद शकील के आउट होने के बाद मोहम्मद रिजवान के साथ मिलकर पार्टनरशिप बना रहे थे। दरअसल, शाकिब ने एक आर्म बॉल फेंकी थी जोकि ऑफ स्टंप पर पिच होने के बाद बाबर की ओर आई। बाबर इसे समझ नहीं पाए। गेंद पैड पर लगी। अपील हुई तो बाबर आऊट करार दे दिए गए। बाबर ने डीआरएस भी नहीं लिया और निराशा के साथ डगआउट में वापस चले गए। हालांकि पाकिस्तान को इस दौरान कप्तान शान मसूद, सैम अयुब और आघा सलमान का सहयोग मिला। तीनों ने अर्धशतक लगाए और टीम को 274 रन तक पहुंच दिया। मिराज ने अबरार अहमद को क्लीन बोल्ड कर अपने पांच विकेट पूरे किए। बांग्लादेश ने दिन का खेल समाप्त होने तक 10 रन बना लिए हैं।

### अलीरेजा नें जीता सिंकीफील्ड कप का खिताब सयुंक्त पांचवें स्थान पर रहे गुकेश और प्रज्ञानन्दा

**सेंट लुईस।** ग्रांड चैस टूर के अंतिम पड़ाव सिंकफील्ड कप क्लासिकल शतरंज सुपर ग्रांड मास्टर्स टूनार्मेंट का खिताब फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा नें अपने नाम कर लिया है , साथ ही उन्होने अपने खेल जीवन में पहली बार ग्रांड चैस टूर का खिताब भी अपने नाम कर लिया है। अंतिम राउंड में अलीरेजा नें भारत के आर प्रज्ञानन्दा से आसान ड्रॉ खेलते हुए 6 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया। इसके साथ ही उन्होने सिंकीफील्ड कप के विजेता के तौर पर 1 लाख डॉलर और ग्रांड चैस तौर के विजेता के तौर पर कुल मिलाकर करीब 3 लाख 24 हजार डॉलर अपने नाम किये। अंतिम राउंड में नीदरलैंड के अनीश गिरि को हराकर यूएसए के फबियानों करूआना नें 5.5 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया और 2 लाख 34 हजार डॉलर अपने नाम किए । अंतिम राउंड में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लीरेन को पराजित करते हुए 5 अंको पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर फ्रांस के मकसीम लागरेव नें तीसरा स्थान हासिल किया और इतने ही अंक बनाकर उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव चौथे स्थान पर रहे। 4.5 अंक बनाकर यूएसए के वेसली सो, भारत के गुकेश और प्रज्ञानन्दा सयुंक्त पांचवें स्थान पर रहे । 3.5 अंक बनाकर रूस के यान नेपोमनिशी, चीन के डिंग लीरेन और 3 अंक बनाकर नीदरलैंड के अनीश गिरि अंतिम तीन स्थानो पर रहे ।

# प्रियांश व बदोनी ने मचाई तबाही, बनाया टी20 इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2024 में एक युवा बल्लेबाज ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। शनिवार को साउथ दिल्ली और नॉर्थ दिल्ली के बीच खेल जा रहे टी20 मैच में प्रियांश आर्या ने एक ही ओवर में 6 छक्के लगाकर रिकॉर्ड बना दिया है। इसके साथ ही इस मैच में टी20 क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा दूसरा टोटल भी बना है। साउथ दिल्ली के प्रियांश ने युवराज सिंह की तरह आतिशी अंदाज में बल्लेबाजी की है। उन्होंने मैच के 12वें ओवर में जब मनन भारद्वाज गेंदबाजी कर रहे थे तो विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए एक ही ओवर में 36 रन बना डाले। ओवर की पहली ही गेंद पर उन्होंने लॉन्ग ऑफ बाउंड्री के ऊपर से छक्का उड़ा दिया। दूसरी गेंद पर उन्होंने डीप मिडविकेट, तीसरी गेंद पर लॉन्ग ऑन पर छक्का लगाया। चौथी और पांचवीं गेंद पर उन्होंने उसी दिशा में छक्का जड़ दिया। इसके बाद अंतिम गेंद पर उन्होंने लॉन्ग ऑफ के ऊपर से छक्का जड़कर 1 ओवर में 6 छक्के पूरे किये।




### प्रियांश आर्या ने रचा इतिहास

इसके साथ ही प्रियांश आर्या ने डीपीएल में इतिहास रच दिया और एक ओवर में 6 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गये हैं। प्रियांश रवि शास्त्री, युवराज सिंह, रुतुराज गायकवाड और वामसी कृष्णा के बाद एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले पांचवे भारतीय बन गये हैं। इसके साथ ही टी20 में एक ओवर में 6 छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गये हैं। इसके साथ वह घरेलू लीग में ऐसा करने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। इससे पहले रॉस व्हाइटली (2017), हजरतुल्लाह जजई (2018) और लियो कार्टर (2020) ने घरेलू टी20 मैचों में एक ही ओवर में 6 छक्के लगाए थे। प्रियांश ने उसी उग्र अंदाज में बल्लेबाजी जारी रखते हुए अपना शतक भी पूरा किया। उन्होंने 39 गेंदों पर 10 चौकों और 10 छक्कों की मदद से 120 रन बनाये।

### बदोनी ने 19 छक्के लगाए, गेल का रिकॉर्ड तोड़ा

दिल्ली प्रीमियर लीग 2024 के दौरान आयुष बदोनी ने उत्तरी दिल्ली के खिलाफ खेलते हुए 55 गेंदों पर ही 165 रन जड़ दिए जिससे टीम का स्कोर 20 ओवर में 308 तक पहुंच गया। बदोनी ने अपनी पारी के दौरान 19 छक्के और 8 चौके लगाए। यानी 165 में से 146 रन उन्होंने चौकों छक्कों से ही बनाए थे। बदोनी के साथ प्रियांश आर्य ने भी इतिहास बनाया। उन्होंने लगातार छह गेंदों पर छह छक्के तो लगाए ही साथ ही डीपीएल 2024 की पहली सेंचुरी भी ठोकी। बहरहाल, आयुष ने अपनी खतरनाक पारी के दौरान 19 छक्के लगाए। ऐसा कर उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2017 में बांग्लादेश प्रीमियर लीग के दौरान रंगपुर की ओर से खेलते हुए डायन्माइट्स के खिलाफ एक पारी में 18 छक्के लगाए थे।

### टी20 क्रिकेट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा टोटल

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ दिल्ली ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 308 रन बनाये। ये टी20 क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा दूसरा टोटल है। इससे पहले नेपाल क्रिकेट टीम ने 314 रन बनाए थे, जो टी20 क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर था। इसके साथ ही साउथ दिल्ली के द्वारा बनाया गए 308 रन फ्रैंचाइज क्रिकेट में सबसे बड़ा स्कोर हैं।

### गोरखपुर लायंस ने मेरठ के सामने घुटने टेके

**लखनऊ।** खेल के हर विभाग ने गोरखपुर लायंस को बौना साबित करते हुये मेरठ मावरिक्स ने शनिवार को यूपी टी20 लीग के एक मुकाबले में जीत का सेहरा बांधा। इकाना स्टेडियम पर मेरठ मावरिक्स ने पहले खेलते हुये निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 164 रन बनाये जिसके जवाब में गोरखपुर लायंस की पूरी टीम 19.1 ओवर के खेल में 116 रन बना कर सिमट गयी और मेरठ ने यह मुकाबला आसानी से 48 रन से अपने नाम कर लिया। प्लेयर आफ द मैच मेरठ के यश गर्ग बने जिन्होने न सिर्फ 26 रन की नाबाद पारी खेली बल्कि गोरखपुर के तीन विकेट झटक कर उसे आत्मसमर्पण को मजबूर कर दिया।

### द्रविड़ के बेटे समित को मिली भारतीय अंडर-19 टीम में जगह

**नयी दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज और पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के बेटे समित को आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए भारतीय अंडर–19 टीम में चुना गया है। समित को वनडे और चार दिवसीय दोनों सीरीज के लिए टीम में जगह मिली है। इस सीरीज में तीन वनडे और दो चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे। वनडे टीम की अगुआई मोहम्म अमान करेंगे, जबकि चार दिवसीय मैचों की कप्तानी सोहम पतवर्धन को सौंपी गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसके लिए टीम का एलान किया। तीन मैचों की वनडे सीरीज की शुरूआत 21 सितंबर से होगी जिसके अगले दो मुकाबले 23 और 26 सितंबर को खेले जाएंगे। यह मैच पुडुचेरी में होंगे। इसके बाद 30 सितंबर और सात अक्टूबर को चेन्नई में चार दिवसीय मुकाबले होंगे।

#### घरेलू टूनार्मेंट में किया था प्रभावित

समित तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं और फिलहाल केएससीए महाराजा टी20 ट्रॉफी में मैसूर वारियर्स के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने बल्लेबाजी में प्रदर्शन फिलहाल निराशाजनक रहा है और उन्होंने सात पारियों में 82 रन बनाए हैं जिसमें उनका सर्वाधिक स्कोर 33 रन रहा है। समित ने टूनार्मेंट में अब तक गेंदबाजी नहीं की है। हालांकि, साल की शुरूआत में उन्होंने कूच बिहार ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन किया था और कर्नाटक को पहली बार खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# जोकोविच हुए उलटफेर का शिकार, पोपिरिन ने हराया

▶▶ 18 साल में पहली बार चौथे दौर में नहीं बना पाए जगह जोकोविच

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** सर्बिया के नोवाक जोकोविच वर्ष के अंतिम ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन के तीसरे दौर में उलटफेर का शिकार हो गए हैं। जोकोविच को ऑस्ट्रेलिया के 28वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इस तरह वह 18 साल में पहली बार यूएस ओपन के चौथे दौर में जगह नहीं बना सके। जोकोविच इस साल कोई ग्रैंडस्लैम नहीं जीत सके हैं और 2017 के बाद ऐसा पहली बार हो रहा है।

### अल्कारेज के बाद जोकोविच भी बाहर

जोकोविच से पहले 2022 के चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारेज भी यूएस ओपन से बाहर हो गए थे। यह 1973 के बाद पहली बार है जब दूसरी और तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी यूएस ओपन के एकल वर्ग में चौथे दौर से पहले ही बाहर हो गए हैं।

## जोकोविच पर दबाव बनाने में सफल रहे पोपिरिन



**आगे बढ़ने में सफल रहीं गॉफ :** महिला वर्ग में पिछली चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ पहला सेट गंवाने के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रहीं। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने 27वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 3-6, 6-3, 6-3 से हराकर अपने खिताब का बचाव करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। एम्मा नवारो भी अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहीं। इस 13वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 19वीं वरीय मार्टा कोस्ट्युक पर 6-4, 4-6, 6-3 से जीत दर्ज की।

पोपिरिन ने शुरूआत से इस मुकाबले में अपना दबदबा बनाया हुआ था और उन्होंने गत विजेता जोकोविच से आसानी से पहले दो सेट अपने नाम किए। हालांकि, चार बार यूएस ओपन जीत चुके जोकोविच ने तीसरे सेट में वापसी की और एकतरफा अंदाज में यह सेट अपने नाम किया। उस वक्त लगा कि जोकोविच यहां से वापसी कर सकते हैं, लेकिन चौथे सेट में पोपिरिन ने दबदबा बनाया और जोकोविच का सफर समाप्त कर दिया। जोकोविच ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन न्यूयॉर्क में वह अपनी लय बरकरार नहीं रख सके।

जोकोविच ग्रैंडस्लैम में दो सेट से पिछड़ने के बाद आठ बार वापसी करने में सफल रहे हैं, लेकिन पोपिरिन के खिलाफ वह ऐसा करने में सफल नहीं हो सके और उन्हें तीन घंटे 19 मिनट तक चले मुकाबले में 4-6, 4-6, 6-2, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। जोकोविच इससे पहले 2005 और 2006 में यूएस ओपन के तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी 2011, 2015, 2018 और 2023 में यहां चैंपियन बना था। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले जोकोविच ने 14 बार डबल फॉल्ट किया और वह मैच के दौरान थके हुए नजर आ रहे थे।



एलेक्सी पोपिरिन

## स्पीड न्यूज

### अग्रवाल परिवार ने जरूरतमंदों को कराया भोजन

**गढ़वा।** अग्रवाल परिवार के तत्वावधान में शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन के समीप लगातार 49वें सप्ताह जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया। मौके पर संतोष अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल परिवार सदा ही जरुरत मंदो और दीन हिनों की सेवा करता रहता है। हर्ष अग्रवाल ने कहा कि इस तरह का आयोजन से खुद मे बहुत तसल्ली मिलती है। जरूरतमंदों को भोजन कराने से आंनद की अनुभूति होती है। मौके पर अमित कश्यप, विनय कश्यप, आशुतोष अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, मानस अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### चिनियां में थाना दिवस पर कई मामलों का निपटारा

**चिनियां।** गढ़वा जिले के चिनियां थाना में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस में करीब 15 मामले आये। जिसमें करीब नौ मामलों का निपटारा किया गया। मौके पर चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार, चिनियां थाना के एसआई सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### वाहन चेकिंग के दौरान दर्जनों वाहन जप्त

**धुरकी।** गढ़वा एसपी दीपक कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार एंटी क्राइम के तहत थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग दौरान दर्जनों दोपहिया वाहनों को थाना में जप्त किया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सरकारी निर्देशन अनुसार एंटी क्राइम के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें दोपहिया वाहन को जप्त किया गया है। कहा कि वरीय पदाधिकारी को सूचना देते हुए उचित कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग को सूचनार्थ कर दिया गया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोग हेलमेट जरूर पहनें और वाहन का जरुरी कागजात अवश्य अपने साथ लेकर चलें। वाहन चेकिंग के दौरान एएसआई संजय सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर फुलेंद्र कुमार, चौकीदार अनुज कुमार सहित अन्य शामिल थे।

### प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

**गढ़वा।** 11वीं कृषि गणना के द्वितीय एवं तृतीय चरण के सर्वेक्षण कार्य के लिए शनिवार को समाहरणालय के सभागार में जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी अंचल के अंचल निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को नई कृषि गणना वेब पोर्टल एवं पावर प्वाइंट के माध्यम से ऑनलाइन एंट्री के लिए आईटी मैनेजर ने विस्तृत प्रशिक्षण दिया। साथ ही प्रतिभागियो को कृषि गणना द्वितीय व तृतीय चरण का काम 1 सितम्बर से 31 दिसम्बर तक समाप्त करने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

### आदिवासी महिला के यौन शोषण का आरोपी मुखिया ने किया सरेंडर

**गढ़वा।** आदिवासी महिला के साथ 14 साल की उम्र से लेकर लगातार 20 सालों तक यौन शोषण करने के आरोपी रंका थाना क्षेत्र के दुधवल पंचायत के मुखिया इजहार अंसारी ने गढ़वा व्यवहार न्यायालय में सरेंडर कर दिया। मीडिया से बात करते हुए मुखिया इजहार अंसारी ने कहा कि उन पर लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह निराधार और बेबुनियाद हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्होंने आज तक कोई भी गलत काम नहीं किया है, तो इस घिनौने कृत्य का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने इसे एक राजनीतिक षडयंत्र बताया और कहा कि इसी के तहत उन्हें फंसाने की कोशिश की जा रही है। इजहार अंसारी ने न्यायालय पर पूरा विश्वास जताते हुए कहा कि उन्हें न्यायालय से इंसाफ मिलेगा, इसलिए उन्होंने न्यायालय में सरेंडर किया है।

# केंद्रीय मंत्री पर हमले के प्रयास में सहजादु जमा गिरफ्तार



एजेंसी

**पटना।** बिहार में बेगूसराय जिले के बलिया में जनता दरबार समाप्त कर बाहर निकलने के बाद प्रखंड कार्यालय के पास केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर हमले का प्रयास शनिवार को किया गया। इस मामले में पुलिस ने बलिया के आप नेता सहजादु जमा उर्फ सैफी को गिरफ्तार किया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बलिया में जनता दरबार खत्म होने के बाद गिरिराज सिंह प्रखंड कार्यालय पहुंचे। इस दौरान आप नेता सहजादु जमा उर्फ सैफी ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को एक आवेदन देने का प्रयास किया। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब समय खत्म हो गया है, आवेदन देना था तो जनता दरबार में आना चाहिए था। आवेदन नहीं लेने पर सैफी ने कहा कि आप मेरे भी सांसद हैं, आवेदन लेना होगा। इस पर गिरिराज सिंह ने कह दिया तुम्हारा सांसद नहीं हूं। इसके बाद कहा-सुनी और नारेबाजी शुरू हो गई। इस दौरान धक्का-मुक्की होने लगी। इस पर सुरक्षा गार्ड ने सैफी को पकड़कर बलिया पुलिस को सौंप दिया। पुलिस बलिया थाना लाकर पूछताछ कर रही है।

# वाहन चेकिंग के दौरान बीस दोपहिया वाहन जप्त

**मझिआंव।** गढ़वा एसपी दीपक कुमार के निर्देशानुसार एंटी क्राइम के तहत थाना प्रभारी आकाश कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहे पर संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग दौरान 20 दोपहिया वाहनों को थाना में जप्त किया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सरकारी निर्देशन अनुसार एंटी क्राइम के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 20 दोपहिया वाहन को जप्त किया गया है। कहा कि वरीय पदाधिकारी को सूचना देते हुए उचित कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग को सूचनार्थ कर दिया गया। पदाधिकारी के निर्देशानुसार निरंतर वाहनों की जांच की जाएगी।

# ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करें राजस्व के सभी अधिकारी : मंत्री

एजेंसी

**बेतिया।** बेतिया समाहरणालय कक्ष में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में शनिवार को पश्चिम चंपारण में भूमि से संबंधित तमाम कार्यों की समीक्षा की गई। इसमें राजस्व संबंधी कार्यो, ऑनलाइन दाखिल खारिज, भू-लगान, अभियान बसेरा, भू-सर्वेक्षण, भूमि अधिग्रहण, भू-अभिलेखों के अद्यतीकरण, भूमि हस्तांतरण, बंदोबस्ती, लोक भूमि अतिक्रमण एवं अन्य विषयों के निष्पादन से संबंधित समीक्षा की गई। डीएम दिनेश कुमार राय ने मंत्री और अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया और अपने वक्तव्य में कहा कि प्रत्येक माह भूमि से जुड़े मसलों का समीक्षा होता है। राजस्व से जुड़े हर कार्य की लगातार समीक्षा हो रही है। जनता दरबार का आयोजन हर सप्ताह होता है। जिसमें लोग अपनी समस्या रखते हैं और जिला प्रशासन उनका हल निकालने की पूरी कोशिश करता है। बसेरा-2 के तहत भूमिहीनों के बीच भूमि वितरण का कार्यक्रम बगहा अनुमंडल से शुरू हो चुकी है। भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया में तेजी लाई



जा रही है। 200 पंचायत भवन के लिए जमीन उपलब्ध कराया गया है। उन सारी जानकारी को ऑनलाइन किया जा रहा है।

**मंत्री जयसवाल ने कहा कि ऐसी :** योजना की बुनियाद तलाशी जाए जिससे कि बीपीएल परिवारों को लगान के तौर पर कम पैसा देना पड़े। उन्होंने कहा की आप लोग ऊजार्वान अधिकारी है मन लगाकर काम करें।

उन्होंने राजस्व से संबंधित सभी अधिकारियों को पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करने की नसीहत देते हुए कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। राजस्व विभाग इसी नीति पर कार्य कर रहा है। अधिकारी राजस्व कार्यों को निर्धारित समय में निर्धारित समय में पूर्ण पारदर्शी तरीके से निष्पादित करें। इस अवसर पर मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति जनक राम, केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री, भारत सरकार, सतीश चंद्र दुबे, मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, रेणु देवी, सांसद, डॉ0 संजय जायसवाल, सुनील कुमार, विधायक, राम सिंह सहित डीएम दिनेश कुमार राय, निदेशक, भू अर्जन बिहार, कमलेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार अपर समाहर्ता, पश्चिम चम्पारण, राजीव कुमार सिंह, आजीव वत्सराज, अनिल कुमार पाण्डेय, जिला बंदोबस्त पदाधिकारी, प्रमोद कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अमरेंद्र कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व शाखा, बेबी कुमारी एवं जिले के सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अंचल अधिकारी, सभी राजस्व अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम के लिए बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम के लिए डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से की गई। बैठक में जिले के सभी अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास



बैठक करते डीसी

पदाधिकारी एवं थाना प्रभारियों ने वीडियो कन्फ्रेंस के माध्यम से भाग लिया। इस दौरान जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम को लेकर कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर डीसी ने सीओ एवं थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश दिया। बैठक में डीसी श्री जमुआर ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित शिकायत प्राप्ति पर मामले की त्वरित गहन जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। इस दौरान डीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को सतत निगरानी रखते हुए किसी भी शिकायत प्राप्ति पर कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही अवैध बालू ढुलाई की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, वन प्रमंडल पदाधिकारी गढ़वा उत्तरी, बिबिन बेन्नी अब्राहम, भूमि सुाार उप समाहर्ता गढ़वा रविश राज सिंह, भूमि सुधार उप समाहर्ता नगर उंटारी शीलवंत कुमार भट्ट समेत कई वरीय पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, नन्द देव बैठा, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश आदि उपस्थित थे।

# बसपा कार्यालय में पार्टी की समीक्षा बैठक संपन्न



अतिथि का स्वागत करते कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** बसपा कार्यालय में भवनाथपुर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें विधानसभा के तीन सौ से अधिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पर्यवेक्षक अरुण कुमार, पर्यवेक्षक रमेश राम, प्रदेश सचिव शिवकुमार विश्वकर्मा और प्रभारी पंकज चौबे उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर किया।

सम्मेलन में पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए गांव और टोला स्तर पर पार्टी को विस्तार करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए भवनाथपुर, खरौंधी और केतार प्रखंड को ए जोन में रखा गया। इसके अलावे नगर उंटारी, विशुनपुरा और रमना को बी जोन में तथा सगमा, धुरकी और दंडई प्रखंड को सी जोन में रखा गया। मौके पर भवनाथपुर विधानसभा प्रत्याशी पंकज चौबे ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य था आने वाले विधानसभा चुनाव में कैसे भवनाथपुर विधानसभा को जीत कर बहन मायावती के हाथों को मजबूत किया जाए। यहां के वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही एवं पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव युवाओं को छलने का काम किया है। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भवनाथपुर में पार्टी दूसरे स्थान पर रहता है, लेकिन इस बार के चुनाव में विधानसभा में बदलाव की बयार है, और जनता बसपा प्रत्याशी को तीसरा विकल्प के रूप में देख रही है। इसलिए कार्यकर्ताओं को जनता के आकांक्षाओं पर खरा उतरने और पार्टी प्रत्याशी के जीत के लिए क्षेत्र में कार्य करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रमोद राम ने तथा संचालन शिवशंकर राम ने किया। मौके पर पार्टी के विस अध्यक्ष अखिलेश राम, उपाध्यक्ष कमलेश ठाकुर, प्रभारी चंद्रिका राम, सुशील चौबे, नीरज चौबे, नथुनी राम, बसंत राम, सुनील गौतम, बुलाकी यादव, मुकेश कुमार, राकेश रवि, पंचम मेहता, उमेश यादव, श्रीनिवास राम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पूरे तंत्र पर अफसर शाही हावी : गिरिनाथ



जपसंपर्क करते गिरिनाथ सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह का परिवर्तन सह जनसम्पर्क यात्रा सफलता पूर्वक जारी है। इस दौरान गढ़वा प्रखण्ड के अंतर्गत पिपरा पंचायत के ग्राम-पिपरा के मदरसा, पंचायत भवन, हरिजन टोला, ग्राम-बाना, महुअरी बाना, साव टोला एवं करुआ काला के पंचायत ग्राम-मसुरिया काला मंदिर में पूर्व मंत्री ने जनसंपर्क किया।

मौके पर पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आज पूरे तंत्र पर अफसरशाही हावी हो गयी। जिस कारण हम लोगों की मदद नहीं कर पा रहे है। उन्होंने आगे कहा कि पंचायती राज ढकोसला है और हम सब यही ढकोसलागिरी का विरोध कर रहे है। यहां लोग अपने मनमानी ढंग से काम कर रहे इसे रोकना जरुरी है। मैं आपसे यही बोलने आया हूं कि लोकतंत्र में बहुत ताकत होती है। आपको अपना सही गलत खुद चुनना है। मैं यहां वोट मांगने नहीं आपका हाल चाल जानने आया हूं। कहा मैं वादे के साथ कहता हूं कि मैं इस विधानसभा क्षेत्र को आगे बढ़ाऊंगा और आपका साथ हर हाल में दूंगा। मौके पर मुख्य रूप से बाबुल सिंह, हाफिजुर खान, नसीमुद्दीन खान, सरवर खान, वहीद आलम खान, सकीना बीबी, मुखिया नाजिया खातून, शमशाद खान, सुरेश राम, मो. फारुख खान, मसूर खान, शाहबाज खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बाबा गणिनाथ महाराज की जयंती मनी, कई प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा सह मधेशिया वैश्य महासभा के तत्वावधान में शहर के टाउन हॉल में बाबा गणिनाथ महाराज की जयंती धूमधाम से मनायी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि कंचन कुमार साहू व अनीता दत उपस्थित थे।

कार्यक्रम में गढ़वा जिला के अलावे झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश व छत्तीसगढ़ के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान कुर्सी रेस, मेंहदी प्रतियोगिता, वैवाहिक परिचय, निबंध प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजन किया गया। बेहतर करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया




मंचासीन अतिथि

गया। साथ ही मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में बेहतरअंक लाने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर कंचन साहू ने कहा कि समाज के सभी लोगों को संगठित होने की आवश्यकता है। जब तक संगठित नहीं होंगे, समाज का विकास होना असंभव है। उन्होने कहा कि समाज के लोगों को शैक्षणिक, राजनैतिक के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में बेहतर करने की जरूरत है। समाज के लोगों को स्वतंत्र होकर व्यवसाय करने की जरूरत है।

किसी के दबाव ने किसी तरह का कार्य न किया जाए। उन्होने कहा कि समाज में दहेज प्रथा, शराब, नशाखोरी जैसी बुराईयां फैली हुई है। इसे दूर करने की जरूरत है। तभी समाज बेहतर कर सकता है। महिला जिलाध्यक्ष अंजली गुप्ता ने कहा कि आज काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए हैं। इससे साबित होता है कि समाज के लोग पूर्व की अपेक्षा वर्तमान समय में काफी जागरूक हुए हैं। डॉ अनिल साव ने कहा कि समाज के लोगों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज बेहतर नही कर सकता है। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र मधेशिया व आशीष गुप्ता ने किया। मौके पर समाज के डॉ. सुशील गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामदास साहू, पूजा समिति के अध्यक्ष टुन्नू गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, अनिल गुप्ता, अनिल हलवाई, विजय गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, मंटू मोशिया, राजेंद्र प्रसाद, सोनू मोशिया, अनिल बेदामी, अंतू गुप्ता, अविनाश मधेशिया, कश्यप समाज से फंटूश कश्यप, जायसवाल समाज से रविंद्र जायसवाल, तेली समाज से मनीष गुप्ता आदि मौजूद थे।

### केतार में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम

**केतार।** केतार प्रखंड के परती कुशवानी पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ब्लक प्रमुख चंद्रावती देवी और मुखिया मुनि देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना, राशनकार्ड, सावित्री बाई फुले, किशोरी समृद्धि योजना, गुरूजी क्रेडिट कार्ड, षि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, भूमि, अबुआ आवास, बाल विकास परियोजना, जेएसएलपीएस, मनरेगा, श्रम विभाग, आाार कार्ड सहित अन्य विभागों द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाकर ग्रामीणों से आवेदन लिया गया।

## खबर एक नजर में

### फारबिसगंज थाना में आयोजित जनता दरबार में भूमि विवाद मामलों पर हुई सुनवाई

**फारबिसगंज/अररिया।** फारबिसगंज थाना परिसर में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित आधा दर्जन से ज्यादा मामलों की सुनवाई की गई। इस मौके पर वादों को वादी व प्रतिवादी के बीच आपसी सुनवाई कर कई मामलों का निष्पादन किया गया जबकि अन्य मामलों को आगामी आयोजित होने वाले जनता दरबार में कागज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। मौके पर अंचल निरीक्षक देवेन्द्र पाठक ने बताया की आधा दर्जन मामलों की सुनवाई की गई है, कई मामले में दोनों पक्षों के कागजातों के अवलोकन करने व दोनों पक्षों के वादों को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद मौजूद अधिकारियों ने दोनों पक्षों को अगामी दिन आयोजित होने वाले जनता दरबार में कागजात के उपस्थित होने को कहा है।

### हथियार तस्करी मामले में 19 वर्षीय युवक गिरफ्तार, दो अन्य फरार

**कटिहार।** कटिहार की सहायक थाना पुलिस ने शनिवार को हथियार तस्करी के मामले में 19 वर्षीय युवक अनमोल कुमार राय को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे कोसी फुटबॉल ग्राउंड से गिरफ्तार किया, जहां वह हथियार तस्करी में संलिप्त था। पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए। अनमोल कुमार राय ने पूछताछ में बताया कि वह राजा झा और चिटू यादव के साथ मिलकर हथियार की बिक्री करने वाले थे। पुलिस ने दो अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। इस संदर्भ में सहायक थाना प्रभारी पंकज प्रताप ने बताया कि पुलिस गुप्त सूचना मिलने के बाद कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### सड़क सुरक्षा समिति और खनिज टॉस्क फोर्स की बैठक संपन्न

**कटिहार।** जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को जिला सभागार में सड़क सुरक्षा समिति और खनिज टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने सड़क सुरक्षा और खनिज प्रबंधन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में सड़क सुरक्षा के लिए ब्लैक स्पॉट को

## पेज एक का शेष

### रेलवे ब्रिज का...

वहीं दूसरे ओर आक्रोशित ग्रामीण और परिजनों ने घटनास्थल पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया।
ब्रिज निर्माण में कार्य कर रहे मजदूरों ने बताया कि ब्रिज के सरिया के सेफ्टी रड को कंपनी के इंजीनियर सौरभ के द्वारा कटवा दिया गया था। रड के कटते ही सरिया धराशाई हो गया। जिससे यह पूरा हादसा हुआ। लोगों ने कंपनी के विरुद्ध जमकर भड़ास निकाल है। कंपनी वैसे ही अपने मनमाने रवैया के कारण पहले से ही बदनाम रही है। सेफ्टी के अभाव में मजदूरों की मौत कंपनी के मनमानी और नाकामी दोनों दिखाता है। श्रमिकों ने मामले की जांच कर कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### झामुमो अब गुरुजी...

यह दुर्गति की तरफ जा रहा है। आदिवासी मूलवासी मारपीट के डर से गांव छोड़ने को मजबूर हैं। आज गाय बथान में क्या हो रहा,गोपीनाथ पुर में क्या हो रहा है। झामुमो को इसकी फिक्र नहीं। उसे सिर्फ तुष्टिकरण,वोट बैंक की चिंता है। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड बचाने की लड़ाई लड़ रही है। भाजपा ने झारखंड अलग राज्य दिया, अब बचायेगी भी और विकास भी वह करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ही आदिवासियों का मान-सम्मान करती है। राज्य की जनता भी यह समझ रही है। अब भाजपा के साथ मिलकर आदिवासियों के हक के लिए लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री पर विश्वास जताते हुए भाजपा में शामिल हुए हैं। इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा, भाजपा में लगातार शामिल होने का तांता लगा हुआ है। झारखंड की फिजा बदल रही है। परिवर्तन की बयार बह रही है। अन्य दलों के नेता वहां अपमानित हो रहे हैं। वहीं दलाल और बिचौलियेए सत्ता का सुख भोगते हुए मालामाल हो रहे हैं।

### हल्के व भारी वाहनों ...

भारी वाहनों में भी सीट बेल्ट अलार्म : बसों, ट्रेवलरों और मिनी बसों में सीट बेल्ट अनिवार्य होगी। हर सीट पर बेल्ट का होना जरूरी होगा, और इसके लिए सीट बेल्ट अलार्म सिस्टम को लागू किया जायेगा।
**सड़क इंजीनियरिंग में सुधार :** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क इंजीनियरिंग में सुधार किया जायेगा। इसके तहत, मौजूदा राजमार्गों की डिजाइन को ठीक किया जाएगा और नए राजमार्गों को मंजूरी देने से पहले उनकी कंप्यूटरीकृत इमेज की समीक्षा की जाएगी। मंत्री ने बताया कि सड़क निर्माण में पाई गई खामियों जैसे शार्प टर्न, स्पीड ब्रेकर और खराब निर्माण सामग्री को भी ठीक किया जाएगा।

### आयातित नेता बन...

जुलाई 2014 में उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। इस दौरान ही शारदा चिट फंड घोटाले में अगस्त 2014 में उनके गुवाहाटी स्थित घर पर सीबीआइ रेड हुआ। जनवरी 2015 में गुवाहाटी हाईकोर्ट ने चिटफंड केस की जांच सीबीआई को सौंप दी। कुछ ही महीने बाद उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर ली।
**मधु कोड़ा :** मंच पर मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा पहले ही बैक डोर से भाजपा में आ चुके हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले उनकी पत्नी गीता कोड़ा पार्टी में शामिल हुई हैं। तभी से कोड़ा भाजपा के मंच पर दिखने लगे। शनिवार उन्होंने विधिवत भाजपा की ग्रहण कर ली। हालांकि मधु कोड़ा ने अपना राजनीतिक सफर यहीं से शुरू किया था। टिकट नहीं मिलने पर बगावत कर वे निर्दलीय चुनाव लड़े। चुनाव जीत गये और देश के इतिहास में पहली बार निर्दलीय विधायक रहकर मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड बना दिया। कोड़ा भी बाहर से कांग्रेसी बने रहे। अब फिर भाजपा में आये हैं।
**अमर बाउरी :** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी दूसरी पार्टी से भाजपा में आाये हैं। 2014 का विधानसभा चुनाव उन्होंने जेवीएम से जीता था। जेवीएम से तात्कालीन सीएम रघुवर दास ने अमर बाउरी समेत छह नेताओं को जेवीएम से तोड़कर भाजपा में शामिल करा दिया। जेवीएम में रहकर अमर बाउरी भाजपा के खिलाफ खूब आग उगलते थे। भाजपा में आने के बाद उनका कद बढ़ता गये। मंत्री बने अब नेता प्रतिपक्ष हैं।
**चंपई सोरेन :** झामुमो में गुरुजी के बाद दूसरे वरिष्ठ नेता रहे चंपई सोरेन ने 40 साल तक झामुमो की सेवा की। अचनाकक सीएम हेमंत के जेल जाने पर वे सीएम भी बने। पर इस पद से हटने के बाद खुद को अपमानित महसूस कर चंपई ने झामुमो से नाता तोड़ लिया। अपने घर से 40 साल बाद हरे रंग को उतारकर पूरा घर भगवा रंग में रंग दिया है।
**सीता सोरेन :** झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू और पूर्व विधायक सीता सोरेन ने झामुमो से अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत की। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले उन्होंने झामुमो को छोड़ दिया और भाजपा में शामिल हो गयीं। अब झामुमो और हेमंत सोरेन को कोसती रहती हैं।
**लोबिन हेंब्रम :** लोबिन हेंब्रम झामुमो के पुराने लीडर रहे हैं। जल-जंगल-जमीन और आदिवासी हितों की बात करते रहे हैं। शनिवार को वे भाजपा में शामिल हो गये हैं। कभी वह सड़क से सदन तक हमेशा भाजपा की नीतियों का विरोध करते थे। अब उन्हें भाजपा की नीतियां अच्छी लगने लगी है। लोबिन ने भाजपा की विचारधारा पर चलकर उसे मजबूत करने का संकल्प ले लिया है।

# रेलवे सभी की सुखद यात्रा के लिए प्रतिबद्ध

## भारतीय रेलवे का नया चेहरा वंदे भारत एक्सप्रेस : मोदी

▸▸ प्रधानमंत्री ने तीन नयी वंदे ट्रेन को किया रवाना

एजेंसी

**नयी दिल्ली/ चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को कहा कि भारतीय रेल गरीबों और मध्यम वर्ग सहित सभी के लिए सुखद यात्रा की गारंटी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और वह अपनी मेहनत से दशकों पुरानी समस्याओं से निजात पाने में कामयाब हो रही है। श्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश में मेरठ-लखनऊ, तमिलनाडु में चेन्नई-नागरकोइल और तमिलनाडु के मदुरै-बेंगलुरु (कर्नाटक) तक तीन नयी वंदे भारत रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। मोदी ने इस अवसर पर चेन्नई, मदुरै और मेरठ के रेलवे स्टेशनों पर आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित




करते हुए कहा कि आज उत्तर से दक्षिण तक, देश की विकास यात्रा में एक और अध्याय जुड़ रहा है। प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वंदे भारत आधुनिक होती भारतीय रेलवे का नया चेहरा है। आज शहर में, हर रूट पर वंदे भारत की मांग है। हाई-स्पीड ट्रेनों से लोगों में व्यापार, रोजगार और सपनों को विस्तार देने का भरोसा जगता है। आज देशभर में 102 वंदे भारत रेलवे सेवाएं संचालित हो रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करते हुए अत्यधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस तीन मार्गों: मेरठ-लखनऊ; मदुरै-बेंगलुरु और चेन्नई-नागरकोइल पर कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी। ये वंदे भारत रेलगाड़ियां वर्तमान में तीव्र गति से चल रही गाड़ियों की तुलना में यात्रा समय को कम करेंगी। मेरठ सिटी-लखनऊ वंदे भारत से लगभग 1 घंटा, चेन्नई एग्मोर-नागरकोइल वंदे भारत से 2 घंटे और मदुरै-बेंगलुरु वंदे भारत से यात्रा समय में डेढ़ घंटे की बचत होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे भारत ट्रेनें जहां से भी संचालित होती हैं वहां पर्यटन में वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा मिला है और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण के राज्यों का तेज विकास बहुत जरूरी है। दक्षिण भारत में अपार प्रतिभा है, अपार संसाधन और अवसर हैं। तमिलनाडु और कर्नाटक समेत पूरे दक्षिण का विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। बीते 10 वर्षों में इन राज्यों में रेलवे की विकास यात्रा इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में हमने तमिलनाडु को 6 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा रेलवे बजट दिया है। ये बजट 2014 की तुलना में 7 गुना से अधिक है। इसी तरह कर्नाटक के लिए भी इस बार 7 हजार करोड़ से ज्यादा का बजट आवंटित हुआ है। ये बजट भी 2014 की तुलना में 9 गुना अधिक है। आज यह क्षेत्र विकास के नई क्रांति का साक्षी बन रहा है। उल्लेखनीय है कि ये नई वंदे भारत रेलगाड़ियां क्षेत्र के लोगों को तीव्रगति और सुविधा के साथ यात्रा करने के लिए विश्व स्तरीय सेवा प्रदान करेंगी और तीन राज्यों- उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक के लोगों की लंबी समय से चल रही मांग को पूरा करेंगी।

## स्पीड न्यूज

### रूस में 22 लोगों को लेकर जा रहा हेलीकॉप्टर लापता

**मॉस्को।** रूस का एमआई-8टी हेलीकॉप्टर शनिवार को उड़ान भरते ही लापता हो गया। हेलीकॉप्टर में तीन क्रू सदस्यों समेत 22 लोग सवार हैं। लापता हेलीकॉप्टर की तलाश चल रही है। हालांकि हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका जताई जा रही है। एमआई-8टी हेलीकॉप्टर ने रूस के पूर्वी इलाका स्थित कामाचाटका पेनिसुला के वचकाझेट्स बेस से उड़ान भरी। हेलीकॉप्टर में तीन क्रू सदस्यों समेत कुल 22 लोग सवार थे।

### यूक्रेन के वायु सेना कमांडर बर्खास्त

**कीव।** लड़ाकू विमान एफ-16 हादसे में राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने शुक्रवार को यूक्रेन के वायु सेना कमांडर मायकोला ओलेशचुक को बर्खास्त कर दिया। यह कार्रवाई रिपोर्ट सामने आने एक दिन बाद की गई। उल्लेखनीय है कि रूसी हमले को विफल करते समय सोमवार को यह विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उसके पायलट की मौत हो गई थी। जेलेंस्की ने में कहा कि मैंने वायु सेना के कमांडर को बदलने का फैसला किया है। उन्होंने बर्खास्तगी का कारण नहीं बताया।

### दिल्ली के नये मुख्य सचिव बने धर्मेंद्र

**नयी दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के अधिकारी धर्मेंद्र को दिल्ली का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को आदेश में कहा कि अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सचिव धर्मेंद्र को एक सितंबर से दिल्ली का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है।

### पांच वर्षों में 10 नये आयुष संस्थान खुलेंगे

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने अगले पांच वर्षों में 10 नये आयुष संस्थान खोले जाने की घोषणा करते हुए कहा है कि आयुर्वेद एवं योग को लेकर जन स्वीकार्यता और वैश्विक नजरिए में बड़ा बदलाव आया है। श्री जाधव ने शुक्रवार देर शाम अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का दौरा करने के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार परंपरागत चिकित्सा पद्धति को पुनः स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### रूस में यूक्रेन का हमला पांच की मौत, 37 घायल

**मॉस्को।** रूस के बेलगोरोड क्षेत्र पर यूक्रेनी सेना के हमले में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 37 अन्य घायल हो गए। यह जानाकारी क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने शुक्रवार शाम अपने टेलीग्राम चैनल पर दी। ग्लैडकोव ने कहा कि यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने बेलगोरोड शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों पर गोलाबारी करने के लिए वैम्पायर मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम से क्लस्टर बमों का उपयोग किया, जिससे महत्वपूर्ण क्षति हुई और लोग हताहत हुए। गवर्नर ने कहा कि एंबुलेंस के पहुंचने से पहले एक महिला और चार पुरुषों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

### जापान में तूफान से छह लोगों की मौत

**टोक्यो।** जापान में शक्तिशाली तूफान शानशान से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है, जबकि घायलों की संख्या 125 तक पहुंच गयी है तथा एक व्यक्ति लापता बताया गया है। जापान की सार्वजनिक मीडिया संस्था एनएचके ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। देश के आइची प्रांत में भूस्खलन के दौरान लापता हुए पांच लोगों में से तीन की मौत की पुष्टि हो गई है, जबकि दो अन्य घायल हो गए हैं। शिकोकू द्वीप के कामीता शहर में एक और व्यक्ति की मौत हो गई।
वर्तमान सीजन का 10वां शक्तिशाली तूफान शानशान 29 अगस्त को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग आठ क्यूशू द्वीप पर कागोशिमा प्रान्त के तट पर सत्सुमासेन्डाई शहर के पास पहुंचा।

# महत्वपूर्ण घटनाओं व सामाजिक परिवर्तन पर मंथन करेगा संघ

▸▸ केरल में तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय की बैठक शुरू
▸▸ सरसंघचालक डॉ भागवत, सरकार्यवाह होसबाले सहित सभी छह सह सरकार्यवाह बैठक में हुये शामिल

एजेंसी

**पालक्काड़(केरल)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक शनिवार को केरल के पालक्काड़ में आरंभ हुई जिसमें देश दुनिया के वर्तमान परिदृश्य, महत्वपूर्ण घटनाओं और सामाजिक परिवर्तन के विभिन्न पहलुओं पर विचार मंथन किया जाएगा। यह बैठक दो सितंबर तक चलेगी।
इस अखिल भारतीय समन्वय बैठक में आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित संघ के सभी छह सह सरकार्यवाह और अन्य अखिल भारतीय पदाधिकारी उपस्थित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि तीन दिवसीय यह अखिल भारतीय बैठक सामान्यतः वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है। बैठक के प्रारंभ में हाल ही में वायनाड में हुए भूस्खलन की जानकारी और




स्वयंसेवकों द्वारा किए गए सहायता एवं सेवा कार्यों की जानकारी सभी प्रतिनिधियों को दी गई।बैठक में विविध संगठन के कार्यकर्ता अपने कार्य की जानकारी तथा अनुभवों का निवेदन तथा आदान-प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय हित के विभिन्न विषयों के संदर्भ में वर्तमान परिदृश्य, हाल में हुई महत्वपूर्ण घटनाओं तथा सामाजिक परिवर्तन के अन्यान्य आयामों, योजनाओं के संदर्भ में बैठक में चर्चा होगी। सभी संगठन विविध विषयों पर परस्पर सहयोग तथा समन्वय को और अधिक बढ़ाने हेतु आवश्यक उपायों पर भी चर्चा करेंगे।

बैठक में राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका शान्तका, प्रमुख कार्यवाहिका सीता अन्नदानम, वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष ले. जनरल (से.नि.) वी. के. चतुर्वेदी, अ. भा. ग्राहक पंचायत के अध्यक्ष नारायण भाई शाह, विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार एवं महामंत्री बजरंग बागड़ा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री आशीष चौहान, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं महामंत्री संगठन बी एल संतोष, विद्या भारती के अध्यक्ष रामकृष्ण राव, भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष हिरणम्य पण्ड्या, आरोग्य भारती के अध्यक्ष डॉ. राकेश पंडित सहित 32 संघ प्रेरित विविध संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संगठन मंत्री एवं प्रमुख पदाधिकारी तथा सभी संगठनों की महिला प्रतिनिधि सहित लगभग 300 कार्यकर्ता शामिल हुए हैं।

# हरियाणा में अब पांच अक्टूबर को मतदान

## आठ को होगी काउंटिंग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर अब 01 अक्टूबर की बजाय 05 अक्टूबर को मतदान होगा। चुनाव आयोग ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। साथ ही अब हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में होने वाले मतदान के नतीजे 8 अक्टूबर को आयेंगे। पहले मतगणना 4 अक्टूबर को तय थी। चुनाव आयोग का कहना है कि उसे राष्ट्रीय राजनीतिक दलों, राज्य राजनीतिक दलों और अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा से इस संबंध में ज्ञापन प्राप्त हुए थे। बिश्नोई समाज का कहना है कि बड़ी संख्या में हरियाणा से लोग सदियों पुराने आसोज अमावस्या उत्सव में भाग लेने के लिए राजस्थान पहुंचेंगे। ऐसे में बड़ी संख्या में लोग मतदान नहीं कर पायेंगे और इससे हरियाणा में मतदान में भागीदारी भी कम होगी। चुनाव आयोग ने 16 अगस्त को जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों और हरियाणा में एक चरण में मतदान कार्यक्रम की घोषणा की थी। जम्मू-कश्मीर में तीसरे चरण और हरियाणा की सभी सीटों का मतदान कार्यक्रम एक समान था। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में मतदान की तारीख में बदलाव का अनुरोध किया था। पार्टी का कहना था कि एक साथ छुट्टियां होने के कारण कई लोग इस दौरान घूमने निकल जायेंगे और मतदान में भाग नहीं लेंगे। आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार मतदान कार्यक्रम में केवल हरियाणा के लिए मतदान की तारीख में बदलाव किया गया है। बाकी सभी तारीखें पहले जैसी रहेंगी। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में तीसरे चरण का मतदान भी पहले की ही तरह 01 अक्टूबर को होगा। मतदान की तारीख में बदलाव के चलते अब दोनों राज्यों के लिए मतगणना 8 अक्टूबर को होगी। हरियाणा की सभी 90 सीटों पर मतदान के लिए 5 सितंबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। 12 सितंबर तक नामांकन किया जा सकेगा। नामांकन की जांच 13 सितंबर और नाम वापसी 16 सितंबर तक होगी।

# विनय सोरेन बने विश्वभारती विवि के कार्यवाहक कुलपति

एजेंसी

**कोलकाता।** प्रोफेसर बिनय कुमार सोरेन को बीरभूम जिले के शांतिनिकेतन स्थित विश्वभारती विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति के रूप में नियुक्त किया गया है। यह पहली बार है जब विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर किसी आदिवासी समुदाय के व्यक्ति की नियुक्ति हुई है। विद्युत चक्रवर्ती के सेवानिवृत्त होने के बाद से यह तीसरी बार है जब कार्यवाहक कुलपति की नियुक्ति की गई है विश्वविद्यालय प्रशासन ने पल्ली शिक्षा भवन के प्राचार्य प्रोफेसर बिनय कुमार सोरेन को कार्यवाहक कुलपति बनाने की अधिसूचना जारी की है। इस संबंध में एक नोटिस विश्वभारती के कार्यवाहक सचिव अशोक महतो ने जारी किया है। गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर द्वारा स्थापित इस विश्वविद्यालय में आदिवासी समुदाय के किसी व्यक्ति का कुलपति बनना ऐतिहासिक निर्णय माना जा रहा है। विवि के एक वर्ग का कहना है कि गुरुदेव आदिवासी और संथाल जनजाति के उत्थान के प्रति विशेष रुचि रखते थे। उन्होंने बालिपारा और पियर्सनपल्ली जैसे आदिवासी गांवों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज उनके द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय में आदिवासी समुदाय के एक प्रोफेसर का कुलपति बनना वास्तव में एक ऐतिहासिक क्षण है। विद्युत चक्रवर्ती का कार्यकाल 08 नवंबर 2023 को समाप्त हुआ था। 2018 में विद्युत चक्रवर्ती को स्थायी कुलपति के रूप में नियुक्त किया गया था।

### राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा आठ सितंबर से

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आठ सितंबर से अमेरिका की तीन दिन की यात्रा पर रहेंगे, जहां वह टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्राओं और शिक्षाविदों के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से बातचीत करेंगे। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने बताया कि यात्रा के दौरान राहुल गांधी विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख लोगों के साथ ही डैलस क्षेत्र के राजनेताओं से भी विचार विमर्श करेंगे।

उन्होंने बताया कि गांधी 8 सितंबर को डलास, टेक्सास और 9 तथा 10 सितंबर को वाशिंगटन डीसी का दौरा करेंगे। इस दौरान वह प्रवासी भारतीयों, टेक्नोक्रेट, बिजनेस लीडर, छात्र, मीडिया बिरादरी और राजनीतिक नेताओं से भी मिलेंगे। पित्रोदा ने बताया कि टैक्सास विश्व विद्यालय में छात्रों से भी बातचीत करेंगे।

# राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए 50 शिक्षक हुये चयनित

**नयी दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इस वर्ष के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए 50 शिक्षकों का चयन किया है।

इसके अलावा, उच्च शिक्षा विभाग के 16 शिक्षकों और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के 16 शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। इन सभी 82 शिक्षकों को 5 सितंबर को विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार चयनित 50 शिक्षक 28 राज्यों, 3 केंद्र शासित प्रदेशों और 6 संगठनों से हैं। इनमें से 34 पुरुष, 16 महिलाएं, 2 दिव्यांग और 1 सीडब्ल्यूएसएन के साथ कार्यरत हैं। कठोर पारदर्शी और ऑनलाइन तीन-चरणीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को हर साल 5 सितंबर को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

### फिल्म बिन्नी एंड फैमिली का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन की आने वाली फिल्म बिन्नी एंड फैमिली' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म बिन्नी एंड फैमिली से अंजिनी धवन बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। ट्रेलर में अंजिनी के किरदार को पंकज कपूर की भूमिका से काफी अलग दिखाया गया है। ट्रेलर में तीन पीढ़ी की कहानी को बेहतरीन तरीके से पर्दे पर दिखाया गया है।

# जैव अर्थव्यवस्था के लिए बायो ई-3 नीति जारी

▸▸ 2030 तक 300 बिलियन डॉलर तक होगी जैव अर्थव्यवस्था : जितेंद्र सिंह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश में जैव अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए शनिवार को केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बायो ई-3 (अर्थव्यवस्था, रोजगार और पर्यावरण के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति को जारी किया। नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में बायो मैन्यूफैक्चरिंग के पहल पर एक वेबसाइट भी जारी की गयी। इस मौके पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. राजेश गोखले, नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके सारस्वत सहित कई अधिकारी मौजूद थे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि बायो ई-3 नीति को जारी करना दूरगामी प्रभाव वाला ऐतिहासिक कदम है। जैव अर्थव्यवस्था के नेतृत्व वाली क्रांति में यह नीति महत्वपूर्ण साबित होगी। विशेषकर पेट्रोलियम, स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में इसकी अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि यह नीति आत्मनिर्भर भारत के मार्ग को प्रशस्त करेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार में जैव अर्थव्यवस्था के क्षेत्र काफी प्रगति हुई है। साल 2014 में जैव अर्थव्यवस्था 10 बिलियन यूएस डॉलर की थी जो आज कई गुना बढ़कर 137 बिलियन डॉलर हो गई




है। 2030 तक यह 300 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी। उन्होंने पेट्रोलियम क्षेत्र पर इसके लाभ को बताते हुए कहा कि मौजूदा समय में हमारी ईंधन खपत का 86 प्रतिशत हिस्सा पेट्रोल से उत्सर्जित होता है। पूरा पेट्रोल दूसरे देशों से आता है। लेकिन हम अपनी निर्भरता जैव तकीनीकी की मदद से कम कर सकते हैं।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. राजेश गोखले ने कहा कि इस नीति का उद्देश्य स्वच्छ, हरित, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के लिए उच्च प्रदर्शन वाले जैव विनिर्माण को बढ़ावा देना है। यह नीति पूरी दुनिया के भविष्य के आर्थिक विकास के शुरूआती मार्गदर्शकों में से एक के रूप में भारत के लिए वैश्विक परिदृश्य में अग्रणी भूमिका सुनिश्चित करेगी।

शोक संदेश

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे अनुज भ्राता अखिलेश्वर कुमार ठाकुर जी का स्वर्गवास दिनांक 22.08.2024, दिन गुरूवार को हो गया है।

स्व. अखिलेश्वर कुमार ठाकुर

कार्यक्रम
दशकर्म : दिनांक 01.09.2024 (रविवार)
एकादशा : दिनांक 02.09.2024 (सोमवार)
श्राद्धकर्म एवं ब्रह्म भोज : दिनांक 03.09.2024 (मंगलवार) समय : दोपहर 4.00 बजे से, स्थान : 121, पंजाबी लाइन, ईस्ट प्लांट बस्ती, बर्मामाइंस, जमशेदपुर

शोक संतप्त
डा. राजीव ठाकुर, ज्ञान रंजन, त्रीभुवन ठाकुर, ओम प्रकाश ठाकुर, दीपक ठाकुर एवं समस्त ठाकुर परिवार

विनीत
तारकेश्वर प्रसाद ठाकुर (भाई)
संपर्क
7781973016, 9472785874

प्रतिष्ठान : बी.आर. सेवा सदन, आर. पी. ट्रर्मा केयर (बी.आर. फर्मा)

OXFORD PUBLIC SCHOOL
Old. H.B. Road, Pragati Path, Ranchi, Jharkhand, Ph. 7485096733
CBSE Affiliation No. 3430121

ADMISSION NOTICE

Admissions for the session 2025-26 are open for classes Pre-Nursery (3-4 yrs), Nursery (4-5 yrs), Prep (5-6 yrs), and Class-I (6-7 yrs). Forms can be obtained from the School Office Counter on all working days between 9:00 AM to 1:00 PM. Parents must carry Aadhar Card (if available) and Municipal Birth Certificate to procure the forms.
Note :-Age as on 31.03.2025
Principal

BUS FACILITY AVAILABLE | CONTACT : 7485096733
Website : www.oxfordpublicschool.net.in

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

महर्षि हरिराम शरण शास्त्री शैक्षणिक एवं सामाजिक न्यास
MAHARSHI HARIRAM SHARAN SHASTRI EDUCATIONAL & SOCIAL TRUST
12A, 80G, CSR, NITI AYOG, E-ANUDAN
We Run Educational Institute
SCIENCE 1999
Media& IT Courses
CIITM
A Leading IT & Media Institute
Chhotanagpur Institute of Information Technology & Management
AICTE APPROVED
: mhsstrust@gmail.com ; directorciitm9141@gmail.com : www.ciitm.in ; www.mhsstrust.org
हरि मंदिर रोड, हीरापुर, धनबाद। : 9431914887, 9905186177